दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्ण तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — अवैध धान के 2438 प्रकरण दर्ज....
4 अभिव्यक्ति — न्याय व्यवस्था में जरुरत नव क्रांति की...
9 मनोरंजन/व्यापार — बनारस की सड़कों पर घूमती रहीं जाह्नवी...
11 खेल — दृष्टिबाधित महिला राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट...

www.navpradesh.com
रायपुर, सोमवार 16 दिसम्बर, 2019, पौष कृष्ण पक्ष-चतुर्थी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-08 अंक-301 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

सखी सैंया तो खूब ही कमात है, महंगाई डायन खाए जात है... इस गाने को राष्ट्रीय गाना घोषित कर देना चाहिए। सुरसा के मुंह की तरह बढ़ती महंगाई ने आम आदमी का जीना मुहाल कर दिया है। जब प्याज जैसी चीज के दाम सातवे आसमान पर चढ़ गए है तो दूध और जीवन रक्षक दवाईया भला कैसे पीछे रह सकती है? केन्द्र सरकार ने 21 जीवन रक्षक दवाओं के दाम में 50 प्रतिशत की वृद्धि कर दी है। मतलब गरीब मरीज को बिना दूध और दवाई के दम तोड़ना पड़ेगा। सही है। उन बेचारों का जीना भी कोई जीना है लल्लू।

बदलेगा नागरिकता संशोधन कानून, शाह ने दिए संकेत

झारखंड में गृहमंत्री ने कहा- रचनात्क समाधान ढूंढने के लिए सोच सकते हैं

गिरिडीह/बाघमारा/देवघर(ए.)। नागरिकता संशोधन कानून पर मचे बवाल और इसको लेकर पूर्वोत्तर के कुछ सीएम की अपील के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसमें कुछ बदलाव के संकेत दिए हैं। झारखंड के गिरिडीह में चुनावी रैली के दौरान शाह ने कहा कि मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने मुझसे (कानून में) कुछ बदलाव करने को कहा है। मैंने उन्हें (संगमा) क्रिसमस के बाद मिलने के लिए कहा है। हम मेघालय के लिए रचनात्मक तरीके से समाधान ढूंढने के लिए सोच सकते हैं। किसी को डरने की जरूरत नहीं है। इससे पहले मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पूर्वोत्तर के लोगों को दिया ये आश्वासन

शाह ने पूर्वोत्तर के लोगों को आश्वासन दिया कि इस अधिनियम से उनकी संस्कृति, भाषा, सामाजिक पहचान और राजनीतिक अधिकार प्रभावित नहीं होंगे। गिरिडीह, बाघमारा और देवघर विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी जनसभाओं में अमित शाह ने शनिवार को कांग्रेस पर नागरिकता (संशोधन) कानून के खिलाफहिंसा भड़काने का आरोप भी लगाया।

दिल्ली में हिंसक हुआ कानून के विरोध में प्रदर्शन

नई दिल्ली ए.। नागरिकता संशोधन कानून के विरोध में दिल्ली में हो रहे प्रदर्शन ने रविवार को हिंसक रूप ले लिया। प्रदर्शनकारियों ने दक्षिण पूर्व दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में जमकर उत्पात मचाया। करीब दर्जनभर वाहनों को आग लगा दी। राजधानी में हुई हिंसा पर राजनीति तेज हो गई है। इस हिंसक प्रदर्शन में एक पुलिसकर्मी और दो दमकलकर्मियों के जख्मी होने की भी खबर है। पुलिस के मुताबिक जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी के अंदर से पत्थरबाजी हो रही थी। यहां पुलिस पहुंची तो प्रदर्शनकारियों के साथ जवानों की झड़प हो गई। हालांकि यूनिवर्सिटी के छात्रों ने बयान जारी कर प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा से खुद को अलग कर दिया। वहीं बिहार की राजधानी पटना में भी प्रदर्शनकारियों ने जमकर बवाल काटा है। ■ पेज 2 भी पढ़ें

खास खबर

11 कट्टों के साथ एक गिरफ्तार

कांकेर। पुलिस और बीएसएफ के 121वीं बटालियन ने सर्च अभियान में एक शख्स को 11 कट्टों (देशी बंदूक) के साथ गिरफ्तार किया है। सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा के बेटियां थाना क्षेत्र के छोटेबेढिया के जंगल से यह गिरफ्तारी की है। आरोपी का नाम पेका मुंशी कवाची है। आरोपी से पूछताछ करने पर जंगल में सर्च करने पर 11 कट्टा के अलावा बैटरी, वायर और एक वर्दी भी बरामद की गई है। बताया जा रहा है की अरोपी कवाची तोड़ गट्टा का निवासी है। पुलिस के अनुविभागीय अधिकारी मयंक तिवारी ने यह जानकारी दी है।

21 मई अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस घोषित

नई दिल्ली(ए)। भारत के प्रस्ताव पर मुहर लगाते हुए संयुक्त राष्ट्र ने 21 मई को अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस घोषित किया है। इससे पहले भारत की पहल पर ही संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था। भारत की ओर से 4 साल पहले यह प्रस्ताव पेश किया था।

100 भाषाएं बोलने वाला रोबोट बना

तेहरान (ए.)। ईरान के तेहरान विश्वविद्यालय ने एक ऐसा रोबोट बनाया है जो 100 विभिन्न भाषाओं को समझ, बोल और अनुवाद कर सकता है। इतना ही नहीं, यह चेहरों को पहचान सकता है और फुटबॉल को किक भी मार सकता है। आईआरआईबी टीवी रिपोर्ट के अनुसार विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग ने चार साल में इस रोबोट को बनाकर तैयार किया है। इसका नाम 'सुरेना' रखा गया है।

सावरकर पर मचा संग्राम

चौतरफा घिरे पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी

कहा था- मैं राहुल सावरकर नहीं, जो माफी मांगू

भाजपा के साथ 'मित्र दल' शिवसेना भी आक्रामक

नवप्रदेश संवाददाता

मुंबई/नई दिल्ली। वीर सावरकर को लेकर दिए बयान पर कांग्रेस व इसके पूर्व अध्यक्ष अब चौतरफा घिर गए हैं। वहीं बयान को लेकर महाराष्ट्र की सियासत भी गरमाने लग गई है। कांग्रेस की धुर विरोधी भाजपा के साथ ही महाराष्ट्र में उसके नए मित्र दल शिवसेना ने भी उस (कांग्रेस) पर हमला करना शुरू कर दिया। शिवसेना ने राहुल गांधी द्वारा कसे गए तंज 'मेरा नाम राहुल सावरकर नहीं है' पर तीखी प्रतिक्रिया दी। पार्टी ने कहा कि हिंदुत्व विचारक के प्रति श्रद्धा को लेकर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। संजय राऊत ने ट्वीट कर कहा कि वीर सावरकर न केवल महाराष्ट्र बल्कि देश के भी देवता हैं। नेहरू और गांधी की तरह सावरकर ने स्वतंत्रता के लिए अपना बलिदान दिया है। राऊत ने कांग्रेस नेताओं को सावरकर के बारे में अध्ययन तक की सलाह दे डाली। खबर ये भी है कि शिवसेना अध्यक्ष व महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस आलाकमान से बात कर महाराष्ट्र में गठबंधन सरकार की बेहतरी के लिए उन्हें ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मुंबई में राहुल गांधी के विरोध में प्रदर्शन करते सावरकर समर्थक

सावरकर के पोते रंजीत ने की राहुल गांधी पर कार्रवाई की मांग

वहीं वीर सावरकर के पोते रंजीत सावरकर ने केंद्र से राहुल गांधी के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने राहुल पर मानहानि का मुकदमा दायर करने की भी बात कही है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि जिस कालकोठरी में सावरकर को रखा गया था वहां राहुल गांधी 12 वर्ष तो क्या 12 घंटे भी नहीं बिता सकते। नाम के साथ गांधी लगा लेने से कोई गांधी नहीं बन जाता। इसके लिए त्याग करना पड़ता है।

कांग्रेस नेता का बयान, जिस पर बरपा हंगामा

संसद में राहुल गांधी के 'रेप इन इंडिया' वाले बयान पर भाजपा लगातार उनसे से माफी की मांग कर रही थी। इसीको लेकर शनिवार को राहुल गांधी ने कांग्रेस की भारत बचाओ रैली में कहा कि उनका नाम राहुल सावरकर नहीं है, वह कभी माफी नहीं मांगेंगे। राहुल गांधी ने यह भी कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनके असिस्टेंट अमित शाह को देश से माफी मांगनी चाहिए।

महाराष्ट्र में अटकलों का दौर भी शुरू

सावरकर को लेकर दिए राहुल गांधी के बयान पर शिवसेना ने आपत्ति जताई है। इसके बाद से सूबे की सरकार की संभावना को लेकर तमाम तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा जोर पकड़ने लगी है कि ■ शेष पृष्ठ 8 पर

भाजपा के निशाने पर शिवसेना

सावरकर के सम्मान में हमेशा अपनी आवाज बुलंद करने वाली शिवसेना आज सत्ता के लालच में कैसे-कैसे लोगों का साथ दे रही है। मेरे सामने सवाल है कि राहुल गांधी के बयान पर शिवसेना की प्रतिक्रिया इतनी नर्म क्यों है?

देवेंद्र फडणवीस, भाजपा नेता व पूर्व सीएम, महाराष्ट्र

मायावती ने कांग्रेस को घेरा

शिवसेना अपने मूल एजेंडे पर अभी भी कायम है। इन्होंने नागरिकता संशोधन बिल पर केन्द्र सरकार का साथ दिया और अब सावरकर को लेकर भी इन्हें कांग्रेस का रवैया बर्दाश्त नहीं है। फिर भी कांग्रेस महाराष्ट्र सरकार में शिवसेना के साथ बनी हुई है। यह सब कांग्रेस का दोहरा चरित्र नहीं है तो और क्या है?'

मायावती, बसपा प्रमुख

बस में 65 किलो गांजा छिपाकर ला रहे थे रायपुर, तीन गिरफ्तार

ड्रायवर, कंडेक्टर व हेल्पर ही निकले तस्कर

नवप्रदेश संवाददाता

कोंडागांव। सिटी कोतवाली पुलिस ने एक यात्री बस से 65 किलो गांजा बरामद कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी इस गांजे की तस्करी कर इसे जगदलपुर से रायपुर ले जा रहे थे। सिटी कोतवाली पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की। पुलिस को सूचना मिली थी कि बस (क्र. सीजी 19 एफ 0199) का ड्राइवर, कन्डेक्टर, और हेल्पर इसमें गांजा छिपाकर रायपुर ले जा रहे हैं। इस गांजे को तीनों मलकानगिरी जगदलपुर से ला रहे थे।

इनकी हुई गिरफ्तारी

गांजे की तस्करी कर इस रायपुर ले जा रहे ड्रायवर का नाम प्रताप नायर (37) पिता लक्ष्मी नारायण है। वह कांकेर का रहने वाला है। जबकि आरोपी कंडेक्टर ने अपना नाम इस्माइल खान (62) पिता उमरदराज खान, निवासी सुपेला भिलाई बताया। जबकि हेल्पर ने अपना नाम बुध सिंह जैस्वाल (40) पिता लक्ष्मण जैसवाल, निवासी नईगढ़ी रीवा (मप्र) बताया।

इस सूचना के आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहन की तलाशी ली। पुलिस को गांजा खोजने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। यात्रियों को उनके सामान के साथ उतारना पड़ा तब जाकर दरवाजे की पीछे छिपा रखा बरामद हो सका। तीनों ने इस गांजे को 18 प्लास्टिक के पैकेट में पैक कर रखा था।

पैन को आधार से 31 तक जोड़ना अनिवार्य

नई दिल्ली/नवप्रदेश। स्थायी खाता संख्या (पैन) को आगामी 31 दिसंबर तक आधार से अनिवार्य रूप से जोड़ना होगा। आयकर विभाग ने रविवार को इस बारे में सार्वजनिक सूचना जारी की है। विभाग ने कहा है कि आयकर सेवाओं का लाभ लेने के लिए पैन को आधार से जोड़ने का काम 31 दिसंबर, 2019 तक पूरा कर लें। जारी सूचना में कहा गया है कि पैन को आधार से जोड़ना अनिवार्य है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने सितंबर के आदेश में समय-सीमा बढ़ाकर 31 दिसंबर की थी।

'नागरिकता साबित करने वोटर आईडी और पासपोर्ट पर्याप्त'

मुंबई (ए.)। वोटर आईडी और पासपोर्ट नागरिकता के लिए पर्याप्त सबूत हैं। मुंबई के एक मैजिस्ट्रेट कोर्ट ने यह कहते हुए पिता और पुत्र को बांग्लादेश से अवैध रूप से देश में दाखिल होने के आरोपों से बरी कर दिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि बांग्लादेशी घुसपैठिए मुंबई के शिवाजी नगर में रह रहे हैं, जिसके बाद मोहम्मद मुल्ला (57) और सैफुल को वर्ष 2017 में गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिसकर्मियों का कहना था कि वो बांग्लादेश की स्थानीय भाषा में बात कर रहे थे और वो भारतीय होने का पर्याप्त सबूत भी नहीं दे पाए थे। हालांकि, दोनों ने कोर्ट में अपने भारतीय पासपोर्ट और मतदाता पहचान पत्र पेश कर दिए।

ये कहा कोर्ट ने :

कोर्ट ने कहा, 'मेरे मुताबिक, सैफुल की राष्ट्रीयता प्रमाणित करने के लिए पासपोर्ट एक पर्याप्त दस्तावेज है। इसी तरह, वोटर कार्ड या इलेक्शन कार्ड को भी वोटर के पक्ष में इस बात के लिए पेश किया जा सकता था कि वह भारत का ■ शेष पृष्ठ 8 पर

आजादी की लड़ाई के साथ छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण में समाज के पुरखों और विभूतियों की महत्वपूर्ण भूमिका

सीएम भूपेश चरौदा में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के अधिवेशन में हुए शामिल

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार को रायपुर जिले के ग्राम चरौदा में आयोजित छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि इस समाज के पुरखों और विभूतियों ने केवल आजादी की लड़ाई ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने शिक्षा, सहकारिता, कृषि के साथ-साथ समाज सुधार जैसे उल्लेखनीय क्षेत्रों में भी अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। यह एक प्रगतिशील समाज है और ऐसे समाज में जन्म लेना और सदस्य बनना गौरव की बात है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नेपाल में बस दुर्घटना में 14 लोगों की मौत

काठमांडू (वार्ता)। नेपाल के सिंधुपालचौक जिले में रविवार को एक बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई तथा 16 अन्य घायल हो गए। जिला पुलिस कार्यालय के प्रवक्ता गणेश खनाल ने बताया, बारह यात्रियों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई ।

चढ़ा सियासी पारा — निकाय चुनाव की नूराकुश्ती में छोटे तो दिग्गजों के बीच सीएबी को लेकर जुबानी जंग

राहुल पर डॉ.रमन का तंज तो भूपेश-बृजमोहन में व्यंग्य वार

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। सियासी हलकों में अब कदवार संवाद की नई परिपाटी शुरु हो गई है। एक वक्त था जब पार्टी का नया-नवेड़ा कोई प्रवक्ता विरोधी पार्टी के कद्दावर नेताओ पर टिप्पणी करता था। सूबे में सियासी बदलाव के बाद अब सियासी बयानों का अंदाज भी जरा सुधरा है। यूं कहें तो..शायद विरोधी पार्टी के मित्रों से सुमधुर संवाद में प्रतिरोध करने का अंदाज पहली दफा नजर आया। राष्ट्रीय राजनीति पर पीएम मोदी की कार्यशैली को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का अपने मित्र बृजमोहन अग्रवाल को काव्यात्मक शैली में जवाब दिया गया। यह सोशल मीडिया में काफी ट्रेंड कर रहा है तो दो सियासी वीरों का अंदाज देखकर युवा कविवीर कुमार विश्वास ने भी मजेदार टिप्पणी की। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने वीर सावरकर पर राहुल गांधी व्दारा कांग्रेस की रैली में बोले गए शब्दों पर बाकायदा पत्रकारवार्ता लेकर पलटवार किया है।

किस बंदर के हाथ में उस्तरा...लोग ज्यादा बेहतर समझ रहे-रमन सिंह

बोले वीर सावरकर को लेकर राहुल की जानकारी अधूरी

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के उस बयान पर तंज किया है जिसमें कि उन्होने दिल्ली में सीएम भूपेश बघेल ने बंदर के हाथ में उस्तरा देने की बात कही थी। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने कहा किस बंदर के हाथ में उस्तरा.. देश के लोग ज़्यादा बेहतर समझते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमन सिंह ने सावरकर के विषय पर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

देश को बांटने का प्रयास न हो, मोदी कर रहे राष्ट्रनिर्माण

राष्ट्रहित पर पूर्व मंत्री बृजमोहन का काव्यात्मक ट्वीट

एनआरसी बिल और सीएबी का कानून देश में लागू होने के बाद मचे उत्पात पर हर सियासी दल बोल रहा है। खासकर कांग्रेस पार्टी इसे दिल्ली से लेकर राजधानी रायपुर तक हमलावर है। ऐसे में तीखे बयानों के बीच पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत सभी कांग्रेसियों के लिए काव्यात्मक अंदाज में ट्वीट किया है। जिसमें ■ शेष पृष्ठ 8 पर

देश के लिए कौन मरा, यह ज्ञान हमे न दो: सीएम भूपेश

सीएम भूपेश का अंदाज भी मित्र वाले संबोधन से शुरु हुआ

सीएम भूपेश बघेल ने भी काव्यात्मक शैली में मित्र संबोधन के साथ जवाब दे दिया। देश के लिए कौन मरा, यह ज्ञान आप हमें न दो, आपके पूर्वजों ने क्या किया, स्वयं यह संज्ञान लो, माफी मांगकर वीर कहलाना कायरों को भाता है, देश के लिए जान देने वाला राष्ट्रभक्त कहलाता है, 70 सालों तक खून से सींचा, आगे भी सींचते जाएंगे, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बक्सर का खास धागा, मनीला रोप से 'जे-34' की कहानी तक का हाल

- बक्सर जेल के सुपरिटेंडेंट विजय कुमार अरोड़ा कहते हैं, पहले मनीला से आता था फंसी बनाने का धागा
- विजय कुमार अरोड़ा 3 मार्च 2017 से बक्सर जेल में जेल सुपरिटेंडेंट का कार्यभार संभाल रहे हैं

बक्सर(ए.)। निर्भया केस को लेकर दोषियों के सभी कानूनी रास्ते लगभग बंद हो गए हैं। इस बीच ख़बर बिहार की बक्सर जेल से आई कि वहां पर फांसी के 10 फंदे तैयार किए जा रहे हैं। फांसी के फंदों को लेकर कई अहम बातें हैं। इसमें से एक तो यह भी है कि इन पर पका हुआ केला रगड़ा जाता है ताकि रस्सी नरम हो जाए। आपको बता दें कि यह लगभग आखिरी प्रक्रिया है। असल में अपराधियों को सजा के लिए किस तरह से फांसी का फंदा तैयार किया जाता है, यह बात जानने के लिए एनबीटी ऑनलाइन ने बक्सर जेल के सुपरिटेंडेंट विजय कुमार अरोड़ा से बात की।

सबसे पहले तो यह बता दें कि बक्सर जेल गंगा नदी के किनारे बनी हुई है। कई वर्षों पहले गंगा के पानी का इस्तेमाल भी फांसी के फंदे को बनाने के लिए किया जाता था। जेल सुपरिटेंडेंट विजय कुमार अरोड़ा 3 मार्च 2017 से

बक्सर जेल में ही कार्यभार संभाल रहे हैं। वह कहते हैं, 'ये फंदे जेल के कैदियों द्वारा ही बनाए जाते हैं, जो कैदी फांसी का फंदा बनाने के काम में कभी न कभी शामिल रहे हैं, वही फंदे बनाते हैं। एक फांसी का फंदा तकरीबन दो से तीन दिनों में बनता है।

'जे-74 से तैयार होता है फांसी का फंदा'

विजय कुमार अरोड़ा कहते हैं, 'फांसी के फंदे को जे-34 नंबर के धागे से बनाया जाता है। कोई भी कपड़ा बनता है तो हर एक सूत का अपना एक नंबर होता है। इसी तरह से जे-34 धागे का इस्तेमाल फांसी का फंदा बनाने के लिए किया जाता है। एक हैंगिंग रोप में 72 धागे होते हैं। दरअसल, हम यह सोचकर चलते हैं कि इनमें से यदि एक या दो धागे टूट भी गए तो कोई फर्क नहीं पड़ेगा।'

'पहले मनीला रोप कहा जाता था लेकिन...'

अधिकारी का कहना है, 'हमें यह बात कतई स्पष्ट नहीं होती कि किसे इन फंदों से फांसी दी जानी है। हमें तो बस निर्देश दिया जाता है कि इतनी संख्या में फांसी के फंदे तैयार कराने हैं।' सुपरिटेंडेंट कहते हैं, 'पहले तो इसे मनीला रोप कहा जाता था। दरअसल, ब्रिटिश शासन काल में मनीला (फिलीपींस) से इसका धागा मंगाया जाता था। इस वजह से इसे मनीला रोप नाम दिया गया था। अब हमारे यहां जो भी रस्सी बनी, वह यहीं के धागे से बनाई गई। हमारे गवर्नमेंट सप्लायर हैं, उन्हीं के द्वारा धागा मुहैया कराया जाता है।'

खास मशीन के जरिए बनाई जाती है यह रस्सी

जेल सुपरिटेंडेंट कहते हैं, 'हमारे यहां फांसी का फंदा बनाने की प्रक्रिया में एक मशीन है। एक फ्रेम, जो कि बोर्डनुमा है उसमें 154 की रील चढ़ाते हैं। एक थ्रेड डबल धागों का बना हुआ है यानी यह अपने आप 308 हो गया। 154 की एक लट में धागों की संख्या 308 है। इस तरह की 6 लटें होती हैं। इन 6 लटों में 1800 धागे होते हैं। इन लटों को चाक के जरिए घुमाया जाता है। काफी दूरी पर खड़े कुछ कैदी इसे लोहे की रॉड पर लगे पीतल के एक बुश में इसे फंसा देते हैं।

जूता चुराई पर भड़का दूल्हा, महिलाओं को कहे अपशब्द, दुलहन ने तोड़ी शादी

मुजफ्फरनगर। शादी के दौरान जूता चुराई एक ऐसी रस्म होती है, जिसका दुलहन की बहनों को बेसब्री से इंतजार रहता है, लेकिन उत्तर

प्रदेश के मुजफ्फरनगर में इस रिवाज के दौरान कुछ ऐसा हुआ कि शादी ही टूट गई। आरोप है कि दूल्हे ने लड़की की तरफ की कुछ महिलाओं को अपशब्द कहे, इसके बाद बारात को सिसौली से दिल्ली वापस लौटना पड़ा। यह घटना भोराकलां पुलिस थाने की है। यहां हो रही एक शादी में जूता चुराई की रस्म चल रही थी। दुलहन की तरफकी लड़कियों ने जूता चुराया और इसे वापस करने के एवज में पैसों की मांग की। 22 साल का दूल्हा इस पर राजी नहीं हुआ और उसने गाली-गलौच शुरू कर दी। जब दुलहन को इस बारे में पता चला तो उसने फौरन शादी तोड़ दी। यही नहीं दहेज में लिए गए 10 लाख रुपये वापस करने की बात मानने के बाद ही बारात को लौटने की इजाजत मिल पाई। सूत्रों के मुताबिक जब लड़की के परिजनों ने दूल्हे को समझाने की कोशिश की तो वह भड़क उठा। दूल्हे ने अपशब्द कहते हुए एक शख्स को थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद दुलहन के परिजनों और मित्रों ने शादी को तोड़ने का फैसला किया। सिर्फ दूल्हे, उसके पिता और दो रिश्तेदारों को छोड़कर पूरी बारात को लौटा दिया गया। परिजनों ने दूल्हे समेत इन लोगों को बंधक बना लिया।

2 लाख रुपये सैलरी थी, आर्थिक तंगी में खत्म हो गया पूरा परिवार

नोएडा। 31 साल का युवक निजी कंपनी में जनरल मैनेजर। 2 लाख रुपये महीने की सैलरी। 7 साल पहले लव मैरिज की थी। परिवार में 5 साल की बेटी और पत्नी। लेकिन, आर्थिक तंगी से यह परिवार खत्म हो गया। शहर की पॉश सोसायटी सेक्टर 128 की जेपी पविलियन में रहते थे। पति ने शुक्रवार को वायलेट लाइन पर जवाहर लाल नेहरू मेट्रो स्टेशन पर ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। पत्नी ने अस्पताल में शव देखा और घर पहुंची। 5 साल की बेटी को फंदे पर लटकाया, फिर खुद भी फांसी लगा ली। पुलिस के अनुसार, युवक की मौत की वजह आर्थिक तंगी है हालांकि पुलिस दूसरे ऐंगल पर भी घटनाक्रम की जांच कर रही है। मूलरूप से चेन्नै के रहने वाले भरत जे. पत्नी शिवरंजनी (31 साल) और बेटी जयश्रीता (5 साल) के साथ काठमांडू में रहते थे। वहां बिग मार्ट मॉल में जनरल मैनेजर थे। 2 महीने पहले ही वह नोएडा आए थे। भरत दिल्ली में गोविंदपुरी में गोल्डन टिप्स चाय कंपनी में जनरल मैनेजर थे। भरत के साथ ही उनका भाई कार्तिक भी रहता है। 2 महीने बाद ही उसे इंग्लैंड जाना है। अभी वह दिल्ली के साकेत स्थित किसी संस्थान में कोचिंग ले रहा है। कार्तिक के अनुसार, गुरुवार को सभी एक साथ खाना खाकर सोए थे। भरत ने शुक्रवार सुबह कोचिंग जाने के लिए कार्तिक को ओखला बर्ड सैंच्युरी मेट्रो स्टेशन के पास कार से छोड़ा था। इसके बाद घर लौटकर ऑफिस के लिए निकले थे।

सीतापुर : पशु तस्करों ने पुलिस पर की फायरिंग, वाहन भी क्षतिग्रस्त

हरगांव सीतापुर। सीतापुर जिले में पशु तस्करों में अब पुलिस का खौफ नहीं रहा। भैंस चुराने की सूचना मिलने पर हरगांव पुलिस ने पीछा किया तो चौपहिया वाहन सवार बदमाशों ने अधाधुंध गोलियां चला दीं। वाहन का पीछा कर रहे पीआरबी वाहन को भी नहीं छोड़ा। पुलिस के वाहन को टक्कर मारकर मवेशी तस्कर अपने वाहन से लखीमपुर खीरी की ओर भाग निकले। काफी दूर तक किया गया पीछा भी पुलिस को सफलता नहीं दिला सका। हरगांव और लहरपुर थानाक्षेत्र में पुलिस ने अभियोग दर्ज कर लिया है। सीओ सदर का कहना है कि कुछ संदिग्धों से पूछताछ हो रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

नागरिकता कानून: हिंसक प्रदर्शन के बाद प. बंगाल के पांच जिलों में इंटरनेट सेवा बंद

कोलकाता(ए.)। पश्चिम बंगाल में नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ हिंसक प्रदर्शनों के मद्देनजर पांच जिलों में इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गयी हैं। इस संबंध में एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सरकार ने खासकर सोशल मीडिया पर अफवाहों और फर्जी खबरों पर रोक लगाने के लिए यह फैसला लिया गया है।

जहां इंटरनेट सेवाएं निलंबित की गई है उसमें मालदा, मुर्शिदाबाद, हावड़ा, उत्तरी 24 परगना में और दक्षिणी 24 परगना के कई हिस्सों में इंटनेट सेवाएं अस्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया है। अधिकारी ने कहा, ''बार-बार अनुरोध करने के बावजूद कुछ सांप्रदायकि शक्तियां हिंसक प्रदर्शन कर रही हैं। स्थिति के मद्देनजर प्रशासन ने राज्य के पांच जिलों में इंटरनेट सेवाएं अस्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया है।

बता दें कि पश्चिम बंगाल के कई हिस्सों में हिंसक प्रदर्शन हुए। हावड़ा-मुर्शिदाबाद में प्रदर्शनकारियों ने बसें, स्टेशन, दुकानें और टोल प्लाजा फूंक दी। मुर्शिदाबाद जिले के कृष्णपुर स्टेशन पर भीड़ ने पांच खाली ट्रेनों को आग के हवाले कर दिया। लालगोला स्टेशन पर रेल पटरियों पर तोड़फोड़ की गई। जिले के सुती में, प्रदर्शनकारियों ने तीन सरकारी बसों में तोड़-फोड़ की और यात्रियों को जबरन बस से उतारकर एक बस को आग लगा दी।

पुलिस ने बताया कि सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने मुंबई और दिल्ली रोड को कोलकाता से जोड़ने वाले कोना एक्सप्रेसवे को जाम कर दिया और करीब 25 सार्वजनिक एवं निजी बसें फूंक दीं। मालदा और मुर्शिदाबाद में भी कई बसों को आग के हवाले कर दिया। मुर्शिदाबाद जिले में कुछ इलाकों में हालात अनियंत्रित होता देख पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा।

गुवाहाटी हिंसा में दो और घायलों ने तोड़ा दम, मरने वालों की संख्या हुई चार

गुवाहाटी(ए.)। संशोधित नागरिकता कानून को लेकर गुवाहाटी में जारी विरोध प्रदर्शन के बीच गोलीबारी में घायल हुए दो और व्यक्तियों की मौत हो गई है। एक अधिकारी ने बताया कि इसी के साथ पुलिस गोलीबारी में मरने वाली की संख्या बढ़कर चार हो गई है। बता दें कि असम में सोशल मीडिया के दुरुपयोग को रोकने के लिए 16 दिसंबर तक इंटरनेट सेवाएं ठप कर दी गई हैं।

डिब्रूगढ़ के डिप्टी कमिश्नर पल्लव गोपाल झा ने कहा कि असम के डिब्रूगढ़ में रविवार सुबह 7 से शाम 4 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी गई। बता दें कि नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी असम की सड़कों पर उतरे। प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ झड़प हुई और इससे राज्य में अराजकता की स्थिति पैदा हो गई। गुवाहाटी में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गोले का भी प्रयोग किया। इस विधेयक के खिलाफ प्रदर्शनकारियों के हिंसा पर उतर जाने के बाद बुधवार को सेना बुलाई गई थी।

विरोध में फिर सड़क पर जामिया स्टूडेंट्स, मथुरा रोड किया ब्लॉक

- शुक्रवार को जामिया स्टूडेंट्स और दिल्ली पुलिस के बीच हिंसक झड़प हुई थी

नई दिल्ली(ए.)। राजधानी दिल्ली में नागरिकता कानून के खिलाफ प्रदर्शन रविवार को भी जारी रहा। बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों ने जामियानगर से ओखला की तरफ मार्च निकाला। वे कालिंदी कुंज रोड पर जमा हुए हैं जिनमें जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स भी शामिल हैं।

हाथों में तिरंगा और प्लेकार्ड लिए प्रदर्शनकारी नए नागरिकता कानून के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं और इसे वापस लेने की मांग कर रहे हैं। इस प्रदर्शन के कारण सड़क यातायात प्रभावित हुआ है। उन्होंने न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी के सामने मथुरा रोड के दोनों कैरेजवे

को बाधित कर दिया है।

उधर, अहतियातन कदम उठाते हुए ट्रैफिक पुलिस ने ओखला अंडरपास से सरिता विहार जाने वाले मार्ग पर यातायात रोक दिया है। लोगों से अपील की गई है कि वे इस रास्ते न गुजरें।

बता दें कि नए नागरिकता कानून के अस्तित्व में आने के बाद से ही विरोध-प्रदर्शनों का दौर जारी है। प्रदर्शन का व्यापक असर पूर्वोत्तर के राज्यों और पश्चिम बंगाल में देखने को मिल रहा है। असम और पश्चिम बंगाल के कुछ इलाके में इंटरनेट सेवाएं बंद की गई हैं। दोनों राज्यों में हिंसक प्रदर्शन देखने को मिले हैं।

नागरिकता कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी बीजेपी की सहयोगी असम गण परिषद

नई दिल्ली(ए.)। नागरिकता कानून पर देश भर के कई हिस्सों में हो रहे प्रदर्शन के बीच बीजेपी के लिए अच्छी खबर नहीं है। असम में भारतीय जनता पार्टी की अगुवाई वाली सरकार में सहयोगी असम गण परिषद ने नागरिकता कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने का फैसला लिया है। पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि सत्तारूढ़ भाजपा की सहयोगी असम गण परिषद (एजीपी) संशोधित नागरिकता कानून को रद्द करने के लिए उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर करेगा। बता दें कि असम समेत पूर्वोत्तर राज्यों में नागरिकता संशोधन कानून का विरोध हो रहा है।

पार्टी के नेता दीपक दास ने कहा कि एजीपी आम आदमी की भावनाओं का सम्मान करती है जिन्हें चिंता है कि कानून से उनके अस्तित्व और पहचान को संकट पैदा हो जाएगा। राज्यसभा के पूर्व सदस्य दास ने 'पीटीआई से कहा, ''संशोधित कानून को वापस लेने के लिए हम कानूनी रास्ता अपनाएंगे क्योंकि असम के मूल निवासियों को चिंता है कि उनकी पहचान, भाषा को खतरा पैदा हो सकता है। सूत्रों ने कहा कि उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर करने के लिए दास के नेतृत्व में एजीपी का एक प्रतिनिधिमंडल शाम में दिल्ली रवाना होगा।

बता दें कि इससे पहले असम के मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने एक वीडियो संदेश के जरिए आम लोगों से असम में शांति की अपील की है। बता दें कि नागरिकता कानून का असम के साथ-साथ मेघालय, त्रिपुरा, बंगाल समेत देश के कई हिस्सों में जोरदार प्रदर्शन देखने को मिल रहे हैं। यही वजह है कि आज सर्बानंद सोनोवाल की अगुआई में एक टीम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से भी मुलाकात करने वाली है।

मुख्यमंत्री सोनोवाल ने अपना वीडियो संदेश में कहा है कि -हम सभी वास्तविक भारतीय नागरिकों और असम के लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं, मैं समाज के सभी वर्गों से आह्वान करता हूं कि वे ऐसे तत्वों को विफल करें जो नागरिकता संशोधन विधेयक पर लोगों को गुमराह कर रहे हैं और हिंसा में लिप्त हैं, चलिए हम सब मिलकर असम की विकास यात्रा जारी रखते हैं।

पलायन | बंटवारे के वक्त तेजी से गिरी थी पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी, बांग्लादेश में जारी है सिलसिला

पाकिस्तान और बांग्लादेश में ऐसे घटते गए हिन्दु

- पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी भारत-पाकिस्तान बंटवारे के बाद बहुत तेजी से गिरी
- बंटवारे के बाद पाकिस्तान से हिंदुओं की आबादी घटी और पंजाब प्रांत से मुस्लिम आबादी कम हुई

नई दिल्ली (ए.)। हाल ही में संसद से नागरिकता (संशोधन) विधेयक पास होने के बाद नागरिकता का नया कानून अस्तित्व में आया है। लोकसभा और फिर राज्यसभा में विधेयक पर चर्चा के दौरान पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश में अल्पसंख्यक और हिंदुओं की आबादी में गिरावट का मुद्दा जोर-शोर से उठाया गया। विधेयक के समर्थन में वोट करने वाले सांसदों का तर्क था कि इन तीनों देशों में हिंदुओं पर काफी अत्याचार हुआ और उनकी आबादी तेजी से कम हो रही है। आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी बंटवारे के समय सर्वाधिक तेजी से गिरी थी, वहीं बांग्लादेश में यह गिरावट सिलसिलेवार है। आइए समझें पूरी कहानी...

बंटवारे के बाद पंजाब से यूं घटी मुसलमानों की आबादी

जिस तरह बंटवारे के बाद पाकिस्तान से हिंदुओं की आबादी घटी उसी तर्ज पर हिंदुस्तान के पंजाब प्रांत से मुस्लिम आबादी कम हुई। 1941 से 1951 के बीच पंजाब से मुसलमानों की आबादी तेजी कम हुई जबकि उत्तर प्रदेश में में सिलसिलेवार वृद्धि दर्ज की गई। 1941 में पंजाब में मुसलमानों की आबादी 32.3त थी, जोकि 1951 में घटकर 0.8त रह गई और 2001 में 1.6त थी। 14 अगस्त 1947 से पहले 21 लाख मुस्लिम पश्चिमी पाकिस्तान जा चुके थे, जबकि 20 लाख हिंदू और सिख इधर आए। 1950 तक 65 लाख मसलमान पाकिस्तान चले गए और 47 लाख हिंदू और सिख भारत आए। उत्तर प्रदेश में मुस्लिम आबादी में बदलाव की बात करें तो 1941 में यहां मुस्लिम आबादी की हिस्सेदारी 15.4त थी जो 2001 में बढ़कर 18.5 पर्सेंट हो गई।

पाकिस्तान: 1951 के बाद हिंदुओं की संख्या में कम गिरावट

पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी भारत-पाकिस्तान बंटवारे के बाद बहुत तेजी से गिरी, लेकिन उसके बाद यह सिलसिला थम गया। वास्तव में 1951 के बाद हिदूओं की आबादी में मामूली वृद्धि दर्ज की गई है। 1988 में पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी कुल आबादी करीब 21 लाख थी। 2017 की जनगणना के मुताबिक पाकिस्तान की जनसंख्या बढ़कर 20.7 करोड़ हो गई है। यदि यह माना जाए कि हिंदुओं की आबादी समान रफ्तार से बढ़ी है तो उनकी आबादी करीब 30 लाख है।

बांग्लादेश में यूं घटती गई हिंदू आबादी

बांग्लादेश में हिंदुओं की आबादी भारत-पाकिस्तान बंटवारे से लेकर 1971 तक तेजी से गिरी, लेकिन इसके बाद भी यह सिलसिला थमा नहीं और अब भी जारी है। अब वहां की आबादी में हिंदुओं की हिस्सेदारी 10वें हिस्से से भी कम रह गई है, हालांकि यह पाकिस्तान के मुकाबले काफी अधिक है। बांग्लादेश में 1951 में हिंदुओं की हिस्सेदारी 22% थी जो 2011 में 9.5% रह गई।

प्याज ने कर्ज में डूबे किसान को यूं बनाया करोड़पति!

- जब प्याज ग्राहकों को रुला रहा है और कीमतें लगातार आसमान छू रही हैं, एक किसान इसी से करोड़पति बन गया है

बेंगलुरु(ए.)। जब प्याज ग्राहकों को रुला रहा है और कीमतें लगातार आसमान छू रही हैं, कर्नाटक का एक किसान इसी के जरिए करोड़पति बन गया है। जी हां, चित्रदुर्ग जिले के डोड्डासिद्धावनहल्ली निवासी मल्लिकार्जुन की किस्मत ने अचानक करवट ली। प्याज की कीमतें बढ़ीं और एक महीने के भीतर कर्ज में डूबे मल्लिकार्जुन करोड़पति बन गए। इतना ही नहीं, आसपास के किसानों के लिए मल्लिकार्जुन अब आदर्श बन गए हैं और लोग उनसे खेती के गुर सीखने के लिए आने लगे हैं। 42 वर्षीय मल्लिकार्जुन ने कर्ज लेकर प्याज की खेती की थी। मल्लिकार्जुन कहते हैं, 'यह अब तक का सबसे बड़ा जोखिम था। अगर फसल खराब हो जाती या कीमतें गिर जातीं तो मैं बुरी तरह फंस जाता। पर, इसी प्याज ने अब मेरे परिवार की किस्मत बदल दी है।'

240 टन प्याज ने बदल दी किस्मत: मल्लिकार्जुन ने 240 टन प्याज (लगभग 20 ट्रक) की बंपर फसल पैदा की है। ऐसे में जब प्याज की कीमत करीब 200 रुपये प्रति किलोग्राम रही, उन्हें खूब मुनाफा हुआ। हालांकि जब उन्होंने 15 लाख रुपये का निवेश किया था तो उम्मीद लगाई थी कि 5-10 लाख रुपये का लाभ होगा। पर, प्याज की बढ़ी कीमतों ने कई गुना लाभ उन्हें पहुंचा दिया।

न्यूज गैलरी

शादी का झांसा देकर किया शारीरिक शोषण

रायपुर। शादी का झांसा देकर युवती से लगातार शारीरिक संबंध बनाने के बाद शादी करने से इंकार कर देने की खमतराई थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार संन्यासी पारा खमतराई निवासी पीड़िता 31 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 30 सितंबर 2015 से 15 सितंबर 2019 के मध्य पी ईश्वर राव 32 वर्ष पिता पी. सिमांचन राव निवासी संन्यासी पारा ने प्रार्थियां को शादी का झांसा देकर लगातार शारीरिक संबंध बना रहा था। प्रार्थियां द्वारा शादी की बात करने पर आरोपी ने शादी करने से इंकार कर दिया।

नाबालिग पर धारदार हथियार से किया वार

रायपुर। आपसी विवाद में नुकीली औजार से आंख व सीने के पास मारकर चोट पहुंचाये जाने की रिपोर्ट राजेंद्र नगर थाने में दर्ज की गई है। आकृति विहार अमलीडीह न्यू राजेंद्र नगर निवासी मयंक शर्मा 17 वर्ष पिता मनोज कुमार शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि हरदेव सिंह उर्फ विक्की निवासी महावीर नगर ने शनिवार को नाबालिग से बेवजह विवाद कर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर नुकीली औजार से सीना व आंख के पास मारकर चोट पहुंचाया।

सामान खरीदने के बहाने नगदी व फोन ले उड़ा चोर

रायपुर। दुकान में सामान खरीदने के बहाने चोर ने काउंटर से एक नग मोबाइल व 2 हजार रुपये नगदी चोरी कर फरार हो गया। घटना की रिपोर्ट विधानसभा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार ज्ञानगंगा स्कूल के सामने नरदहा निवासी भूषण मजुमदार 62 वर्ष पिता स्व. फनी मजूमदार ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि शनिवार को ज्ञान गंगा स्कूल के सामने प्रार्थी के किराना स्टोर में एक युवक चावल खरीदने के बहाने भाव पूछताछ करने लगा दुकानदार की नजर हटते ही आरोपी ने गल्ले से 2 हजार रुपये नगदी व काउंटर पर रखा रेडमी कंपनी का मोबाइल फोन चोरी कर फरार हो गया।

बिजली ट्रांसफार्मर से आईल व तांबा चोरी

रायपुर। बिजली ट्रांसफार्मर के अंदर रखा आईल व तांबा चोरी किए जाने की रिपोर्ट अभनपुर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार विकास नगर गुढ़ियारी निवासी प्रतीक भगत 31 वर्ष पिता मदन मोहन भगत ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि ग्राम चंडी नहर के पास अभनपुर में 12 दिसंबर को अर्धशासकीय कंपनी में लगे ट्रांसफार्मर के अंदर से किसी ने आईल व तांबा का तार चोरी कर लिया है। चोरी गए सामान की कीमत करीब पांच हजार रुपये आंकी गई है।

धान खरीदी पर सीएस मंडल क्या उतरे व्यवस्था हुई सख्त

अवैध धान के 2438 प्रकरण दर्ज, 280 वाहन भी जब्त

- सिर्फ 14 दिनों में की गई रिकार्ड कार्रवाई
- कुल 31 हजार 291 टन अवैध धान मिला
- अब तक 13 लाख 2686 टन धान खरीदी

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद धान खरीदी केंद्रों और व्यवस्थाओं पर मुख्य सचिव आरपी मंडल क्या उतरे महज 1 दिसंबर से 14 दिसंबर के बीच कलेक्टर, एसपी और खरीदी केंद्रों में व्यवस्था मुस्तैद हो गई। अब तक अवैध धान के प्रदेशभर में 2438 प्रकरण दर्ज किया गया है। वहीं अवैध धान का परिवहन करने वाली 280 गाड़ियों को भी मौके पर जप्त कर लिया गया है। दर्ज प्रकरणों में 31 हजार 291 टन अवैध धान पकड़े जाने का दावा शासन ने किया है।

मुख्य सचिव आर.पी. मंडल की अध्यक्षता में आयोजित रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर संभाग के कलेक्टरों, पुलिस अधीक्षकों और जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की बैठक में दी गई। मुख्य सचिव ने बैठक में अधिकारियों को धान खरीदी की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा पंजीकृत रकबे के अनुसार 15 क्विंटल प्रति एकड़ की मान से धान की खरीदी की जाए। धान खरीदी के दौरान किसानों की सहूलियतों का ध्यान भी रखा जाए। मुख्य सचिव ने किसानों को धान खरीदी के लिए टोकन जारी करने, बारदानों की व्यवस्था, मिलरों को डी.ओ. जारी करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अवैध धान परिवहन और बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में

एक नजर खरीदी पर

- अब तक 13 लाख 2686 टन धान खरीदी हुई
- 2 लाख 42 हजार 843 किसानों ने बेचा धान
- खरीदी के बाद अब तक 1765 करोड़ भुगतान
- कस्टम मिलिंग के लिए 2 लाख 34,237 मिट.टन का डीओ जारी
- जारी किए गए डीओ में से 5390 टन धान उठाव मिलरों ने किया

कमिश्नर और पुलिस महानिरीक्षक भी उपस्थित थे। इस संबंध में आज एक कार्यशाला भी आयोजित की गई, जिसमें पुलिस अधीक्षकों को धान खरीदी की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी खाद्य सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह और मार्कफेड की एम.डी. श्रीमती शम्मी आबदी द्वारा दी गई। बैठक में जानकारी दी गई की धान खरीदी के दूसरे सप्ताह में अब तक 13 लाख 2 हजार 686 टन धान की खरीदी की गई है।

पहली बार एसपी समेत कई विभागों की भागीदारी

धान खरीदी में पहली बार पुलिस अधीक्षक सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। मुख्य सचिव ने कलेक्टरों को अपने जिले में पी.डब्ल्यू.डी., सिंचाई, आर.ई.एस. विभाग के कार्यपालन अभियंताओं और सहायक अभियंताओं को धान खरीदी केन्द्रवार नोडल अधिकारी बनाकर प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंडल ने धान खरीदी कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला स्तर के राजस्व, पुलिस, खाद्य और सहकारिता विभाग के सभी अधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए धान खरीदी को सुगम और सुव्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए।

कबीरधाम, बलौदाबाजार और बेमेतरा में बड़ी कार्रवाई

आज रविवार को दर्ज किए गए प्रकरणों में कबीरधाम जिले के ठाठापुर स्थित एक कोचिए के परिसर से 78.4 क्विंटल धान के अवैध भंडरण की जप्ती की गई। बलौदाबाजार जिले के बया धान खरीदी केन्द्र में किसी और के नाम से धान बेचते पाये जाने पर संबंधित को पकड़ा गया। बेमेतरा जिले के ग्राम चंदनु में 180 कट्टा (लगभग 72 क्विंटल धान) का परिवहन करने वाले कोचिए के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। इसी जिले के ग्राम बुचिडीह में एक कोचिए को 75 कट्टा धान का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया, जिसे राजस्व और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा बेरला थाने के सुपुर्द किया गया है।

ऑटो रिपेयरिंग शॉप में छापा, अवैध शराब जब्त

- 70 पाव अंग्रेजी शराब जब्त

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। ऑटो रिपेयरिंग शॉप के सामने मोटरसाइकिल में बोरी के अंदर अवैध शराब रखने की सूचना पर पुलिस ने आटो शॉप में रेड मारकर मोटरसाइकिल में रखे 70 पाव विस्की अंग्रेजी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मौली ऑटो रिपेयरिंग शॉप श्याम नगर में अवैध रूप से शराब बेचने के लिए संग्रह करने की जानकारी मिलने पर पेट्रोलिंग वाहन एवं स्टाफ प्रधान के साथ श्याम नगर घटना स्थल के पास पहुंचकर अशोक मानिकपुरी के आटो रिपेयरिंग शाप मे आरोपी आटो सेंटर मे अपना मोबाईल रेडमी का तथा दुकान के सामने खडी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 सीएन 8521 एवं प्लास्टिक के बोरी में रखे मदिरा छोडकर भाग गया। प्लास्टिक की बोरी में 70 नग नैना प्रिमीयम व्हीस्की का लेबल लगा बरामद हुआ जिसकी अनुमानित कीमती 49 हजार रूपये को जप्त किया गया। आटो रिपेयरिंग शाप मे ही आरोपी के द्वारा छोडे रेडमी मोबाईल जिसका आईएमईआई नंबर 866896041851597 एवं 866896041851605 जिसमे सिम नंबर 8889736309 लगी है जप्त किया गया।

राजधानी का ऑक्सीजोन बना धूल जोन, लोग हो रहे परेशान

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट के पास निर्माणाधीन ऑक्सीजोन इन दिनों धूल जोन के नाम से फेमस होता जा रहा है। सड़कों पर फैली मिट्टी के कारण वाहनों के गुजरते ही यहां दिन-रात धुलों के गुब्बारे उड़ रहे है जिससे इस मार्ग से गुजरने वाले लोग परेशान हो रहे है। तात्कालीन भाजपा शासन के समय से शहर के कलेक्टोरेट के बगल में ऑक्सीजोन का निर्माण कार्य चल रहा है जो कांग्रेस के शासनकाल के आने के बाद भी अभी तक पूर्ण नहीं हो पाया है। ऑक्सीजोन के अधूरे निर्माण के कारण कलेक्टोरेट जोन मार्ग पर भारी मिट्टी बिखरी हुई है। चूंकि यह मार्ग काफी व्यस्त रहता है जिससे दिन-रात यहां वाहनों का आवागमन भी लगा रहता है। इसके चलते यहां धूलों के गुब्बारे उड़ रहे है जो लोगों की परेशानी का सबब बना हुआ है।

सट्टा लिखने की सूचना पर पुलिस ने मारा रेड, फरार

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। क्रिकेट मैच में सट्टा लिखने की सूचना पर पुलिस के छापा मारते ही आरोपी फरार हो गए। आरोपियों को पहले ही पुलिस के आने की सूचना मिल चुकी थी।

इरानी डेरा राजा तालाब में शनिवार को रात्रि 8 बजे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्रिकेट मैच में सट्टा लिखने की सूचना पर पुलिस ने छापा मारकर 4 नग मोबाइल फोन, टीवी, लेपटॉप, रिकार्डर मशीन जब्त किया है। पुलिस को देखते ही आरोपी मेंहदी हसन एवं मोसन अली फरार हो गये। आरोपियों ने पहले से ही पुलिस पर नजर रखने के लिए अपने आदमियों को घर के बाहर लगा रखा था। जिसकी वजह से पुलिस की आने की सूचना मिलते ही आरोपी घर छोड़कर भागने लगे, पुलिस को आरोपियों द्वारा ईरानी डेरा राजा तालाब क्षेत्र में क्रिकेट मैच में सट्टा खिलवाने का सूचना मिल रहा था। पुलिस आरोपियों की पतासाजी में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। छापेमारी के दौरान बड़ी संख्या में आरोपियों के घर से क्रिकेट मैच में सट्टा खिलाने के सामान जब्त किया गया है।

रेल रोको आंदोलन से आज भी कुछ ट्रेनें रही प्रभावित

रायपुर। दक्षिण पूर्व रेलवे खड़गपुर रेल मंडल में कल किए गए रेल रोको आंदोलन के कारण आज भी कुछ ट्रेनें प्रभावित रही।

रेल मंडल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रेल रोको आंदोलन के कारण 14 दिसंबर को जहां कई गाड़ियां रद्द रही है, वहीं आज 2130 हावड़ा-पुणे आजाद हिन्द एक्सप्रेस और हावड़ा से रवाना हुई 12152 हावड़ा-कुर्ला एक्सप्रेस को हावड़ा से 3 घंटे 15 मिनट देरी से रवाना किया गया।

इसी प्रकार 16 दिसंबर को क्रमशः कुर्ला से चलने वाली 18029 कुर्ला-शालीमार एक्सप्रेस, पुणे चलने वाली 12221 पुणे - हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस , पुणे चलने वाली 12859 मुंबई - हावड़ा गीतांजलि एक्सप्रेस और पुणे से चलने वाली 20821 पुणे-सांतरागाछी हमसफर रद्द रहेगी। वहीं हावड़ा -आसनसोल-चांडिल-चक्रधरपुर-राउरकेला-झारसुगुड़ा होकर हावड़ा से चली 12810 हावड़ा - मुंबई मेल,हावड़ा से चलने वाली 12906 हावड़ा - पोरबन्दर एक्सप्रेस, शालीमार से चलने वाली 22830 हावड़ा - शालीमार एक्सप्रेस रवाना किया गया जाएगा।

मतदान केन्द्रों में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन आज

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन आगामी 16 दिसंबर को छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों के मतदान केंद्रों पर किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि आगामी 16 दिसंबर 2019 को प्रारंभिक प्रकाशन के साथ ही 16 दिसंबर 2019 से 15 जनवरी 2020 तक राज्य के सभी मतदान केंद्रों में दावा-आपत्ति प्राप्त किए जाएंगे। इस अवधि में दावा-आपत्ति प्राप्त करने के लिए मतदान केंद्रों पर उपस्थित अभिहित अधिकारी तैनात रहेंगे, जो मतदाता सूची में नाम जोड़ने ,नाम हटाने और संशोधन के लिए कार्यवाही करेंगे। ऐसे भारतीय नागरिक जिनकी उम्र 01 जनवरी 2020 को 18 वर्ष पूर्ण होगी और ऐसे भारतीय नागरिक जिनका नाम अभी तक किसी कारणवश मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है ,उन्हें अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए फार्म-6 और संबंधित दस्तावेज की छाया प्रति जमा करना होगा।

प्रदर्शनी...

रायपुर (नवप्रदेश) होलीक्रास स्कूल पेंशनबाड़ा में विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विभिन्न विषयों पर ज्ञानवर्धक मॉडलों द्वारा छात्रों ने अपने अद्भुत कौशल विधाओं का प्रदर्शन किया।

प्रशिक्षण — 21 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक होगा मतदान

मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर शामिल

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ एस भारतीदासन ने आज एन आई टी में मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने मतदान अधिकारियों और कर्मचारियों को मार्गदर्शन भी दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ गौरव सिंह और मास्टर ट्रेनरों ने 21 दिसम्बर को आयोजित हो रहें नगरीय निकायों के निर्वाचन के संबंध में मतदान प्रक्रिया और इससे जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों एवं दायित्वों की जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि 21 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होना है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची बनाई गई है। सूची के अनुसार एक जनवरी 2019 को 18 वर्ष से अधिक आयु के युवा मतदान कर सकते है। प्रशिक्षण में बताया गया कि एक अभ्यर्थी एक मतदान केन्द्र के लिए एक अभिकर्ता और एक सहायक अभिकर्ता नियुक्त कर सकता है लेकिन एक समय में केवल एक ही उपस्थित रह सकता है। 16 प्रकार के दस्तावेजों के आधार पर मतदाता अपना परिचय प्रदान कर मतदान कर सकता है। मतदान केन्द्र में वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों और गोद में बच्चा लिए महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। मूक और बधिर निर्वाचकों को भी दिव्यांगजनों की तरह विशेष सुविधा दी जाएगी। विव्यांगजन व्हील चेयर के माध्यम से मतदान कक्ष तक जा सकते हैं।

27वीं राष्ट्रीय मास्टर्स टेबल टेनिस प्रतियोगिता

छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस टीम घोषित

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ की भारतीय वेटरन्स टेबल टेनिस समिति के तत्वावधान में हरियाणा टेबल टेनिस संघ द्वारा सोनीपत में 17 से 23 दिसंबर 2019 तक 27वीं राष्ट्रीय मास्टर्स टेबल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। उक्त प्रतियोगिता हेतु छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष शरद शुक्ला जी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के मास्टर्स टीम की घोषणा की गयी। छत्तीसगढ़ राज्य के मास्टर्स टीम को छत्तीसगढ़ बिल्डर्स संघ के अध्यक्ष के.सी. राव जी के सौजन्य से ट्रेक सुट का वितरण किया गया तथा टीम को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा प्रायोजित टी शर्ट्स का वितरण रीजनल मैनेजर सुपी. शर्मा जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशोर जादवानी, सचिव विनय बैसवाड़े, कोषाध्यक्ष हरजीत हुरा, छत्तीसगढ़ वेटरन टेबल टेनिस समिति के चेयरमेन प्रदीप जनवदे उपस्थित थे तथा सभी पदाधिकारियो ने टीम को शुभकामनाए दी एवं अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जतायी। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु छत्तीसगढ़ मास्टर्स टीम 15 दिसंबर को रवाना हुयी। टीम के कोच विमल नायर (रायपुर) एवं मेनेजर अरविंद कुमार शर्मा (रायपुर महानगर) है।

संपादकीय

कैब के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन

केन्द्र सरकार ने जो नागरिकता संशोधन कानून लागू किया है। उसके खिलाफ बंगाल और असम सहित कई पूर्वोत्तर राज्यों में उग्र प्रदर्शन किया जा रहा है। असम में कर्फ्यू लगाने की नौबत आ गई है वहीं नागलैंड में भी आंदोलन ने उग्र रूप धारण कर लिया है। बंगाल में भी बवाल खड़ा हो गया है। इन राज्यों में उपद्रवी तत्व बसों एवं रेलवे स्टेशनों को निशाना बना रहे है। बड़े पैमाने पर आगजनी की घटनाएं हुई है जिसके चलते सरकर ने असम में 16 दिसंबर तक इंटरनेट सेवाए बंद कर दी है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रदर्शनकारियों को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। जबकि खुद ममता बनर्जी नागरिक संशोधन कानून के खिलाफ है। उन्होंने पहले ही घोषणा कर रखी है कि वे बंगाल में कैब लागू नहीं होने देगी। कांग्रेस शासित प्रदेशों ने भी अपने राज्यों में कैब को लागू न करने की घोषणा कर रखी है। गौरतलब है कि संसद के दोनों सदनों में नागरिकता संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान गैर भाजपा दलों के सांसदों ने कैब का खुलकर विरोध किया था। लेकिन सत्तापक्ष इस विधेयक को दोनों सदनों में पारित कराने में सफल रहा। इसके बाद ही पुर्वोत्तर राज्यों मे हिसंक प्रदर्शन शुरू हो गए। गौरतलब है कि बंगाल को छोड़कर अन्य पुर्वोत्तर राज्यों में भाजपा की साझा सरकार है। ऐसी स्थिति में वहां हिसंक प्रदर्शन होना भाजपा के लिए गहरी चिंता का विषय बन गई है। जहां तक बंगाल का सवाल है तो वहां भले ही कैब के खिलाफ प्रयोजित प्रदर्शन हुआ हो लेकिन भाजपा को इसका लाभ मिल सकता है। बंगाल बीजेपी अध्यक्ष दिलीप घोष के अनुसार बंगाल में लगभग दो करोड़ ऐसे लोग है जिन्हें नए नागरिकता कानून से लाभ मिलेगा और इसका भाजपा को आगमी विधानसभा चुनाव में लाभ मिल सकता है। उन्होंने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर आरोप लगाया है कि वे इस कानून का विरोध कर बंगाल में अशांती फैला रही है क्योंकि इससे उन्हें अपने हाथों से सत्ता की बागडोर निकलने का डर सता रहा है। गौरतलब है कि असम और बंगाल सहित तमिलनाडु, केरल और पुदुचेरी में 2021 में विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं। इसमें से असम और बंगाल ऐसे राज्य है जहां लाखों की संख्या में बांग्लादेश से आए लोग रह रहे है। बंगाल में इन घुसपैठियों को तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। इसी तरह रोहिग्यां भी बड़ी संख्या में वहां आकर बस चुके है। भाजपा इन घुसपैठियों को बाहर करना चाहती है और नए नागरिकता कानून के मुताबिक पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से धार्मिक आधार पर उत्पीड़न के शिकार बने हिन्दुओं, सिखों, बौद्धों और पारसियों को जो 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आ चुके है। उन्हें भारतीय नागरिकता देना चाहती है। गैर भाजपा दल इसी चीज विरोध कर रहे हैं। जो कतई उचित नहीं है। इस फैसले के खिलाफ हिसंक प्रदर्शन करना तो देश द्रोह की श्रेणी में आता है। सरकार को चाहिए कि अराजकता फैलाने वाले विघन संतोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करें।

न्याय व्यवस्था में जरुरत नव क्रांति की

आलोक मेहता

> सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों के कोलेजियम ने कई नियुक्तयों की सिफारिशें भेजी हुई हैं , लेकिन सरकार उन्हें विभिन्न कारण बताकर लटकाये हुए है । कभी किसी नाम पर गुप्तचर विभाग की रिपोर्ट या आरोपों का हवाला दिया जाता है तो कभी दुबारा नाम मांगे जाते हैं । केंद्र ही नहीं राज्य सरकारें भी निचली अदालतों में नियुक्तियों को लेकर महीनों तक फाइलें घूमती रहती हैं । कभी सत्ताधारी पसंदीदा व्यक्तियों को रखना चाहती है तो कभी नियोक्ता न्यायाधीश अपने प्रिय पात्रों को न्यायालय में देखना चाहती है । देश में न्यायाधीशों की कमी के कारण सुनवाई और फैसलों में वर्षों के इन्तजार का सिलसिला जारी है । अधिकृत रिकॉर्ड के अनुसार देश की अदालतों में तीन करोड़ से अधिक मुकदमें विचाराधीन हैं ।

यह आज़ादी के बाद लोकतंत्र के लिये ऐतिहासिक वर्ष माना जायेगा । तीन तलाक़ की समाप्ति , जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 310 की मुक्ति , अयोध्या में मंदिर पर अंतिम निर्णय और नागरिकता संशोधन कानून को स्वीकृति । तीनों मामलों में सरकार , संसद और न्याय पालिका की भूमिका महत्वपूर्ण है । नागरिकता संशोधन कानून अब फिर सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे पर पहुँच रहा है । इस दृष्टि से भारत की सम्पूर्ण न्याय व्यवस्था को पूरी तरह से सशक्त , साधन संपन्न एवं सफल बनाने के लिए नव क्रांति जैसी पहल सरकार और संसद को करनी चाहिए । यों सार्वजनिक कार्यक्रमों में न्याय व्यवस्था के पार्टी सर्वोच्च सम्मान , विश्वास की बात कही जाती है और जल्द न्याय मिलने का आग्रह बार बार किया जाता है , लेकिन समय पर न्याय दिलवाने के लिए आवश्यक और निर्णायक कदम नहीं उठाये गए हैं । हैदराबाद के बलात्कार कांड और निर्भया बलात्कार - हत्या कांड में फांसी के मुद्दे को पिछले दिनों जोर शोर से उठाया गया । लेकिन समय पर न्याय के लिए न्यायाधीश भी तो पर्याप्त संख्या में होने चाहिए ।

केंद्रीय कानून मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने इस सप्ताह सभी राज्यों के मुख्य न्यायाधीशों और मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि बलात्कार के प्रकरणों पर दो महीनों में निर्णय और फिर अपील पर छह महीनों में फैसला सुनिश्चित करने की आवश्यकता है । उन्होंने ने सर्वोच्च न्यायाधीश को भी अलग से लिखा है कि उच्च न्यायालयों को जल्द न्याय देने के लिए विशेष व्यवस्था करने में भी समुचित सहायता दी जाए । मंत्री का यह निवेदन औपचारिक और अच्छा है , लेकिन वह अपने कार्य क्षेत्र से बनी हुई रुकावटों पर तो ध्यान देने का कष्ट करें । सुप्रीम कोर्ट ने पिछले सप्ताह ही केंद्र सरकार द्वारा उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्तियों में देरी पर गंभीर चिंता व्यक्त की है । सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों के कोलेजियम ने कई नियुक्तयों की सिफारिशें भेजी हुई हैं , लेकिन

> अदालत परिसर में भ्रष्टाचार और निचली और उच्च अदालतों के कुछ न्यायाधीशों पर भी आरोप रहने से सम्पूर्ण न्याय व्यवस्था कलकित होती है । सुप्रीम कोर्ट के कई पूर्व मुख्य न्यायाधीश स्वयं यह मुद्दा उठाकर चिंता व्यक्त कर चुके है । न्याय के गलियारों को स्वस्थ्य और स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी भी न्याय के देवताओं और देवियों की है । मजेदार तथ्य यह है कि अदालतों में सरकारी विभागों और राज्य सरकारों के आपसी विवादों कि संख्या भी सर्वाधिक है । वे अपने मामले निपटाने के लिए आपसी वार्ता या अलग से कोई प्राधिकरण क्यों नहीं बना सकते हैं ?

सरकार उन्हें विभिन्न कारण बताकर लटकाये हुए है । कभी किसी नाम पर गुप्तचर विभाग की रिपोर्ट या आरोपों का हवाला दिया जाता है तो कभी दुबारा नाम मांगे जाते हैं । केंद्र ही नहीं राज्य सरकारें भी निचली अदालतों में नियुक्तियों को लेकर महीनों तक फाइलें घूमती रहती हैं । कभी सत्ताधारी पसंदीदा व्यक्तियों को रखना चाहती है तो कभी नियोक्ता न्यायाधीश अपने प्रिय पात्रों को न्यायालय में देखना चाहती है । देश में न्यायाधीशों की कमी के कारण सुनवाई और फैसलों में वर्षों के इन्तजार का सिलसिला जारी है । अधिकृत रिकॉर्ड के अनुसार देश की अदालतों में तीन करोड़ से अधिक मुकदमें विचाराधीन हैं । इनमे 16000 से अधिक मामले तीस साल से भी पुराने हैं । इस तरह लाखों परिवार और कम से कम दस पंद्रह करोड़ लोग अदालतों के फैसलों की प्रतीक्षा कर रहे हैं । इसी तरह हजारों लोग जेल में हैं और कई मामलों में पंद्रह साल बाद निर्दोष साबित होकर बाहर आते है । उनकी ज़िन्दगी ही बर्बाद हो जाती है । विभिन्न प्रदेशों की जेलों में सैंकड़ों कैदी हत्या बलात्कार के मामलों में फांसी की सजा के बाद भी पड़े हुए हैं ।

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी सार्वजनिक कार्यक्रमों में न्यायिक व्यवस्था में व्यापक बदलाव की आवश्यकता बता चुके हैं ।उनका मानना है कि कानून और न्याय में कभी समझौता नहीं किया जा सकता है । केंद्र सरकार ने अदालतों के कामकाज में सुविधाओं के लिए राज्यों को अधिक धनराशि भी दी है । लेकिन इसमें शक नहीं कि अदलालतों में सुविधाओं का आभाव है । सरकारी अस्पतालों की तरह निचली अदालतों में सामान्य व्यक्ति न्याय के लिए परेशानी में भटकता रहता है । अब देश में प्रगति के साथ अपराध और तरीके भी बढ़ रहे हैं । न्याय सुलभ और न्यूनतम खर्च में मिलना मुश्किल होता जा रहा है । हम यूरोप अमेरिका से प्रतियोगिता करने लगे है , लेकिन उन देशों में तो 10 प्रतिशत सिविल मामले ट्रायल के स्तर पर निपट जाते हैं । ब्रिटैन में हत्या बलात्कार के मामलों में कुछ सप्ताह और तीन महीनों में फैसला हो जाता है । इस स्थिति में बदलाव के लिए हर स्तर पर क्रन्तिकारी कदमों की जरुरत है । योग्य व्यक्तियों की नियुक्ति के साथ उनके अच्छे प्रशिक्षण , अधिक वेतन सुविधा का इंतजाम हो । अदालत में सुनवाई और निर्णय की समय सीमा निर्धारित हो । वकील और न्यायाधीश भी निर्धारित आचार संहिता का पालन करें ।

अदालत परिसर में भ्रष्टाचार और निचली और उच्च अदालतों के कुछ न्यायाधीशों पर भी आरोप रहने से सम्पूर्ण न्याय व्यवस्था कलकित होती है । सुप्रीम कोर्ट के कई पूर्व मुख्य न्यायाधीश स्वयं यह मुद्दा उठाकर चिंता व्यक्त कर चुके है । न्याय के गलियारों को स्वस्थ्य और स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी भी न्याय के देवताओं और देवियों की है । मजेदार तथ्य यह है कि अदालतों में सरकारी विभागों और राज्य सरकारों के आपसी विवादों कि संख्या भी सर्वाधिक है । वे अपने मामले निपटाने के लिए आपसी वार्ता या अलग से कोई प्राधिकरण क्यों नहीं बना सकते हैं ? न्याय के मंदिर में सामान्य नागरिक कि तकलीफ और भावनाओं को सर्वोच्च महत्व दिलाने कि जिम्मेदारी सरकार , संसद और न्याय पालिका की ही है।

विचार

नागरिकता: सरकार की नादानी

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

नया नागरिकता विधेयक अब जो जो गुल खिला रहा है, उसकी भविष्यवाणी हमने पहले ही कर दी थी। सबसे पहले तो मोदी और जापानी प्रधानमंत्री की गुवाहाटी-भेंट स्थगित हो गई। दूसरा, बांग्लादेश और पाकिस्तान में इस विधेयक की कड़ी प्रतिक्रिया हो रही है। बांग्लादेश के गृहमंत्री और विदेश मंत्री की भारत-यात्रा स्थगित हो गई। पाकिस्तान के एक हिंदू सांसद और एक हिंदू विधायक ने इस नए कानून की भर्त्सना कर दी है। अभी तक अफगानिस्तान की प्रतिक्रिया नहीं आई है, क्योंकि उसके राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री, दोनों ही भारत के पुराने मित्र हैं। यह ठीक है कि वे इस नए कानून की इमरान खान की तरह भर्त्सना नहीं करेंगे और इसे संघ का हिंदुत्ववादी एजेंडा नहीं कहेंगे लेकिन उन्हें इमरान और शेख हसीना से भी ज्यादा अफसोस होगा, क्योंकि उन पर भी यह इल्जाम लग गया है कि वे हिंदू-विरोधी हैं। इन तीनों मुस्लिम राष्ट्रों को किसी मुद्दे पर एक करने का श्रेय किसी को मिलेगा तो वह हमारी मोदी सरकार को मिलेगा। हमारी सरकार पता नहीं क्यों यह कानून ले आई है ? इस कानून के बिना भी वह पड़ौसी देशों के हर सताए हुए आदमी को भारत की नागरिकता दे सकती थी। उनमें हिंदू तो अपने आप ही आ जाते लेकिन उस सूची में से शरणार्थी मुसलमानों को निकालकर भाजपा सरकार ने अपने गले में सांप्रदायिकता का पत्थर लटका लिया है। क्यों लटका लिया है, समझ में नहीं आता ? जब वह विपक्ष में थी, तब उसका यह पैंतरा हिंदू वोट पटाने के लिए सही था लेकिन अब वह सरकार में है। उसे अब पूरा अधिकार है कि वह किसी भी विदेशी को नागरिकता दे या न दे। इस अधिकार के बावजूद उसे अपने आप को नंगा करने की जरुरत क्या थी ? उसने सिर्फ अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश का नाम ही क्यों लिया ? क्या अफगानिस्तान भी 1947 के पहले भारत का हिस्सा था ? श्रीलंका और बर्मा तो भारत के हिस्से ही थे। उनके यहां से आनेवाले शरणार्थियों के लिए इस नए कानून में कोई प्रावधान नहीं है। यह कानून भी नोटबंदी-जैसी ही भयंकर भूल है। इससे फायदा कम, नुकसान ज्यादा है। बंगाल सहित सभी पूर्वोत्तर प्रांतों से भाजपा ने हाथ धो लिये हैं। बेहतर होता कि राष्ट्रपति इस विधेयक पर दस्तखत नहीं करते तो संसद इस पर पुनर्विचार करती और सरकार को अपनी नादानी से मुक्ति का रास्ता मिल जाता।

नागरिकता संशोधन अधिनियम और उसके बाद

फिलहाल तो पूर्वोत्तर में रहने वाले गायपट्टी के लोग संकट में हैं

उपेन्द्र प्रसाद

> पूर्वोत्तर में माहौल हिंसक है और पुराने अनुभव बताते हैं कि वहां जब भी हिंसा का माहौल होता है, तो हिन्दी पट्टी के लोग सबसे ज्यादा उस हिंसा का शिकार होते हैं। अंग्रेज के जमाने से ही हिन्दी राज्यों के लोग वहां रह रहे हैं। वहां के आर्थिक विकास में इन हिन्दी भाषी लोगों का बहुत बड़ा योगदान है। वहां वे मजदूर के रूप में रह रहे हैं, तो सफल व्यापारी के रूप में रह रहे हैं। अनेक सरकारी सेवाओं और शिक्षण संस्थाओं में भी हैं। उनके भारत नागरिक होने पर किसी को संदेह नहीं, लेकिन सच्चाई यही है कि वहां जब भी स्थानीय और बाहरी का विवाद खड़ा होता है, तो सबसे ज्यादा निशाना इन्हीं हिन्दी भाषियों को बनाया जाता है, जो बिहार से लेकर राजस्थान तक से वहां गए हुए हैं।

राष्ट्रपति के दस्तखत के साथ नागरिकता संशोधन विधेयक अब नागरिकता संशोधन अधिनियम बन चुका है। इस अधिनियम को सुप्रीम कोर्ट के टेस्ट में पास होना अभी बाकी है। वहां इसकी संवैधानिकता को चुनौती दी गई है और संविधान की मूल संरचना के इसे खिलाफ बताया गया है। गौरतलब हो कि केशवानंद भारती मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा था कि संसद ऐसा कोई कानून नहीं बना सकती और सरकार ऐसा कोई निर्णय नहीं ले सकती, जो संविधान की मूल संरचना के खिलाफहो। भारत का संविधान एक धर्म निरपेक्ष संविधन है और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों की रक्षा मौलिक अधिकारों के प्रावधानों में की गई है, जिनमें कहा गया है कि कानून की नजर में सभी लोग बराबर हैं और धर्म या मजहब के आधार पर यहां के नागरिकों में कोई भेदभाव नहीं किया जा सकता। हालांकि सरकार कह रही है कि यह कानून भारत के वर्तमान नागरिकों से संबंधित नहीं है और यह उन लोगों से संबंधित है, जो पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से धर्म के आधार पर पीड़ित होकर भारत में बसे हुए हैं। यह सुप्रीम कोर्ट तय करेगा कि यह अधिनियम संवैधानिक है या असंवैधानिक, लेकिन उसके पहले ही कुछ राज्य सरकारें कह रही हैं कि वे इसे लागू नहीं करेगी और ऐसा कहने वालों में सीमावर्ती राज्य पश्चिम बंगाल और पंजाब भी शामिल हैं। माना जाता है कि पश्चिम बंगाल में इस तरह के लोग बहुत ज्यादा रहते हैं और यदि वहां की सरकार ही इसे लागू नहीं करती, तो फिर इस अधिनियम का मतलब ही क्या रह जाएगा। पश्चिम बंगाल से भी ज्यादा शरणार्थी असम में रहते हैं। वहां तो राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर भी बनी है और उसके बाद पाया गया कि 19 लाख से भी ज्यादा लोग भारत के नागरिक नहीं हैं और वे वहां अवैध रूप से रह रहे हैं। असम की राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर तैयार होने के पहले भारतीय जनता पार्टी यह सोच रही थी कि लगभग सारे शरणार्थी मुस्लिम ही होंगे, लेकिन वह यह जानकर स्तब्ध रह गई कि

करीब 70 फीसदी लोग हिन्दू हैं और 30 फीसदी ही मुस्लिम। अब नये नागरिकता संशोधन अधिनियम के द्वारा हिन्दुओं को नागरिकता देने का रास्ता तो साफहो गया है, लेकिन समस्या यह है कि असम के लोगों को यह नया कानून मंजूर नहीं है। भारतीय जनता पार्टी को भले लगता हो कि हिन्दू शरणार्थियों को नागरिकता दे दी जाय, लेकिन असम के स्थानीय लोगों को यह मंजूर नहीं कि बांग्लादेश से आए किसी भी शरणार्थी को वहां की नागरिकता दी जाय। सबसे पहले तो वे यह मानने को तैयार ही नहीं हैं कि वहां मात्र 19 लाख शरणार्थी ही रह रहे हैं और इसके साथ उन्हें यह भी मंजूर नहीं कि हिन्दू शरणार्थियों को वहां का नागरिक बना दिया जाय। भारतीय जनता पार्टी के लिए भले ही धर्म मायने रखता हो, लेकिन उनके लिए धर्म मायने नहीं रखता। उनके लिए ज्यादा मायने यह रखता है कि उनकी संस्कृति से बाहर के लोग उनके यहां नहीं बसे।

बांग्लादेश से आए हिन्दू शरणार्थी भी बांग्ला बोलते हैं, जबकि असम की भाषा असमिया है। बंगाली हिन्दुओं की संस्कृति भी असमी हिन्दुओं की संस्कृति से अलग है। सबसे बड़ी बात यह है कि उन सबको नागरिकता दे दी जाती है, तो चुनावी नतीजों को वे प्रभावित करने लगेंगे और स्थानीय असमी लोग बांग्ला भाषियों से हारने लगेंगे। जाहिर है शरणार्थी समस्या को वे हिन्दू- मुस्लिम नजरिये से नहीं देखते, जैसा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता देखते हैं। उनके लिए गैर असमियों को असम में बर्दाश्त करना आसान नहीं है। असम में वैसे भी पश्चिम बंगाल से गए हुए वैध बंगाली नागरिक पहले से ही मौजूद हैं। अंग्रेज के जमाने में भी वहां बंगाली बसे थे और आजादी के समय विभाजन के कारण पूर्वी पाकिस्तान (अब के बांग्लादेश) से भी लाखों बंगाली वहां आकर बसे हुए हैं। वे सब चूंकि वैध भारतीय नागरिक पहले से ही हैं, इसलिए उनके खिलाफ वे ज्यादा कुछ कर नहीं सकते, लेकिन असम समझौते के तहत सितंबर 1971 के बाद आए हुए बांग्लाभाषियों को वे किसी तरह वहां बर्दाश्त करने को तैयार नहीं हैं, भले ही वे उनकी तरह हिन्दू ही क्यों नहीं हों। यही कारण है कि पूरा असम जल रहा है और उसके साथ त्रिपुरा और मेघालय भी जल रहा है। त्रिपुरा तो पहले ही बंगाली वहुल प्रदेश बन चुका है और वहां के स्थानीय निवासी अल्पमत में आ चुके हैं। अब और बांग्लाभाषी को वहां का स्थाई निवासी बनाने को वे तैयार नहीं। बल्कि वहां के स्थानीय जनजाति लोग तो चाहते हैं कि जिन बांग्लाभाषियों को वोटिंग राइट मिला हुआ है, उनमें से भी विदेशियों की पहचान की जाय और उनको बाहर किया जाय।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

प्रेम की पहली शर्त है बच्चे जैसा होना

प्रेम की पहली शर्त है बच्चे जैसा होना और बचपने की ओर क़दम बढ़ते जाना, यह जब भी वृद्ध होने की ओर बढ़ा, प्रेम मृत्योन्मुखी हो उठा। सभ्यता का भविष्य इस पर है कि वह कितना बचपने से भरा हो। **शेष अमित**

दिन पे दिन है बढ रहे फटे बसन

दिन पे दिन है बढ रहे फटे बसन की मांग भाते सबको खूब है पहन रचाते स्वांग। पहन रचाते स्वांग दिखते सब है नंगा जिसे भी देखो कहता दिखता अब चंगा। कहत अजय भन्नाय फैशन की महिमा न्यारी मिटती जाती लाज अब है दिन पे दिन। **कवि अजय मिश्रा**

ख़ास पाती | मुस्कराहटें चेहरे से ज्यादा मन

मुस्कराहटें चेहरे से ज्यादा मन पे असर की है ये उम्र इन खास पलों को जीने में बसर की है तेरी आंखों में भी आज चमक इतनी हमनवां तेरी आंखों ने ही मेरी खुशी की खबर की है । बदल डाली आज तुने हालातों की तस्वीरें खुशी की ये बात दिल पर आज असर की है बना लेगें अब आशियां सपनों का जल्दी ही सजे अल्पना जल्द आंगन में बात फक्र की है। **अल्पना हर्ष**

सुनो मिलना है तुमसे मोहोब्बत की

सुनो मिलना है तुमसे मोहोब्बत की छाँव तले बिछाकर दिल फिर वही टूटा सा हाँ मिलने को है बेताब समुन्दर से फिर पनीली वो अश्रुनदी शब्द शून्य में अंतर्निहित हो जहाँ संवाद पाते हैं मिलन की जिजीविषा लिये फिर वही पगली कारी बदरी आज घिर आयी है संवेदनाओं के घने...उस कोने में जहाँ लहरे चूम लेती हैं अक्सर क्षितिज को । आज फिर घायल है ये हिरणी मन....तुम्हारे प्यास की मृगतृष्णा में ?? **किरण मिश्रा**

आँख मूंद लेने से सबकुछ, अच्छा

आँख मूंद लेने से सबकुछ, अच्छा नहीं हो जाता है! चीख चीख कहने से झूठा, सच्चा नहीं हो जाता है!! कैसे बताएं तुम्हे समझ के, फेर की अजब कहानी, कर देता जो शीलभंग, वो बच्चा नहीं हो जाता है!! सुनते सुनते पके कान पर, नियत ना बदले भाई! आये मूंछ भले भतीजे के, चच्चा नहीं हो जाता है!! गिरते हैं हम उसी खोह में, जिसमें पिस जाती जवानी! आँख नहीं खुलती है जबतक, गच्चा नहीं हो जाता है!! आस छोड़कर चमत्कार की, बात धरातल पर हो, ठोस रही मंशा गिरीश तो, कच्चा नहीं हो जाता है!! **गजेन्द्र गिरीश देवांगन**

सूखे से कुछ गुलाब आए थे

सूखे से कुछ गुलाब आए थे ऐसे खत में जवाब आए थे। बेवजह हो गए ख़फ़ा आप तो हम तो करने हिसाब आए थे। सुब्ह होते ही ली दवा हमने रात जीने के ख्वाब आए थे। **वंदना मोदी गोयल**

तुम्हारे बेजान पत्थरों के पहुँच से

तुम्हारे बेजान पत्थरों के पहुँच से बाहर निकल रहे हैं तुम अपना आईना पास रखो हम अपना चेहरा बदल रहे हैं तुम्हारे जैसी उड़ान अपनी, न हो सकी है, न हो सकेगी हमारी इतनी खता बहुत है कि अपने पैरों से चल रहे हैं !! **कल्याणी कबीर**

मेला हो खुशियों का तब वक्त ठहर

मेला हो खुशियों का तब वक्त ठहर जाता है। सच मानों तो दिल से हर बोझ उतर जाता है। कोई उम्मीद चमक उठती है बन उजली किरण। लगता है यह दिल दर्पण सा संवर जाता है। **चन्द्रकान्ता मा प्रदीपा**

बहती थी कभी संवेदना उसकी सरिता

बहती थी कभी संवेदना उसकी सरिता की तरह बिल्कुल, नाम के अनुरूप। लगातार बिना किसी विश्राम के सदियों तक! लेकिन बस एक दिन दूर सागर दिखा संवेदना से लबरेज! उसमें जा मिली शायद अब उसे जरूरत थी उसी संवेदना की! जो बरसों दिया उसने इस पूरे जहां को! धीरे- धीरे फिर उसकी संवेदना भी अब सिमटकर बूंद हो गयी भूमंडल के प्रचलन की तरह! **सरिता खोवाला**

लघु कथा

तीसरी बकरी

कहाँ गयी तीसरी बकरी? रोहित और मोहित बड़े शरारती बच्चे थे, दोनों स्टैण्डर्ड के स्टूडेंट थे और एक साथ ही स्कूल आया-जाया करते थे। एक दिन जब स्कूल की छुट्टी हो गयी तब मोहित ने रोहित से कहा, दोस्त, मेरे दिमाग में एक आईडिया है? बताओ-बताओज्क्या आईडिया है?, रोहित ने एक्साईटेड होते हुए पूछा। मोहित- वो देखो, सामने तीन बकरियां चर रही हैं। रोहित- तो! इनसे हमे क्या लेना-देना है?

मोहित- हम आज सबसे अंत में स्कूल से निकलेंगे और जाने से पहले इन बकरियों को पकड़ कर स्कूल में छोड़ देंगे, कल जब स्कूल खुलेगा तब सभी इन्हें खोजने में अपना समय बर्वाद करेगे और हमें पढाई नहीं करनी पड़ेगीज÷

रोहित- पर इतनी बड़ी बकरियां खोजना कोई कठिन काम थोड़े ही है, कुछ ही समय में ये मिल जायेंगी और फिर सबकुछ नार्मल हो जाएगा। मोहित- हाहाहाज्यही तो बात है, वे बकरियां आसानी से नहीं ढूंढ पायेंगे, बस तुम देखते जाओ मैं क्या करता हूँ! इसके बाद दोनों दोस्त छुट्टी के बाद भी पढ़ायी के बहाने अपने क्लास में बैठे रहे और जब सभी लोग चले गए तो ये तीनो बकरियों को पकड़ कर क्लास के अन्दर ले आये। अन्दर लाकर दोनों दोस्तों ने बकरियों की पीठ पर काले रंग का गोला बना दिया। इसके बाद मोहित बोला, ÷अब मैं इन बकरियों पे नंबर डाल देता हूँ।

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता)। भारत और विश्व के इतिहास में 16 दिसंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार है-

1631 - इटली के माउंट विसुवियस में ज्वालामुखी विस्फोट से छह गांव तबाह, चार हजार से अधिक लोग मारे गये।

1707 -जापान के माउंट फुजी पर्वत में अंतिम बार ज्वालामुखी विस्फोट हुआ।

1862-नेपाल में संविधान लागू।

1889 - ब्रिटिश संसद की अधिकार घोषणा को राजा विलियम और रानी मेरी ने स्वीकृत कर शासन में जनता के अधिकार को मान्यता दी

1920- चीन के कांसू प्रांत आए भूकंप के कारण से एक लाख से अधिक लोगों की मौत।

1927- आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज सर डॉन ब्रैडमैन ने न्यूसाउथ वेल्स और दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच से अपने प्रथम श्रेणी क्रिकेट की शुरुआत की।

न्यूज गैलरी

टोप्पो दुर्ग जिले के प्रेक्षक नियुक्त

दुर्ग। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय के आम निर्वाचन 2019 के सफल संचालन एवं प्रेषण हेतु दुर्ग जिले के लिए राजेश सुकुमार टोप्पो को प्रेक्षक नियुक्त किया गया हैं। श्री टोप्पो नगर निगम दुर्ग भिलाई, नगर पालिका परिषद कुम्हारी अहिवारा एवं नगर पालिका पंचायत धमधा, उतई, पाटन के प्रेक्षक बनाए गए हैं। प्रेक्षक से 16 दिसम्बर 2019 से प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक सर्किट हाऊस दुर्ग में निकायों के पार्षद प्रत्याशी मिल सकते है।

महाराष्ट्र मंडल से वसूला जुर्माना

दुर्ग। निगम द्वारा आयुक्त इंद्रजीत बर्मन के मार्गदर्शन और दिशा निर्देश पर निरंतर शहर की बेहतर सफाई करायी जा रही है। शहर के प्रत्येक घरों से डोर टू डोर कचरा रिक्शा कचरा गाड़ी में लिया जा रहा है। वहीं दुकानों व्यापारियों से बाजार क्षेत्र में दो पालियों में कचरा एकत्र कराया जा रहा है। निगम को सहयोग करने शहर वासियों, व्यापारियों, दुकानदारों, समस्त नागरिकों से कहा। इस दौरान महाराष्ट्र मंडल से 10 हजार जुर्माना लिया।

6 हुए सेवानिवृत्त

दुर्ग। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र से माह नवंबर 2019 में सेवानिवृत्त हुए 06 अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए क्षेत्रीय मुख्यालय के सभागार में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में कार्यपालक निदेषक संजय पटेल ने सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों का शॉल, श्रीफल एवं प्रमाणपत्र भेंटकर अभिनंदन किया। 2019 में कार्यपालन अभियंता एआर सिंह, अनुभाग अधिकारी बीके साव, कार्यालय सहायक श्रेणी दो मान सिंह सहित अन्य सेवानिवृत्त हुए।

लोक अदालत से 43 खंडपीठों में 855 प्रकरण निराकृत

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय एवं तहसील न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग अध्यक्ष जीके मिश्रा ने जिला न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया। इस अवसर पर में न्यायाधीशगण, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष गुलाब सिंह पटेल एवं सचिव रविशंकर सिंह, लीड बैंक, बैंक के प्रबंधक, विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव राहुल शर्मा ने बताया कि नेशनल लोक अदालत के लिए 43 खण्डपीठा का गठन किया गया। नेशनल लोक अदालत में 855 न्यायालयीन प्रकरण निराकृत हुए। जिनमें से 554 दांडिक प्रकरण, 35 विद्युत के प्रकरण, क्लेम के 57 प्रकरण, 47 पारिवारिक मामले, 130 चेक अनादरण मामले, 23 अन्य सिविल मामले, श्रम न्यायालय दुर्ग के 3 प्रकरण, स्थायी लोक अदालत जनोपयोगी सेवा के 6 प्रकरण शामिल है। इसके अलावा विद्युत, बैंकिंग एवं नगर निगम के कुल 93 प्री-लिटिगेशन (पूर्व वाद) प्रकरण लोक अदालत के माध्यम से निराकृत किए गए।

खंड़पीठ न्यायालयों में 50 से अधिक न्यायालयीन प्रकरणों का निराकरण हुआ

सुश्री शुभदा गोयल पीठासीन अधिकारी खंडपीठ क्रमांक-1 भिलाई - 3 में कुल 77 न्यायालयीन प्रकरण निराकृत किए गए। मोहन सिंह कोर्राम पीठासीन अधिकारी खंडपीठ क्रमांक- 13 में कुल 72 दांडिक प्रकरण निराकृत हुए।

5 वर्ष से लंबित 7 प्रकरणों का निराकरण एक ही खंडपीठ पर

हरेन्द्र सिंह नाग खंडपीठ क्रमांक- 14 में न्यायालय में 5 वर्ष से अधिक समय से लंबित 7 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

बीमा कंपनी देगी 10 लाख का मुवाअजा

पीठासीन अधिकारी मधुसूदन चंद्राकर खंडपीठ क्रमांक-7 के द्वारा समझाईश दिये जाने पर भिलाई स्टील प्लॉट के कर्मचारी की बस दुर्घटना से आई चोट से उत्पन्न मोटर दुर्घटना प्रकरण में बीमा कंपनी एवं पीडित पक्षकार के मध्य दस लाख रूपए में राजीनामा किया गया। बीमा कंपनी पीड़ित को 10 लाख रूपए अदा करने में सहमत हुई।

पति ने मांगा ससुराल पक्ष से माफी

अनूप तिग्गा पीठासीन अधिकारी खंडपीठ क्रमांक-18 में ससुर ने अपने दामाद के विरूद्ध अपनी बेटी के साथ हुए मारपीट की कराई गई दर्ज रिपोर्ट पर से आज लोक अदालत में पति ने शराब नहीं पीने और माफी मांगने पर प्रकरण राजीनामा पर समाप्त किया गया। लड़के के पिताजी ने भी खंडपीठ के समक्ष बहु का समर्थन किया तथा अपने लड़के को समझाया।

15 साल से अलग रहे पति-पत्नि हुए एक साथ

निर्मल मिंज प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब खंडपीठ क्रमांक-1 में 15 साल से अलग रह रहे दंपति ने एक साथ रहने के लिए राजीखुशी राजीनामा किया। उनका विवाह 27 साल पहले हुआ था। पति ने साथ रहने के लिए परिवार न्यायालय में प्रकरण लगवाया था। पीठासीन अधिकारी द्वारा सौहादपूर्ण वातावरण में पति-पत्नि को समझाईश दिए जाने पर दोनों एक साथ अपना जीवन निभाने के लिए राजी खुशी से राजीनामा कर अपने घर बसाया।

पत्नि ने पति में राजीनामा साथ रहने को तैयार

नीरूसिंह अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीष कुटुम्ब न्यायालय खंडपीठ क्रमांक-3 में पत्नि ने पति से तलाक लिये जाने एवं भरण पोषण के लिए प्रकरण दर्ज कराया । पत्नि ने भरण पोषण की राशि की वसुली के लिए धारा 125(3) का भी प्रकरण न्यायालय में दर्ज कराया। वर्ष 2011 से पति-पत्नि की बातचीत बंद थी। विवाह के पश्चात् पति-पत्नि केवल दो माह साथ में रहे थे। आज लोक अदालत पर पीठासीन अधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा समझइए जाने पर राजीखुशी से पत्नि ने पति से राजीनामा करते हुए एक साथ रहने को तैयार हुए।

स्थानांतरित हुए न्यायाधीश विवेक तिवारी एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट निकुंज

अधिवक्ता संघ ने समारोह आयोजित कर दी बिदाई

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिला अधिवक्ता संघ के द्वारा शनिवार को संघ के बैठक हाल में एक समारोह का आयोजन कर दुर्ग कोर्ट से बिलासपुर स्थानांतरित हुए अपर न्यायाधीश विवेक कुमार तिवारी व बालोद स्थान्तरित हुई। न्यायिक मजिस्ट्रेट शीतल निकुंज को संघ के पदाधिकारियों व अधिवक्ताओ द्वारा पुष्पगुच्छ से स्वागत व मुंह मीठा कराकर बिदाई दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्यअतिथि जिला एव सत्र न्यायाधीश गोविंद कुमार मिश्रा विशेष अतिथि

न्यायाधीश मधुसुदन चंद्राकर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहन सिंह कोरॉम कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संघ के अध्यक्ष गुलाब सिंह पटेल व अन्य अधिवक्ताओ ने अपने उद्बोधन में बिदा हो रहे न्यायाधीशगण के द्वारा किए गए उपलब्धि पूर्ण कार्यो को याद करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई, वही विदा हो रहे दोनों न्यायाधीश ने दुर्ग बार मे अधिवक्ताओं द्वारा किये गए न्यायिक कार्यो में सहयोग के लिए आभार माना उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा हमने दुर्ग के बार से बहुत अनुभव प्राप्त किया है उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता हमे वरिष्ठ अधिवक्ताओ से मार्गदर्शन व सभी अधिवक्ताओ से भरपूर स्नेह मिला है जिसकी बदौलत ही हमे पेंडिंग केस कम समय मे सुलझाने का अवसर मिल सका है हमे दुर्ग बार की सदैव याद आती रहेगी, कार्यक्रम का संचालन सचिव रविशंकर सिंह ने आभार प्रदर्शन सह सचिव किशोर यादव ने किया। कार्यक्रम में संघ के उपाध्यक्ष प्रकाश धन्डोरे, महिला उपाध्यक्ष पूजा मोंगरी, कोषाध्यक्ष संतोष देवांगन ग्रंथालय सचिव आशीष सूर्यवंशी, सांस्कृतिक सचिव रविशंकर मानिकपूरी, सदस्यगण आलोक सारस्वत, अजय शर्मा, अमर जैन, बजरंग श्रीवास्तव, विजय सोनकर, कु.किरण गुप्ता, जमील अहमद, विजय कसार, मधुलिका झा, ललित आडिल, ललित तिवारी, पल्लवी दास, सुलोचना बाबरिया, अवधेश राय शकील सिद्दीकी, रेवा खरे, सरोज लाल, मनोज मून, अनिल जायसवाल, दानिश परवेज़, नाहिद हसन, रवि शर्मा, रजनीश श्रीवास्तव, अजहर अली, हीना रसूल कुरैशी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

शिविर में 543 ने कराया जांच

कामराजू ने डॉक्टर व स्टाफ को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। श्री सत्य साई सेवा समिति एवं सुरप्रित चोपड़ा हार्ट फाउंडेशन के तत्वाधान में विधायक व महापौर देवेन्द्र यादव के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन शा. हायर सेकेंडरी स्कूल जोन 2 वार्ड 35 में आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 543 लोगों से अपनी जांच करवाई। इस शिविर का उद्घाटन विधायक व महापौर श्री यादव ने किया।

इस दौरान श्री यादव ने कहा कि यह आयोजन श्रमिक क्षेत्र में लगातार होती रहनी चाहिए जिससे वहां के ऐसे लोग अस्पताल आ जा नहीं सकते उन लोगों शिविर से लाभ मिलेगा। खुर्सीपार ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डी कामराजू ने कहा जब भी खुर्सीपार

में ऐसा आयोजन होगा उसमे हम सभी पूर्ण सहयोग करेगें।

शिविर में हृदय चर्म रोग, होम्योपैथिक फिजियोथेरिपी, आंख, कान स्त्री रोग व सम्पूर्ण जांच की सुविधा उपलब्ध थी ।डॉ सुरप्रित चोपड़ा, राहुल गुलाटी, रितेश वाल्मीकि, केसी भगत, शरद उइके, सुरेश शर्मा, गिरीश सोनवानी, रमन मानिकपुरी, विकास सोनी, केआर साहू, विजय तिवारी, अनिता जगयासी, अजय धनकर, समीर वर्दियां, गौरव पाठक, मुकेश बोहरे, श्री सत्य साई संस्थान केटी रामाराव, टी अंजना, व्ही सत्यदीप नायडू, श्याम साई, रमेश पिल्ले, राजेश्वरी नायडू एवं कार्यक्रम में मुख्य सहयोगी कांग्रेस कमेटी के मुरलीधर, पी राजा, कमल प्रसाद, लोकनाथ, सुमित सिंग, पंकज मानिकपुरी, मानसिंग, हीरा लाल, राहुल, एल्डरमेन डी नागमणि, बबीता भैंसारे, राकेश रॉय, अरुण राय, गोपाल राव, मून, रोशन, संजय, हरीश उपाध्याय, रामाराव, अज्जू, मनोज कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्तिथ थे। समापन समारोह में डी कामराजू ने शिविर में सहयोग करने वाले समस्त डॉक्टर व स्टाफ को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया ।

नाड़ी परीक्षण शिविर से सैकड़ों हुए लाभांवित

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। गवलीपारा स्थित शगुनद्वार में आयोजित दो दिवसीय नाड़ी परीक्षण शिविर का रविवार को शुभारंभ हुआ। शिविर का लाभ लेने पहले दिन ही लोग बड़ी संख्या में जुटे। शिविर में बैंग्लोर से आए अन्तर्राष्ट्रीय आयुर्वेदाचार्य डॉण् अभिषेक सिंह ने मरीजो की जांच की और उन्हें आवश्यक परामर्श दिए। शिविर में पाचन संबंधी व्याधियाँ, ब्लडप्रेशर, शुगर, चर्म रोग, गठिया वात, माइग्रेन से पीड़ित मरीज सर्वाधिक मिले। इसके अलावा हृदय से संबंधित बीमारियों, एलर्जी, आर्थराइटिस, अनिद्रा, वजन घटने व बढने़ से संबंधित मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया है। अनिल मेडिको द्वारा आयोजित यह शिविर 16 दिसंबर को भी चलेगा। शिविर में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक व शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक मरीज आयुर्वेदाचार्य से परामर्श ले सकेंगे। अन्तर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त आयुर्वेदाचार्य डॉ. अभिषेक सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ की पानी भारी व वायु में दिनो दिनों अशुद्धता की वजह से शरीर में पित्तए वात व कफ का अनुपात बिगड़ता जा रहा है। जिसके प्रभाव स्वरूप ब्लडप्रेशर, शुगर, पाचन तंत्र में खराबी, चर्म रोग, गठिया वात, माइग्रेन व अन्य बीमारियां सामने आ रही है।

संस्कृत में कैरियर की बड़ी संभावनाएं : प्राचार्य

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। संस्कृत में कैरियर की बडी. संभावना है यदि आप विषय पर अच्छी पकड़ रखते है तो बहुत से क्षेत्र है जहां आप अपना कैरियर बना सकते है । आज संस्कृत की विद्वानों की मांग विदेशों में अत्यधिक है जर्मनी जैसे देशों में संस्कृत शिक्षकों को अच्छा पैकेज दिया जाता है । इसी के साथ सेना में धर्म गुरू, शिक्षक ,आकाशवाणी और टी. वी. में समाचार वाचक जैसे बहुत सी संभावनाएं विदमान है। उक्त बाते साइंस कालेज के प्राचार्य डॉ. आरएन सिंह के छात्र-छात्राओं के लिए है। इस समय महाविद्यालय में संस्कृत संभाषण शिविर का आयोजन संस्कृत विभाग के द्वारा किया गया है । जिसमें संस्कृत में सम्भाषण, लेखन, उच्चारण आदि पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कार्यक्रम में हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अभिनेष सुराना ने छात्र -छात्राओं को संस्कृत संभाषण में अभ्यास करने पर जोर दिया । उन्होंने कहा कि कोई भी भाषा बिना अभ्यास के नहीं आ सकती संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. जनेन्द्र कुमार दीवान ने छात्र-छात्राओं को श्लोक एवं मंत्र उच्चारण पर विशेष ध्यान देने को कहा।

संस्कृत प्रशिक्षक अमित मिश्र ने छात्र-छात्राओं को सरल रूप से संभाषण करने की विधि बता रहे है । हम अपने दैनिक उपयोग में किन-किन शब्दों का प्रयोग करें तथा किन शब्दों में वर्तालाप करें । संस्कृत में क्रीड़ा अभिनय के द्वारा संभाषण करते हुये निरंतर हम कैसे संभाषण करें । उपस्थित छात्र संस्कृत में ही वार्तालाप करते है आगे और कैसे शुद्ध तरीके से वार्तालाप करें । यह प्रशिक्षण कार्यक्रम महाविद्यालय के सभी संकाय के छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क है । जिसमें संस्कृत संभाषण सीख सकते है । इसका आयोजन प्राचार्य के निर्देश से संस्कृत विभाग के द्वारा किया जा रहा है ।

स्कंदाश्रम में बवासीर शिविर

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। स्कंदाश्रम द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के अंर्तगत वृहद बवासीर शिविर का आयोजन स्कंदाश्रम हुडको में किया। 250 से अधिक मरीजों का परीक्षण किया गया। जिसमें 20 से अधिक मरिजों का लेजर पद्धति से आपरेशन देश के प्रसिद्ध चिकित्सक बड़ोदा के डॉ. विपुल मिस्त्री द्वारा किया गया। स्कंदाश्रम के संस्थापक तथा प्रमुख सूत्रधार आर्चाय श्री मणिस्वामी ने डॉ

मिस्त्री का स्वागत किया। डॉ मिस्त्री के द्वारा खानपान में परहेज तथा अन्य आवश्यक जानकारी मरीजों को दी। 14 दिसम्बर को रात्रि 11 बजे तक मरीजों का परीक्षण किया गया। 15 दिसम्बर को सुबह 9 से ही लेजर पद्धति से आपरेशन दोपहर तक चला।

शपथ दिलाई

दुर्ग। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के क्षेत्रीय मुख्यालय प्रांगण में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विष्व मानव अधिकार दिवस पर शपथ ली गई। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता विकास कुमार गुप्ता द्वारा उपस्थितजनों को सभी मानव अधिकारों को पूर्ण विश्वास एवं निश्ठा से धारण कर उन अधिकारों के सरंक्षण एव संवर्धन में अपना पूरा कर्तव्य निभाने की शपथ दिलाई गई।

कल पंचदश दीक्षांत समारोह

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ द्वारा 17 दिसंबर को पंचदश दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विश्वविद्यालय द्वारा प्रावीण्य के आधार पर दुर्ग की अर्पिता कर का चयन सत्र 2018 के स्वर्ण पदक के लिए किया गया है। इंडियन आइडल फेम दुर्ग की अर्पिता कर ने कोविद/क्लासिकल की परीक्षा में पूरे देश मे प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय खेरागढ़ द्वारा 17 दिसम्बर को स्वर्ण पदक से उनका सम्मान किया जाएगा। अर्पिता वर्तमान में डीपीएस स्कूल रायपुर में म्यूजिक टीचर के रूप में कार्यरत है। उनकी इस उपलब्धि पर शहर के कला एवं संगीत से जुड़े कला एवं संगीत प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

कांग्रेस से बगावत, 6 वर्षो का निष्कासन

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी शहर द्वारा नगर पालिक निगम वर्ष 2019 पार्षद चुनाव में शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्देशित करने के बावजूद कांग्रेसियों द्वारा ना ही नाम वापस लिया गया और ना ही समर्थन दिया, समझाईश देने के बाद भी जिन कांग्रेसियों द्वारा पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हें अनुशासहीनता के कारण कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्षो के लिए निष्कासित किया गया। निष्कासित लोगों में अमृत लोढ़ा, श्रीमती धनवन्तीन निषाद, आशीष चन्द्राकर, सतीष देवांगन, अहमद हसन, श्रीमती उषा ठाकुर, संतोष राखोण्डे, बी.अनिल राव, कु.सबाना रानी, बबीता यादव, श्रीमती विजयलक्ष्मी दिलीप मिश्रा, श्रीमती लीला, कुलेश्वर साहू, बसंत खिलाड़ी, रेखा तिवारी, रासबिहारी बारी, श्रीमती हमेश्वरी निषाद, हेमंत वर्मा, हरेन्द्र नेगी, भास्कर कुण्डले, भीमा चौहान, विभा नायक, चन्द्रशेखर साहू को अनुशासहीनता के कारण कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्षो के लिए निष्कासित किया गया। उक्त जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष आर.एन वर्मा ने दी।

रंगारंग प्रस्तुति | पालिथीन हमारे दैनिक जीवन में जहर का काम कर रही है : रक्षा

शंकराचार्य में मना स्वच्छता पखवाड़ा दिवस

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी भिलाई में एनसीसी कैडेटो द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की निदेशक एवं प्राचार्या डॉ. रक्षा सिंह एवं महाविद्यालय के अतिरिक्त निदेशक डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती की वंदना एवं अतिथियो का स्वागत पौधे से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की निदेशक एवं प्राचार्या डॉ. रक्षा सिंह ने पॉलिथीन का उपयोग न करने के लिए शपथ ग्रहण करवाया। कार्यक्रम के मुख्य

अतिथि ने बताया कि पालिथीन का उपयोग कितना नुकसान दायक हो रहा है इसके बारे में जानकारी दी। इसके पश्चात कैडेटो के द्वारा पालिथीन का उपयोग न करने के उपर नाटक तथा नृत्य नाटिका पर रंगारंग प्रस्तुति दी गयी। महाविद्यालय की निदेशक एवं प्राचार्य डॉ. रक्षा सिंह ने कहा की पालिथीन हमारे दैनिक जीवन में जहर का काम कर रही है। इसे मुनष्य जीवन और धरती को बहुत ही नुकसान हो रहा है। पालिथीन को हमें हर जगह से पूरी तरह खत्म करना होगा। महाविद्यालय के अतिरिक्त निदेशक डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव ने इकाई के कैडेट के द्वारा विगत वर्षों के इस तरह के सामाजिक कार्यों को याद करते हुए कहा की इकाई के द्वारा हमेशा ही विभिन्न पुनीत एवं सामाजिक कार्य करके महाविद्यालय की प्रतिष्ठा को बढ़ाने का कार्य किया है। इस कार्यक्रम में कुल 85 कैडेट्स शामिल थें। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनसीसी के प्रभारी लैफ्टेनेट डॉ. केजे मण्डल एवं लैफ्टेनेट उज्जवला भोंसले का योगदान रहा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों का किया सम्मान

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। थाना अण्डा के अपराध क्रमांक 149/2019 धारा 302 भादवि में हुए सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड को सुलझाने में विशेष योगदान देने वाले पुलिस अधिकारी, कर्मचारी को अजय कुमार यादव (भा.पु.से.) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग द्वारा पुलिस कन्ट्रोल रूम सभागार में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया हैं तथा सभागार में श्री रोहित झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर), श्री लखन पटले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), श्रीमती प्रज्ञा मेश्राम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (आईयूसीएडब्लू), श्री प्रवीर चन्द्र

तिवारी उप पुलिस अधीक्षक (क्राईम) की उपस्थिति में डॉ0 अनुपमा मेश्राम (एसएसओ) एफ एस एल यूनिट दुर्ग, निरीक्षक राजेश झा थाना अण्डा, निरीक्षक गौरव तिवारी सायबर सेल, प्रधान आरक्षक राजकुमार दिवाकर रानीतराई, आरक्षक बहुर सिंह नेताम रक्षित केन्द्र दुर्ग, आरक्षक चालक देवेन्द्र साहू रक्षित केन्द्र दुर्ग, आरक्षक राजकुमार चन्द्रा उतई, आरक्षक नोमेश कुमार ठाकुर रक्षित केन्द्र दुर्ग, आरक्षक नीरज लीम्बू अण्डा, आरक्षक जूगनू सिंह एवं उपेन्द्र यादव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया हैं।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./275/अ-2/2018-19

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री अनिल कुमार जैन आ. श्री मानकचंद जैन निवासी रवेलीडीह द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम नंनकट्ठी प.ह.न. 14 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1470 रकबा 0.40 हें/43560 वर्गफीट के व्यवसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के प्रस्तुत प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10.11.2019 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

लेनदेन पर भाईयों में मारपीट

महासमुंद। रुपए के लेनदेन को लेकर मारपीट की घटना सामने आई है। खल्लारी थानांतर्गत हुए विवाद में युवक ने अपने ही सगे भाई के साथ मारपीट की। प्रार्थी ओकेश मिश्रा ने पुलिस को बताया है कि शनिवार को आरोपी हाड़ाबंद निवासी मोकेश मिश्रा ने प्रार्थी को पैसों की बात को लेकर हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर खल्लारी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 323 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

दहेज प्रताड़ना के खिलाफ ससुरालियों पर जुर्म दर्ज

महासमुंद। दहेज प्रताड़ना की शिकायत पर बसना पुलिस ने सारंगढ़ निवासी ससुरालियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। प्रार्थिया चंद्रकला ने पुलिस को बताया कि परिजनों खगेश्वर प्रसाद पिता नितराम रात्रे, नितराम रात्रे, श्याम बाई रात्रे, श्रीमती धनेश्वरी, बखेश्वर रात्रे, फरसुराम रात्रे, सानिया रात्रे निवासी ग्वालीनडीह थाना सारंगढ़ जिला रायगढ़ द्वारा लगातार पिछले 1 वर्ष से दहेज में वाशिंग मशीन, सोफा, मोटरसायकल और डबल बेड नहीं लाई हो कहकर हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 498 (ए), 294, 323, 506/34 के तहत अपराध पंजीबद्द किया है।

तीन लोगों से 40 लीटर शराब बरामद

महासमुंद। पुलिस ने करीब 10 हजार रुपए की ओड़ीशा निर्मित शराब जब्त की है। मुखबिर की सूचना पर कोमाखान पुलिस ने सिमगांव जाने वाले मोड़ के आगे किनारे छिबर्रा में दोपहर आरोपी सीधेश्वर सिन्हा, डीलेश्वर सिन्हा, गिरधर चौहान के कब्जे से वाहन क्रमांक सीजी 06 जीसी 8205 से ओड़िशा निर्मित जेब्रा और हिरन छाप करीब 40 लीटर शराब जब्त की है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई।

योग से रोग भगाने के बताए उपाय

महासमुंद। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वावधान में योग प्रचारक प्रकल्प से पांच दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का आयोजन 11 से 15 दिसंबर तक ग्राम पंडरीखार (पिथौरा) में रखा है। शिविर में ग्रामीण महिलाएं एवं बुजुर्ग शामिल होकर योग का लाभ ले रहे हैं। स्वदेशी स्वास्थ्य व योगासन का अभ्यास ग्रामीणों को बताया जा रहा है। जो सुबह 6 से 8 बजे तक एवं शाम में जड़ी बूटियों के माध्यम से उपचार एवं खान-पान के तरीके के संबंध में अवगत कराया जाता है। योग शिविर के माध्यम से ग्राम में जागरूकता रैली एवं स्वच्छता अभियान का भी आयोजन किया गया।

बंद पॉवर प्लांट से क्वाइल चोरी

महासमुंद। बंद पड़े एक पॉवर प्लांट से 50 हजार रुपए की तांबे की क्वाइल चोरी की शिकायत तुमगांव थाने में की गई है। लक्ष्मीनगर रायपुर निवासी प्रार्थी लखन कीलेकर के अनुसार बीती रात तुमगांव में बंद पॉवर प्लांट में प्रवेश कर चोरी हुई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज किया है।

अनाचार की शिकायत

महासमुंद। खल्लारी थाने में कोसरंगी निवासी गणेशु निर्मलकर के खिलाफ एक महिला ने शादी का प्रलोभन देकर अनाचार की शिकायत दर्ज कराई है। महिला के मुताबिक युवक ने शादी करने से इंकार कर दिया। महिला की शिकायत पर युवक के खिलाफ धारा 376 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

धामनसरा में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। ग्राम धामनसरा में शासकीय कमला देवी महिला महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन इकाई द्वारा प्राचार्य श्रीमती डा. सुमन बघेल के मार्गदर्शन में सात दिवसीय विशेष शिविर संचालित हो रहा है। जिसका उद्घाटन 11 दिसंबर को हुआ। जिसमें प्रभारी प्राचार्य एम.एल. साव, क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती एस. नीता नायर के अलावा जनपद सदस्य योगेन्द्र दास वैष्णव, उपसरपंच चुम्मन निषाद उपस्थित थे।

उद्घटन अवसर पर प्रभारी प्राचार्य एम.एल. साव ने कहा यह शिविर बहुत ही उद्देश्य पूर्ण है, जहां आपको स्वयं के व्यक्तित्व के

विकास के साथ ही साथ गांव में जागरूकता संबंधी कार्य करना है। उपसरपंच चुम्मन निषाद ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह शिविर गांव के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। जनपद सदस्य योगेन्द्र दास वैष्णव ने कहा कि इंसान का शिक्षित होना ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि एक अच्छा इंसान होना ज्यादा महत्वपूर्ण है। शिविर गतिविधियों के अंतर्गत प्रातः प्रभातफेरी, योग एवं पीटी होता है। इसके पश्चात गांव में स्वच्छता अभियान चलाया जाता है।

13 दिसंबर को दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों के अलावा ग्रामवासियों ने भी अपने दांतों की जांच करवाई। 14 दिसंबर को जनकल्याण समिति के अध्यक्ष योगेन्द्र प्रताप सिंह तथा विजेन्द्र कुमार जंघेल द्वारा एड्स जागरूकता संबंधी फिल्म का प्रदर्शन किया गया। सांय कालीन गतिविधि के अंतर्गत खेलकूद के साथ ही रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत गीत, नृत्य एवं जागरूकता संबंधी नाटक का मंचन किया जाता है। शिविर का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी श्रीमती रामकुमारी धुर्वा द्वारा किया जा रहा है। शिविर में ग्रामवासियों का सहयोग सराहनीय है।

खबरदार रैली निकाल किसानों ने किया निर्णायक संघर्ष का शंखनाद

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। जिले भर से आये किसानों नें जिला किसान संघ के बैनर तले शनिवार को खबरदार रैली निकाली एवं अपनी मांगों को लेकर निर्णायक संघर्ष का शंखनाद किया, इससे पहले जिला केन्द्रीय सरकारी बैंक के सामने सभा को प्रतिनिधियों ने संबोधित किया। 2500 रूपये प्रति क्वींटल समर्थन मूल्य, सम्पूर्ण कर्ज माफी, 2 सालों का बोनस के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया गया। साथ ही धान खरीदी में अड़गेंबाजी को लेकर सरकार की जमकर खिंचाई की गई।

सरकारों के रवैये को देखते हुए निरंतर संघर्ष की जरूरत के मद्दे नजर गांव-गांव में किसान संघर्ष कोष बनायेंगे। जिसके लिए प्रति एकड़ एक काठा धान वार्षिक सहयोग देने का आहवान किया गया है, जिसका लेखा जोखा गांव

स्तर पर ही रखा जायेगा।

2017 का कर्ज माफ नहीं किये जाने के मुद्दे पर इच्छुक किसानों से सहमति लेकर हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की जायेगी। सोसायटीवार सहमति पत्र में हस्ताक्षर हेतु जल्द ही प्रारूप सोसायटियों में रखे जायेगे। रकबा कटौती वापसी के लिए गांवो में पंचनामा तैयार कर तहसीलदार को सौपा जावेगा सुधार नहीं होने पर अधिकारियों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कराया जावेगा।

विलंब एवं कम खरीदी से किसान परेशान है। टोकन के लिए सोसायटी का चक्कर लगा रहे है। उपर से रकबा कटौती अलग और 2500 भी नहीं दिया जा रहा है। वही सोसायटियों में पुलिस तैनात है। धान परिवहन में कई जगह जाँच के बहाने परेशान किया जा रहा है। छोटे व्यापारियों की छापे मारी, जब्ती से अंततः किसान ही परेशान हो रहे है। किसान को चोर की निगाह से देखने पर अपमानित महसूस कर रहे है धान की खेती परेशानी का सबब बन गयी है। मानो गांजा, अफीम की खेती कर रहे हो। प्रतिनिधियों ने कहा है कि सरकार पुलिस को सोसायटियों के बजाय शराब दुकानों में लगाये एवं किसान, उसकी मेहनत एवं अन्न का अपमान करना बंद करे।

खबरदार रैली गुरूद्वारा, मानव मंदिर चौक, भारत माता चौक, शनि मंदिर, गुड़ाखू लाईन, जुनी हटरी होते हुए जय स्तम्भ चौक पहुंची। चौक के चारों ओर मानव श्रृंखला बनाकर निर्णायक संघर्ष का शंखनाद किया गया। संघर्ष को तेज करने सभी ब्लाकों में कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया जायेगा एवं जवाबदारी दी जावेगी। एक सप्ताह बाद समीक्षा बैठक की जावेगी। सरकार द्वारा सकारात्मक पहल नहीं किये जाने की स्थिति में प्रदेश स्तरीय किसान महापंचायत बुलाने पर विचार किया जावेगा, जिसमें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं जन घोषणा पत्र निर्माण समिति के अध्यक्ष श्री टीएस सिंह देव को भी बुलाया जावेगा।

कार्यालय में तोडफोड़, तलवार लेकर दौड़ाया

महासमुंद। शराब पीने के लिए पैसे नहीं दिए तो शराबी युवक ने प्रार्थी के स्टाफ के साथ मारपीट करते हुए कार्यालय में तोडफ़ोड़ की और जान से मारने की धमकी देते हुए तलवार लेकर दौड़ाया। बसना थानांतर्गत हुई इस घटना की रिपोर्ट में प्रार्थी अल्काश खैरानी पिता मो. इलयास खैरानी ने पुलिस को बताया कि शनिवार देर शाम आरोपी उनके मेन रोड स्थित दफ्तर में पहुंचा और शराब पीने के लिए 500 रुपए की मांग की। शराब के लिए पैसे नहीं देने पर प्रेमसिंह डड़सेना आक्रोशित हो गया और प्रार्थी के कार्यालयीन स्टाफयोगेश साहू और किशन साहू को हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए तलवार लेकर दौड़ाया। साथ ही कार्यालय के दरवाजे का कांच एवं टेबल कुर्सी से तोडफ़ोड़ की है। प्रार्थी की शिकायत पर बसना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भादवि की धारा 294, 323, 327, 427, 506 के तहत अपराध पंजीबध्द कर मामले को विवेचना में लिया है।

पांच प्रकरण में 164 क्विंटल धान जब्त

महासमुंद। अब तक कोचिए एवं बिचौलिए के साथ धान के अवैध परिवहन और भण्डारण के 299 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिसके अंतर्गत 44 हजार 141 बोरे धान 17 हजार 660.8 क्विंटल धान जब्त किया गया है। शनिवार को पांच प्रकरण में 164.8 क्विंटल धान जब्त किए गए। इनमें राजकुमार कुम्भकार बनपचरी 12 क्विंटल, दुबेसाय चिमरकेल 12 क्विंटल, विनय दुबे सांकरा 20 क्विंटल,भरत प्रधान ग्राम सल्डीह से 80 क्विंटल, बंशीलाल ग्राम चिवराकुंटा से 40.80 क्विंटल धान जब्त किया गया।

दो युवक से 20 किलो गांजा बरामद, गिरफ्तार

महासमुंद। गांजा तस्करी करते हुए दो युवक से सिंघोड़ा पुलिस ने 20 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक एक्ट की धारा 20 (ख) के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। आरोपी ओडिशा से गांजा एमपी ले जा रहे थे।

सिंघोड़ा थाना प्रभारी एसडी बघेल ने बताया कि गांजा तस्करी के आरोप में शुक्रवार को ग्राम बेलबाग तिराहा पारो बाई का बाड़ा थाना बेलबाग जिला जबलपुर एमपी निवासी गुड्डा नारायण सोनी पिता गौरीशंकर सोनी (51) एवं नई बस्ती नंबर 01 गोहलपुर थाना गोहलपुर जिला जबलपुर निवासी राजकुमार कोरी पिता बुध्दसेन कोरी (33) को गिरफ्तार किया है। ये दोनों इंडिगो कार क्रमांक एमपी 20 सीबी 7464 में ओडिशा से गांजा लेकर जबलपुर की ओर जा रहे थे। कार से खोलने पर गांजा दिखा। टीम ने गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया।

चेंबर ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को ज्ञापन सौपा

राजनांदगांव। ठाकुरटोला टोल प्लाजा पर राजनांदगांव वासियों सीजी 08 गाडियों को टोल फ्री करने की मांग को लेकर चेंबर ऑफ कामर्स के पदाधिकारियों ने खूबचंद पारख के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौपा। चेम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष ज्ञानचंद बाफना ने कहा कि डॉ. रमन सिंह को राजनांदगांव वासियों क ो टोल में हो रही परेशानी तथा लग रहे टैक्स से अवगत कराया तथा उन्हे इसके समाधान के लिए निवेदन किया है। चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष ज्ञानचंद बाफना ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से निवेदन किया कि वे इस मसले को लेकर सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से बात करें तथा राजनांदगांव की जनता को इससे राहत दिलावे। चेम्बर ऑफकामर्स के अध्यक्ष ने आगाह किया कि 15 तारीख तक अगर इसका हल नहीं निकलता है, तो आगे की कार्यवाही के सेबेध में निर्णय लिया जावेगा। डॉ. रमन सिंह से मिलने वालों में पूर्व अध्यक्ष विनोद ड्ढा, प्रदेश मंत्री भीमन धनवानी, बलवीर बग्गा, संतोष खण्डेलवाल, नरेश बावरिया, हरजीत बग्गा, राजेश अगवाल, चंदराणा, रितेश लाल, जितेश पटेल, तरूण लहरवानी तथा चेम्बर के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

15 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से होगी धान खरीदी

महासमुंद। खरीफ़ विपणन वर्ष 2019-20 में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार जिले के सभी पंजीकृत किसानों से 15 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से धान की खरीदी धान उपार्जन केंद्रों द्वारा की जा रही है। समितियों की क्षमता के अनुरूप एवं उसकी व्यवस्थाओं के अनुसार धान की अबाध गति से खरीदी हो रही है तथा निरन्तर व्यवस्था बनाई जा रही है कि किसानों को अपना धान बेचने में किसी भी तरह की कठिनाई नहीं होने पाए। समितियां की क्षमता के अनुरूप जिले में धान का उपार्जन कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार जिले में पंजीकृत किसानों से प्रति एकड़ 15 क्विंटल धान खरीदी की जा रही है। इसके लिए समितियां अपनी क्षमता के अनुरूप धान खरीदी में जुटी हैं।

हादसे में घायल किशोरी की मौत

महासमुंद। पिथौरा स्थित मुरई नाला के पास शुक्रवार को हादसे में घायल हुई बच्ची ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार सुबह साढ़े 9 बजे लंबर निवासी जयप्रकाश मैत्री बाइक से पत्नी व बच्चे को लेकर कहीं जा रहा था तभी हादसा हो गया। घायल महिला व नव्या (11) को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

खैरा स्कूल में सहयोग से हुआ पेयजल व्यवस्था

राजनांदगांव। कन्हारपुरी संकुल के अंतर्गत ग्राम खैरा में शासकीय प्राथमिक शाला में पेयजल की व्यवस्था सामुदायिक सहभागिता एवं शिक्षकों के आर्थिक सहयोग से पूर्ण हुआ।

शाला से लगभग 100 मीटर दूरी से बोर के पानी को पाईप लाईन व पानी टंकी की व्यवस्था कर शाला में पेयजल व किचन गार्डन हेतु पानी उपलब्ध कराया गया। जिसका शुभारंभ विकासखंड शिक्षा अधिकारी एनके पंचभावे के

करकमलों से शिक्षकों व ग्रामवासियों की उपस्थिति में किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम के मनोज कुमार साहू, शाला के प्रधान पाठक सुरेश कुमार साहू, शिक्षिका तरूणा मेश्राम, श्रीमती गीना अली, गजेन्द्र कुमार साहू व बच्चों के पालकों ने आर्थिक सहयोग किया। सामुदायिक सहभागिता से शाला को टेबल, 2 सोफा, ब्लैक बोर्ड, लाईट व पाईप की भी प्राप्ति हुई।

रमेश मंडावी ने पुरवाही का परचम लहराया

- संस्कारधानी राजनांदगांव का नाम रोशन किया

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा विकासखंड छुरिया जिला राजनॉदगॉव के उपाध्यक्ष, सुमधुर युवा गीतकार, सुदूर वनांचल गांव कोलियारी (गैंदाटोला) निवासी भाई रमेश कुमार मंडावी नित ने 8 दिसंबर को बागबाहरा (महासमुंद) में साहित्यकार स्व. मेहत्तर राम साहू की स्मृति में आयोजित राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़ी कवि सम्मेलन प्रतियोगिता में अपनी सुमधुर कंठ से गीत की प्रस्तुति देकर जहां पुरवाही साहित्य समिति का परचम लहराया। वहीं संस्कारधानी राजनांदगांव के शान को बढ़ाया है। आयोजन समिति के धनराज साहू (बागबाहरा) एवं पुरवाही के संयोजक ओम प्रकाश साहू अंकुर ने बताया कि इस प्रतियोगिता हेतु करीब 150 प्रतिभागियों ने आडियो के माध्यम से अपनी गीत कविता को प्रेषित किए थे, उसमें से 40 रचनाकारों को चयनित कर बागबाहरा में प्रस्तुति देने के लिए आमंत्रित किया गया था। श्रभ् मंडावी ने वहां अपनी प्रतिनिधि रचना बेटी की बेहतरीन प्रस्तुति देकर प्रथम तीन कवियों में अपना स्थान बनाया है। निर्णायक मंडल में प्रदेश के वरिष्ठ भाषाविद् डा. चितरंजन कर, वरिष्ठ साहित्यकार बल्दाऊ राम साहू रायपुर, अरूण कुमार निगम दुर्ग, अशोक शर्मा महासमुंद एवं प्रवीण प्रवाह सम्मिलित थे। अब 25 दिसंबर को बागबाहरा में एक समारोह में मंडावी को डा. प्रभंजन शास्त्री सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इस युवा गीतकार को पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों सहित जिले के साहित्यकारों, ईष्ट मित्रों एवं शुभ चिंतकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

कम सुनने और बोलने वालों की बनें आवाज

- बधिरता रोकथाम और निवारण कार्यक्रम में स्वास्थ्यकर्मी प्रशिक्षित

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सामान्य सुनने वाले व्यक्ति की तुलना में 25 डेसिबल सुनने की सीमा रेखा या दोनों कानों में सुनने में होने वाले क्षति को बधिकता कहा जाता है। पीड़ित व्यक्ति को (एचओएच) या बहरापन भी हो सकता है। आमतौर पर, इस तरह के लोग सांकेतिक भाषा के माध्यम से ही संवाद कर पाते हैं। लेकिन, अगर इस ओर समुचित इलाज मिले तो सुधार एवं नियंत्रण काफी हद तक संभव है। समस्या निराकरण के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत राष्ट्रीय बधिरता रोकथाम एवं निराकरण कार्यक्रम अंतर्गत हरसंभव सेवा प्रदाय करने का लक्ष्य लिया गया है।

ऐसे पहचानें प्रारंभिक लक्षण

वयस्कों में-दूसरे व्यक्तियों को स्पष्ट सुनने में परेशानी, बार-बार दोबारा बोलने के लिए आग्रह करना, ऊँची आवाज़ के साथ संगीत सुनना या टीवी देखना, दरवाजे की घंटी या टेलीफोन की आवाज़ सुनने में असमर्थ होना तथा बच्चों में - बच्चा धीरे सीखता है और बोलते समय स्पष्ट उच्चारण नहीं कर पाता है, बच्चा दोबारा कहने के लिए बोलता है, बच्चा बहुत ज़ोर से बोलता है, बच्चा हमेशा ऊँची आवाज़ के साथ ही टीवी देखना पसंद करता है।

मिशन के जिला प्रशिक्षण समन्वयक आजूराम वर्मा के अनुसार उक्त समस्या निराकरण हेतु जिले के पिथौरा विकासखंड में चिकित्सा अधिकारियों सहित स्टाफ़ नर्स, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरुष एवं महिला कार्यकर्ता व मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को एक साथ प्रशिक्षित किया गया। रेडियोलॉजिकल संबंधी उपकरणों की उपलब्धता एवं कार्यक्रम अंतर्गत विभागीय सुविधाओं संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए गए। उल्लेखनीय है कि आगामी चरणों में संकुल स्तर पर भी कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। इसके लिए पालकों से श्रवण बाधिरता के संकेतों को पहचान कर बिना किसी विलंब के चिकित्सकीय परामर्श व उपचार लेने की अपील की गई है।

सराहनीय | **राजनांदगांव की तर्ज पर महासमुंद में मेडिकल कॉलेज का निर्माण**

खरोरा में मेडिकल कॉलेज के लिए जगह चिन्हित

महासमुंद। राजनांदगांव की तर्ज पर महासमुंद में मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया जाएगा। जिला हॉस्पिटल के पास ग्राम खरोरा में मेडिकल कॉलेज के लिए जगह चिन्हित की गई है। विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने इसके लिए प्रयास किया था। जिला प्रशासन ने मेडिकल कॉलेज के लिए ड्राइंग व प्राक्कलन तैयार किया है।

पिछले दिनों रायपुर से पहुंचे अफसरों एडिशनल डायरेक्टर डॉ. निर्मल वर्मा, रजिस्ट्रार डॉ जितेंद्र तिवारी व असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ

प्रतीक प्रधान ने विधायक विनोद चंद्राकर की मौजूदगी में ग्राम खरोरा में स्थल निरीक्षण करने के साथ ही जिला चिकित्सालय में उपलब्ध संसाधनों का जायजा लिया था। टीम ने ग्राम खरोरा में मेडिकल कॉलेज के लिए स्थल का निरीक्षण किया। बाद इसके जीएनएम व जिला हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के बाद विधायक चंद्राकर ने डीएमई डॉ एसएल आदिले से चर्चा कर मेडिकल कॉलेज खोले जाने की प्रक्रिया में तेजी लाने चर्चा की। जिस पर 12 दिसंबर को चिकित्सा शिक्षा के संचालक ने प्रमुख अभियंता को पत्र लिखकर कॉलेज के लिए ड्राइंग व प्राक्कलन उपलब्ध कराने कहा है। पत्र में बताया गया है कि केंद्रीय प्रवर्तित योजना के अंतर्गत महासमुंद में मेडिकल कॉलेज स्थापित किया जाना है। जिसके लिए भूमि चिन्हित कर ली गई है।

लोगों को मिलेगा बेहतर इलाज

विधायक चंद्राकर ने कहा कि मेडिकल कॉलेज खुलने से न केवल चिकित्सा सुविधा का विस्तार होगा बल्कि विभिन्न रोगों के विशेषज्ञों की सेवाएं यहां सुलभ हो सकेंगी। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज के लिए वे लगातार शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराते आ रहे हैं। कवायद शुरू हो गई है और इसके लिए ड्राइंग-प्राक्कलन भी तैयार हो गया है।

कवर्धा श्रमण संघीय आचार्य 1008 पूज्य श्री शिव मुनि जी महाराज साहब की

कवर्धा। आज्ञानवर्धिनी शासन प्रभावीका पूज्या महासती प्रियदर्शना जी महाराजसाहब का रविवार को यहां पदार्पण हुआ। सुमित बाजार में प्रातः कालीन प्रार्थना के उपरांत अश्विन श्रीश्रीमाल ने कृतज्ञता व्यक्त की । वहां से विभिन्न समुदाय के सैकड़ों लोगों ने जय जय कार के नारों के साथ स्थानक भवन में मंगल प्रवेश कराया। रैंली में महिला श्राविकाएं केसरिया परिधान मे थी। वही श्रावक समुदाय श्वेत वस्त्रों में पंक्ति बध्द चल रहे थे। इस अवसर पर महसती रत्नज्योति जी महाराजसाहब ने कवर्धा के अल्पकालीन प्रवास का समुचित लाभ उठाने का आव्हान किया।

सोमवार को प्रातः बड़ी साधु वंदना का सुमधुर गायन एवं इनका सरल भावार्थ महासती मोक्षदा श्री महाराजसाहब के द्वारा प्रतिपादित किया गया। इस भाव सहित वंदना मैं श्रद्धालुओं ने 1 घंटे से अधिक खड़े रहकर अपनी श्रद्धा भक्ति का परिचय दिया। दैनिक प्रवचन की श्रंखला में साध्वी श्री किरणप्रभाजी ने कहां की बुद्धि ,शरीर, संपत्ति एवं जिव्हा मिली है इसका सदुपयोग कर मोक्ष लक्ष्य साधा जा सकता है वही दूसरी ओर दुरुपयोग से दुर्गति निश्चित है।

रानीदहरा में सुविधाएं नदारद, मायुस लौट रहे पर्यटक

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। जिले के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल मे शुमार बैरख पंचायत के रानीदहरा वॉटरफाल मे पर्यटक सुविधाओं के लिए पर्यटकों को भटकना पड़ रहा है। सतपुड़ा पर्वत के सुरम्य वादियों प्रकृति के गोद में रानीदहरा जलप्रपात में पर्यटकों का आना प्रारंभ हो चूका है , ऐसे में पर्यटको की सुविधाओं को लेकर शासन प्रशासन द्वारा ध्यान नही दिये जाने से पर्यटकों को परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है।

देख रेख का अभाव –

रानीदहरा जलप्रपात मे पर्यटकों को सुविधाओं के नाम पर शासन प्रशासन के द्वारा 1 सिमेंट सेड का निमार्ण व दूसरा फॉल तक पहुंचने के लिए सीढ़ीयां बनाई गई है,जो देख रेख के आभाव मे दोने ही संसाधनों का बुरा हाल है। झरना तक पहुचनें के लिए बनायें गये सीढ़ीयों के लोहे के रैलिंग लगातार चोरी हो रही है, सीढ़ीयो में पेड़ पौधे गिर जाने के कारण पर्यटको को फॉल तक पहुंचने के लिए नदी के बीचोबीच होकर जाना पड़ता है, जिससें दुर्घटना की संभावना हमेशा बनी रहती है। रानीदहरा के लोगो ने बताया की बारिश के समय मे जंगल के नाले मे अचानक बाढ़ आ जाता है पर्यटको के द्वारा फॉल तक पहुंचने के लिए नदी मे से गुजरने से उनके नदी में बह जाने का खतरा हमेशा बना रहता है।

जर्जर पहुंच मार्ग –

रानीदहरा गांव से झरना तक पहुंचने के लिए पर्यटकों को डेढ किलोमीटर कच्ची सड़क से गुजरना होता है, लगातार छोट बड़े वाहनो के आवागमन से मार्ग जर्जर हो चुका है। फॉल के पास पुलिया ढह जाने व रानीदहरा बस्ती के पास आधा किलोमीटर कीचड़ होने से लोगो को काफी समस्या होती थी, लोगो को खेत लांघकर डेढ किलोमीटर गाड़ी छोड़कर पैदल सफर करना पड़ता था। लोगो के शिकायत पर शासन प्रशासन द्वारा कच्ची सड़क का निमार्ण कर दिया गया था , वाहनो की संख्या सड़क मे बढ़ जाने से वह कच्ची सड़क जवाब देने लगा है।

नही है सेड –

रानीदहरा झरना में काफी संख्या मे जिले व दूसरे जिले के पर्यटक वॉटर फाल का नजारा देखने पहुंचते है, यहां बेमेतरा, मुंगेली, राजनांदगांव, रायपुर जिले से काफी पर्यटक मोटर व चारपहिया वाहनो से पहुंचते है, गाड़ीयों की सुरक्षा के लिए वाहन स्टेण्ड व पर्यटको के लिए सेड की आवश्यकता महसुस की जा रही है, इसके साथ ही वाहनों के आवागमन के लिए मार्ग को दुरुस्थ कराने की भी मांग उठ रही हे ।

पैराडाईज स्कूल में छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा द्वारा सूर्यग्रहण पर कार्यशाला

■ **अंधविश्वास उन्मूलन एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण का प्रसार कार्यक्रम**

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। पैराडाईज हायर सेकेण्ड्री स्कूल में छ.ग. विज्ञान सभा द्वारा अंधविश्वास उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत सूर्यग्रहण से संबंधित अंधविश्वास एवं समाज में फैले विभिन्न प्रकार के अंधविश्वास को दूर करने हेतु एवं व्यक्ति की सर्वभौमिक विज्ञानिक सोच को विकसित करने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसमें रायपुर से विश्वास मेश्राम कार्यकारी अध्यक्ष छ.ग. विज्ञान सभा द्वारा 26 दिसम्बर को होने वाले सूर्यग्रहण के समय एवं स्थान के बारे में जानकारी दी गई । सूर्यग्रहण केवल सूर्य के सामने चन्द्रमा का आ जाना और उसकी छाया पृथ्वी पर ना पड़ना यह केवल भौगोलिक घटना है इसका सामान्य जनजीवन पर कोई नाकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता है, शिक्षकों को सूर्य, पृथ्वी एवं चन्द्रमा बनाकर सूर्यग्रहण की स्थिति को समझाया गया । सूर्यग्रहण पर फैले अंधविश्वास को दूर करने के लिए विज्ञानिक तथ्य प्रस्तुत किया गया।टी. मेश्राम छ.ग. विज्ञान सभा सदस्य द्वारा विज्ञान सभा द्वारा किये जा रहे अंधविश्वास उन्मूलन एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकास के कार्यों के बारे में बताया गया । अनुपम जोफर सह सचिव छ.ग. विज्ञान सभा के द्वारा कांकेर में 26 दिसम्बर सूर्यग्रहण के अवसर पर होने वाले कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई । सुनील साहू सह सचिव विज्ञान सभा के द्वारा कांकेर क्षेत्र में चल रहे विज्ञान सभा के विभिन्न कार्यों के बारे में बताया गया । आर.बी.एस. बघेल विज्ञान सभा अध्यक्ष कांकेर यूनिट द्वारा विभिन्न प्रकार के वनस्पति एवं बागवानी से संबंधित जानकारी प्रदान की गई।

धान कोचिया के घर 196 बोरी धान की जप्त

कवर्धा। अपर कलेक्टर श्री जे के ध्रुव के नेतृत्व में खाद्य अधिकारी अरुण मेश्राम व खाद्य निरीक्षक आकाश भूतड़ा द्वारा ठाठापुर स्थित कोचिया कोमल कौशिक (गणेश किराना स्टोर्स एवं गल्ला व्यापारी) के ऊपर अवैध धान भंडारण के तहत कार्यवाही करते हुऐ 196 बोरी धान (78.4 क्विंटल) की जप्ती की गई। जिले में धान के अवैध परिवहन और अवैध भंडारण पर कार्यवाही जारी है।

गुरु घासीदास जयंती पर ड्राई डे 18 को

दंतेवाड़ा। कलेक्टर श्री श्री टोपेश्वर वर्मा ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 के अधीन छत्तीसगढ़ आबकारी देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर विक्रय अनुज्ञापन एवं व्यवस्थापन नियम 2002 के तहत गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर 18 दिसम्बर को सम्पूर्ण जिले में मदिरा विक्रय हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है।

मेडिकल कालेज के लिए ज़मीन की तलाश में पहुंचे विधायक

■ **कुलगांव तेलगरा में 100 एकड़ जमीन में खुलेगा मेडिकल कॉलेज**

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा भारत देश में कुल 75 मेडिकल कॉलेज खोलने को लेकर हरी झंड़ी मिल गई है ।पूर्व स्वास्थ्य मंत्री व भाजपा के प्रदेश प्रभारी रहे जगत प्रकाश नड्डा के अथक प्रयास व कॉंकेर जिले को सुपरस्पेशलिटी अस्पताल की मांग को देखते छत्तीसगढ़ में दो जिलों कॉंकेर और कोरबा में मेडिकल कॉलेज खोलने हरी झंडी मिल गई है।मेडिकल कॉलेज के लिए जगह की तलाश में पहुंचे मुख्यालय से महज 10 किलोमीटर के आसपास विधायक शिशुपाल शोरी भाजपा के पूर्व मछुवा कल्याण बोर्ड अध्यक्ष मटियारा ने कुलगाँव और तेलगरा में मेडिकल कॉलेज के लिए जगह की तलाश किया जा रहा है। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ भरत मटियारा ने बताया की मेडिकल कालेज के लिए केंद्र सरकार द्वारा काँकेर जिले में खोलने की अनुमति मिल चूँकि है ।इसी के सम्बंध में कांकेर जिले के कुलगाँव एवं तेलगरा में 100 एकड़ जमीन देखी गई हैं । बता दे की मेडिकल कॉलेज के लिए मछुआ कल्याण बोर्ड के पुर्व अध्यक्ष भरत मटियारा ने लगातार प्रयासरत रहे।

सभी राज्यों में तुलना में छत्तीसगढ़ में उच्चम दाम पर धान की खरीदी

कवर्धा। कलेक्टर श्री अवनीश कुमार शरण ने कहा कि किसानों के हित में राज्य सरकार द्वारा देश में सर्वाधिक कीमत पर धान खरीदी की जा रही है। किसानों के धान की शत प्रतिशत खरीदी सुविधाजनक रूप से सुनिश्चत करने के लिए शासन द्वारा लिमिट की व्यस्वस्था को शिथिल किया गया है। उन्होंने धान खरीदी से संबंधित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित कर कहा है कि वे अभियान चलाकर छोटे किसानो के धान क्रय को प्राथमिकता देते हुए धान खरीदने की कार्रवाई करें।

पंचायत आम निर्वाचन हेतु निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन

दंतेवाड़ा। जिले के दन्तेवाड़ा, गीदम, कुआकोंडा और कटेकल्याण ब्लॉक अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नामावलियां छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के अनुसार 1 जनवरी 2019 के संदर्भ संशोधनों सहित तैयार कर अंतिम रूप से प्रकाशित कर दी गई है।

इस बार नगर पालिका में भाजपा का अध्यक्ष लाना है : मोहन मण्डावी

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। नगरीय निकाय चुनाव में सांसद मोहन मण्डावी ने आज शहर के शांति नगर वार्ड में चुनावी सभा को संबोधित किया । उन्होंने शांति नगर वार्ड के प्रयाशी रमशीला साहू के लिये वार्ड की जनता से वोट मांगा व जिताने की अपील की । श्री मण्डावी ने कहा कि कांकेर नगर पालिका में हमेशा से कांग्रेस का शासन रहा है परन्तु कांग्रेस द्वारा शहर का न तो समुचित विकास किया गया और न ही वार्ड की समस्याओं के समाधन पर ध्यान दिया गया । उन्होंने आगे कहा कि भाजपा ने 15 वर्षो के शासन में पूरे छग का विकास किया है पर नगर पालिका में कांग्रेस का शासन होने से नगर विकास में पिछड़ गया । छग में भूपेश सरकार मात्र एक वर्ष में ही फेल हो गई है । उन्होंने जितने वादे किये सब मे वादा खिलाफी कर रहे है । एक एक दाना धान खरीदने का वादा कर भूपेश सरकार किसानों के धान खरीदी में रोज रोज नए नियम लागू कर धान खरीदी में देरी कर रही है । उन्होंने नगर के समुचित विकास के लिये इस बार नगर में भाजपा का अध्यक्ष व वार्ड में अधिक से अधिक पार्षदों को जिताने की अपील जनता से की ।

वास्तविक किसानों को लाभ पहुंचाने धान खरीदी में शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन करें : कलेक्टर

कवर्धा। कलेक्टर अवनीश कुमार शरण और पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उम्मेद सिंह द्वारा आज यहां जिला पंचायत के सभा कक्ष में खरीफविपणन वर्ष 2019-20 में धान उर्पाजन केन्द्रों में सुचारू रूप से धान खरीदी कार्य संपादित करने के लिए बनाए गए नोडल और सहायक नोडल अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली गई। बैठक सह प्रशिक्षण में जिले के 86 धान उपार्जन केन्द्रों के नोडल और सहायक नोडल अधिकारियों को उपार्जन केन्द्रों तक कोचियों और बिचोलियों के माध्यम से आने वाले धान को रोकने और वास्तविक किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की समस्या ना हो इस संबंध में विशेष प्रशिक्षण भी दिए गए। सभी नोडल अधिकारियों को अपने-अपने उपर्जान केन्द्रों में सुचारू से से धान खरीदी प्रक्रिया संपादित करने के लिए कौन-कौन से कार्य करने है और कौन-कौन सी पंजियां संधारित करनी है तथा उनका पुनर्वलोकन करते हुए संधारित पंजियों के बारे में बारिकी से समझाईश भी दी गई। कलेक्टर अवनीश कुमार शरण ने कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में धान उपार्जन के संबंध में राज्य शासन के निर्देशों का कड़ाई पूर्वक पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने धान का उपार्जन और परिवहन केवल दिन में करने, खरीदी टोकन जारी करने में लघु किसानों को प्राथमिकता देने और खरीदे गये धान को सुरक्षित रखने कैप कव्हर की व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

बाजार स्थल और कुड़ादान की हुई सफाई

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। रविवार ग्राम बेवरती में श्री बालाजी नवयुवक मण्डल बेवरती द्वारा बाजार स्थल पर कुड़ादान की सफाई किा गया । कुड़ादान से कचरे की सफाई नहीं होने के कारण सालों से बाजार वाले व आने जाने वाले परेशान हो रहे थे । कचरा भर गया था तथा इधर-उधर फैल गया था। जिसे श्री बालाजी नवयुवक मण्डल बेवरती द्वारा साफ किया गया व कुड़ादान को फिर से उपयोग करने लायक बनाया गया । इस कार्य को देखकर आस पास के लोगों ने भी युवा मण्डल को सराहा व गन्दगी न करने का निर्णय लिया गया । गांव के ही गोपी यादव ने बताया कि ग्राम बेवरती में यह नवयुवक मण्डल पिछले 03-04 सालों से गांव के विकास व अच्छे के लिये कार्य करती आ रही है । सफाई, खेलकुद, जरूरत मंद लोगों की सहायता करना रक्तदान करना अन्य कार्य करते आ रहे है, गांव के लोग भी इनके कार्यो में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेती है ।बाजार की सफाई में नवयुवक मण्डल के अध्यक्ष अनिल नेताम, सचिव राहुल यादव, सदस्यों में सूरज यादव, निखिल यादव, रोहित वर्मा, साहिल यादव, सोहेल, गुलशन, रमेश साहू, धर्मेन्द्र साहू, इन्द्रजीत निषाद, कामदेव यादव व अन्य सदस्यों की मौजूदगी में यह सफाई कार्य सम्पन्न हुआ। श्री बालाजी नवयुवक मण्डल का उद्देश्य सिर्फ मेरा गांव मेरी जिम्मेदारी है यही उद्देश्य को लेकर गांव के लिये कार्य किया जाता है ।

सुचारू रूप से धान खरीदी कार्य संपादित करने सबकी जिम्मेदारी- पुलिस अधीक्षक

कवर्धा। पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उम्मेद सिहं ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुचारू रूप से कार्य संपादित करना हम सबकी सामुहिक जिम्मेदारी है। धान खरीदी की व्यवस्था को सुचारू रूप से संपादित करने के लिए पुलिस की टीम अपनी निगरानी रखी हुई है। किसी समिति और फड़ प्रबंधकों और कम्यूटर ऑपरेटरों द्वारा धान खरीदी में अनियमितता बरती जाती है तो ऐसी स्थिति में सीधे अपराधिक प्रकरण दर्ज किए जाएंगे।

किशुनगढ़ धान उपार्जन प्रभारी के विरुद्ध प्राथमिकी अपराध दर्ज करने के आदेश जारी

कवर्धा। कलेक्टर अवनीश कुमार शरण ने बैठक में समीक्षा करते हुए जिले के किशुनगढ़ धान उपार्जन केंद्र प्रभारी के विरुद्ध अपराध दर्ज करने के उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं के अधिकारी के निर्देश दिए है। कलेक्टर के निर्देश के बाद संबन्धित प्राथमिक शाख समिति प्रबंधक को आदेश जारी कर उपार्जन केंद्र प्रभारी के खिलाफ प्राथमिकी अपराध दर्ज कराने कहा गया है। उन्हें वर्तमान कार्य से तत्काल पृथक किया गया है।

किसान के बीच मतभेद न हो अन्यथा उग्र कदम उठाने बाध्य होंगे : भरत मटियारा

■ **किसानों के धान व समर्थन मूल्य को लेकर भाजपा नेता मटियारा ने कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम सौपा ज्ञापन**

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। किसानों की धान खरीदी व 2500 सौ समर्थन मूल्य सहित जिले के किसानों पर धान खरीदी केंद्र में आ रही बाधाओं को देखते भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व पूर्व मछुवा कल्याण बोर्ड अध्यक्ष राज्मंत्री दर्जा भरत मटियारा ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौप किसानों का एक एक दाना धान खरीदी करने की मांग किया गया है। कलेक्टर को ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से मटियारा ने मांग किया है की के वर्षो से देवीनवागव में किसानों का धान का लिमिट 4466.00क्विंट बागोडार में 4502.00 सुभिमुड़पारा में 1200.00 एवं सरंगपाल में 1200.00 था। लेकिन वर्तमान में धान खरीदी लिमिट क्रमशः 365.44, 36678.106.90, 110.61 किवंटल किया गया है।और साथ ही छत्तीसगढ़ के सभी उपार्जन केन्द्रों में इस प्रकार से खरीदी लिमिट को संसोधन किया है। जिससे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक ही किसान को एक या दो बार लैम्पस में आना पड़ रहा है। लेकिन वर्तमान में लिमिट के कारण लघु एवं सीमांत किसान को तीन से चार बार आना पड़ेगा । प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कथन है कि किसानों का एक-एक दाना धान खरीदी करेंगे। जिसमें निर्धारित मापदंड 15.00 किवंटल प्रति एकड़ का दिया हैं । वर्तमान में धान खरीदी विलंब होने के कारण किसानों के पास रख रखाव का साधन नही है एवं मजदूरों की परेशानी की वजह से किसान अपना किसानी नही कर पाएगा । जो छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता हैं।उसे अब बंद करना पड़ेगा और आत्महत्या करने पर किसान को मजबूर होना पड़ेगा अगर न हो साथ ही समिति एवं किसान के बीच मतभेद न हो। अन्यथा किसानों को उग्र कदम उठाने बाध्य होना पड़ेगा ।

शहरी सरकार | **नगरी निकाय चुनाव 2019 का कौन बनेगा पतवार, किस पार्टी की होगी नैयापार**

राजनीतिक समीकरण बिगाड़ रहे निर्दली प्रत्याशी, घर -घर दे रहे दस्तक, हो रहे नतमस्तक

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। नगरी निकाय चुनाव को लेकर प्रचार प्रसार का जोर पकड़ चूका है । सुबह से देर शाम तक प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ घर-घर पहुंचकर दस्तक देते नजर आ रहे हैं साथ ही यह निवेदन भी करते हैं कि मैं फ्लाना छाप से मुझे मत देकर विजय बनाएं और कई प्रत्याशी तो ऐसे भी देखे गए जो बाजे गाजे के साथ वार्ड में घूमकर प्रचार प्रसार कर रहे हैं तो कहीं माईक और वाहनों का सहारा लेकर भी प्रचार-प्रसार किया जा रहा है यहां तक के छोटे -छोटे बच्चों को भी झंडा बैनर पोस्टर लिए रैली के साथ चलते हुए देखा गया है तो ऐसी भी जानकारी भी मिल रही है कि कुछ प्रत्याशियों के द्वारा अपने मतदाताओं को पिकनिक मनाने के लिए भोरमदेव सरोदा चिल्फी सहित आसपास के जगहों में भी भेजा जा रहा है ऐसी बातें चर्चा में भी बनी हुई है लेकिन अभी तक पिकनिक के विषय में पुष्टि नहीं हो पाया है फिलहाल मतदाताओं को लुभाने प्रत्याशी अथक प्रयास भी कर रहे हैं यहां तक के प्रत्याशी गण यह आश्वासन भी दे रहे हैं कि वे अगर चुनाव जीत जाते हैं तो वार्ड को बड़े ही सुसज्जित ढंग से विकसित कर उस वार्ड को एक अलग हीपहचान देंगे लेकिन अब मतदाता भी यह सोचकर असमंजस में है कि पूर्व में किए गए वादे आज भी अधूरे नजर आ रहे हैं ऐसी स्थिति में प्रत्याशियों में असमंजस बना हुआ है कि आखिर मतदाता को कैसे मनाया जाए प्रत्येक वार्ड में अगर कहीं भ्रमण कर देखा जाए तो हर एक दीवार बैनर पोस्टर से लद चुके हैं। वही सुबह से देर रात तक प्रचार-प्रसार का दौर जारी है प्रत्याशी को जिताने नारे भी लगाए जा रहे हैं जीतेगा भाई जीतेगा फ्लाना भैया जीतेगा अब देखना यह है कि जनता किसको अपना आशीर्वाद देती है और वार्ड पार्षद के लिए किसे कमान सौपती है वही अध्यक्ष पद को लेकर भी तीन से चार लोगों के नाम अभी तक सामने आ रहे हैं जो प्रमुखता के साथ अध्यक्ष पद की दावेदारी करते हुए आगे बढ़ते दिख रहे हैं । फिलहाल अध्यक्ष पद का तो चयन पार्षदों के द्वारा ही किया जाना है लेकिन अध्यक्ष पद के दावेदार भी इस पद को पाने के लिए कड़ी मेहनत करते नजर आ रहे हैं। आज प्रत्येक वार्ड चुनावी रंग में रंग चुका है प्रत्याशी गण हाथ जोड़कर अपने मतदाताओं से अपील करते नजर आ रहे हैं तो कईयों ने तो घोषणा पत्र भी छपवा डाला है कुछ के घोषणापत्र में तो यह भी लिखा गया है की वार्ड को मूलभूत प्रदान की जाएगी जिसमें बिजली पानी सड़क सफाई सहित अन्य चीजें शामिल हैं अब मतदाता भी अपने प्रत्याशियों को परख रही हैं किसे अपना मत दिया जाए फिलहाल कवर्धा नगरी निकाय चुनाव में भाजपा कांग्रेस की सीधी टक्कर नजर आ रही है तो वहीं कुछ निर्दलीय प्रत्याशी भी पार्टी के समीकरण को बिगाड़ सकते हैं। ऐसी स्थिति में चुनावी नैया पार लगाना बड़ा मुश्किल ही होगा हर वार्ड आज चुनावी रंग से रंग चुका है।

महाराणा प्रताप वार्ड में त्रिकोणीय मुकाबला

महाराणा प्रताप वार्ड- 22से भाजपा के प्रत्याशी सुनील सिंह ठाकुर चुनावी मैदान में है। इस वार्ड में त्रिकोणीय मुकाबला बनते नजर आ रहा है । कांग्रेस से प्रमोद लूनिया इन्हें टक्कर देते नजर आ रहे हैं। वहीं छग जनता कांग्रेस (जोगी) के उम्मीदवार राजेश्वरधर दुबे भी मजबूत दिख रहे हैं। अध्यक्ष के लिए दावेदारी के पहले सुनील के सामने पार्षद पद के लिए जीत हासिल करने की बड़ी चुनौती है। और इस तरह सभी प्रत्याशी जीत हासिल करने कड़ी महेनत कर रहे है ।

शंकर नगर वार्ड- में तीन उम्मीदवार

कांग्रेस शहर अध्यक्ष ऋषि शर्मा वार्ड- 8 से प्रत्याशी हैं। नगर पालिका अध्यक्ष के लिए मजबूत दावेदार भी हैं। शंकर नगर वार्ड में 3 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन इनका सीधा मुकाबला भाजपा प्रत्याशी श्रीकांत उपाध्याय से है, जो भाजपा आईटी सेल के संयोजक और जिला मीडिया प्रभारी रहे हैं। ऋषि शर्मा इन्हें टक्कर देते नजर आ रहे है। और इस तरह 3 उम्मीदवार जीत हासिल करने कड़ी महेनत कर रहे है ।

निर्दलीय बिगाड़ सकते हैं समीकरण

वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता गणेश योगी को पार्टी ने वार्ड- 24 से अपना प्रत्याशी बनाया है। वे अध्यक्ष के मजबूत दावेदार भी हैं। इस वार्ड में भाजपा प्रत्याशी प्रमोद शर्मा और निर्दलीय प्रत्याशी मिलन तिवारी भी मैदान में है, जो मुकाबले को त्रिकोणीय बनाता है। पार्षद चुनाव में जीत पाना बड़ी चुनौती है। गंगोत्री योगी ने वर्ष 2014 में हुए चुनाव अध्यक्ष पद की दावेदार थी, लेकिन कुछ वोटों के अंतर से हार गईं।

तकनिकी खराबी से ग्राहक सेवा केन्द्रों में हुए करोड़ों रूपये ट्रांसफर

■ मामला छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक का

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की शाखा में तकनीकी खराबी के चलते करोड़ों रुपए अन्य लोगों के खाते में ट्रांसफर हो गए हैं जहां कोरिया जिले में ही लगभग एक करोड़ रुपए दूसरे खाते में ट्रांसफर होने की बात कही जा रही जब की पूरे प्रदेश में यह राशि लगभग आठ करोड़ रुपए बताई जा रही अब प्रबंधन पैसे की वसूली करने में लगी हुई है वहीं जिन खातों में यह राशि गई है अब उन्हें होल्ड भी कर दिया गया है बताया जा रहा कि पैसे ग्राहक सेवा केंद्र चलाने वाले संचालाकों के खाते में ट्रांसफर हुआ था जहा इन संचालकों के द्वारा रात तक यह पैसा अपने परिचित व करीबियों के खाते में भी ट्रांसफर किया गया अब बैंक ने ग्राहक सेवा केंद्र चलाने वाले संचालाकों को नोटिस जारी कर पैसे भुगतान करने का निर्देश जारी किया है वहीं ग्राहक संचालकों ने भी उनके खाते में आए इस राशि को बैंक को बताना भी उचित नहीं समझा ऐसे में इन ग्राहक सेवा केंद्र की विश्वनीयता पर भी सवाल उठ ना लाजमी है जब कि जिन खातों में यह राशि गई उन्हें बताया गया कि आधी राशि इन केंद्रों में देना है अब बैंक के नोटिस के पश्चात इन ग्राहक सेवा केंद्रों के होश उड़े हुए हैं ।

मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के मुंबई स्थित सर्वर में खराबी आने के चलते छत्तीसगढ़ बैंक सहित दूसरे केंद्रों के ग्राहक सेवा केंद्र के संचालकों के खाते में लगभग 8 करोड़ रुपए ट्रांसफर हो गए हैं। वहीं, कोरिया जिले के संचालकों के खाते में भी 1 करोड़ रुपए ट्रांसफर हुआ है। बैंक प्रबंधन ने जिनके खाते में पैसे ट्रांसफर हुए हैं उनका एकाउंट पर होल्ड लगा दिया वहीं इन ग्राहक सेवा केंद्रों के संचालकों को फटकार लगाते हुए इन राशि की सूची जारी कर तत्काल बैंक में जमा करने के साथ ही नहीं जमा होने पर कार्यवाही की भी बात कही ।

जारी किया नोटिस

बैंक प्रबंधन ने ग्राहक सेवा केंद्र के संचालकों को नोटिस जारी कर भुगतान करने का निर्देश जारी किया। फिलहाल बैंक ने संचालकों के खातों में लेनदेन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

अटल भवन और पशु औषधालय का लोकार्पण

नवप्रदेश संवाददाता

खरोरा। ग्राम पंचायत मोहरा में हायर सेकेणडरी स्कुल अटल समरसता भवन पशु औषधालय सहित 1करोड़ 60लाख रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण श्रीमती पूनम मारकंडे अध्यक्ष जिला पंचायत बलौदा बाजार के मुख्य आतिथ्य एवं श्री आनंद यादव अध्यक्ष जनपद पंचायत सिमगा की अध्यक्षता लक्ष्मी बघेल पूर्व विधायक बलौदा बाजार श्री टंक राम वर्मा समाजसेवी अदिति बघमार पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत सिमगा संतोष नायक पूर्व सांसद प्रतिनिधि गोपी साहू विधायक प्रतिनिधि हेमिन शिव कटरिया सरपंच मोहरा के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन युवा मोर्चा के सोशल मीडिया प्रभारी हेमंत कुमार बघमार ने किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूनम मार्कंडेय ने विकास कार्यों के लोकार्पण के लिए सरपंच सहित समस्त मोहरा वासियों को बधाई दी तथा आज बेटियों पर हो रहे अत्याचार एवं राज्य में बिगड़ते कानून व्यवस्था पर चिंता जताई अध्यक्षता कर रहे आनंद यादव ने सरकार पर अपने घोषणा पत्र से मुकरने एवं 1 साल में सरकार का एक भी वादा पूर्ण न करने का आरोप लगाया उन्होंने धान खरीदी पर सरकार द्वारा किसानों को परेशान करने का आरोप लगाते हुए किसानों द्वारा पिछले दिनों लड़ी गई लड़ाई के लिए किसानों को बधाई दी तथा आगे भी इसी प्रकार एकजुट होकर सरकार को जगाने का काम करते रहने का आव्हान किया उन्होंने कहा सरकार ना तो शराबबंदी कर पा रही है नहीं स्व सहायता समूह का पूरा कर्जा माफ किया और नहीं युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दे रही है ऐसे कई मुद्दे हैं जो सरकार ने अपने घोषणापत्र में वादा किया था जो पूरा नहीं कर रही हैं ।

चुनाव तिथि नजदीक आते ही प्रचार में बढ़ी सरगर्मी

■ दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर, चुनाव प्रचार में तेजी के साथ ठंड में बढ़ी गर्महाट

नवप्रदेश संवाददाता

लवन। निकाय चुनाव के लिए मतदान होने में अब मात्र 6 दिन का समय रह गया है। आने वाले शनिवार अर्थात 21 दिसम्बर को मतदान होना है। ऐसे में चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशी व उनके समर्थकों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। नगर के 1 से लेकर 15 वार्ड के सभी 69 प्रत्याशी व उनके समर्थकों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। सभी वार्ड प्रत्याशी घर-घर जाकर मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे है। चुनाव प्रचार में तेजी के साथ ही ठंड में भी गर्महाट ला दी है। इस वर्ष निकाय चुनाव में नगर के 15 वार्डो में भाजपा, कांग्रेस, बसपा, जोगी कांग्रेस व बड़ी संख्या में निर्दलीय उम्मीदवार चुनावी रण में अपनी किस्मत अजमा रहे है। लवन की जनसंख्या 8 हजार की करीब है, जिनमें 6907 महिला-पुरूष मतदाता शामिल है। नगर पंचायत लवन अध्यक्ष पद के लिए अनुसूचित जाति की महिला उम्मीदवार का पद आरक्षित है। वही वार्ड क्र. 03, 06, 13 हॉट सीट मानी जा रही है, व इन्ही वार्ड के निर्वाचित पार्षद ही अध्यक्ष की कमान संभालेंगे। इन तीनों वार्डो में अध्यक्ष बनने के लिए पार्षद का चुनाव जितने के लिए रस्साकसी चल रही है। अध्यक्ष पद की दावेदारी कर रहे पार्षद प्रत्याशी किसी भी हालत में पार्षद चुनाव जीतने की हसरत पाले हुए है। इसके लिए वे एक-एक मतदाता से संपर्क कर अपनी बात रख रहे है। हर एक प्रत्याशी अपना-अपना घोषणा पत्र तैयार कर मतदाताओं का लुभाने का प्रयास कर रहे है।

वार्ड में निर्दलीय बिगाड़ रहे हैं गणित

नवप्रदेश संवाददाता

उतई। नगर पंचायत के सबसे तेजतर्रार पार्षद व निर्दलीय प्रत्यासी डॉ प्रह्लाद वर्मा ने कहा जनता जाने वो किसी अपना पार्षद बनाते है मैने तो अपने समय मे 80 लाख से अधिक काम कराए है ,जबकि नाला के लिए पुल निर्माण व शीतला तालाब हेतु डामर रोड सहित विभिन्न समस्याओं के लिए अभी प्रयास चालू कर दिया हु । मेरे वार्ड की जनता मुझे निराश नहीं करेगी इतना विश्वास है मुझे। पल पल बदल रहे हर वार्ड के समीकरण काफी उलटफेर भी देखने को मिल रहा है, कई वार्ड में निर्दलीय गणित बिगाड़ रहे है तो कई जगह भितरघातियों से खतरा बना हुआ है। फिलहाल दुर्ग ग्रामीण के विद्यायक व मंत्री ताम्रध्वज सही की नजर हर वार्ड में बराबर है क्योंकि उनके विधानसभ एक ही नगर पंचायत है जो उनके राजनीतिक चातुर्य की परीक्षा का कारण बन सकते है।

खोखरा में विज्ञान प्रदर्शनी 16 को

जांजगीर/खोखरा। केशरी शिक्षण समिति खोखरा-जांजगीर शिक्षा महाविद्यालय में 16 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे टीचिंग लर्निंग मटेरियल (टीएलएम) विषय पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केएस तोमर जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर-चाम्पा तथा कार्यक्रम अध्यक्ष आईपी यादव अध्यक्ष महाविद्यालय प्रबंधन समिति होंगे। विशिष्ट अतिथि श्रीमती निर्मला राधे थवाईत सरपंच ग्राम पंचायत खोखरा, एमआर चन्द्रा सहा. प्रा. डाइट जांजगीर, प्रद्युम पाण्डेय व्याख्याता डाइट, गोपेश साहू व्याख्याता डाइट उपस्थित रहेगे।

बचेली प्रतिबिम्ब पत्रिका का हुआ विमोचन

■ एनएमडीसी बचेली में राजभाषा तकनीकी सेमिनार का आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

बचेली। एनएमडीसी बैलाडिला आयरन ओर माईन्स बचेली काम्पलेक्स में 14 दिसंबर, शनिवार को राजभाषा तकनीकि सेमिनार आयोजन किया गया। राजभाषा हिंदी के संगठन में प्रगामी प्रयोग के उदेश्य से एनएमडीसी की सभी इकाईयो में प्रतिवर्ष राजभाषा तकनीकी सेमिनार या राजभाषा संगोष्ठियों का आयोजन किया जाता रहा है। इसी क्रम में शनिवार को बचेली काम्पलेक्स के प्रशासनिक भवन के सम्मेलन कक्ष में राजभाषा तकनीकी सेमिनार का आयोजन संपन्न हुआ। इस सेमिनार के विषय क्रमशः लौह अयस्क की बढ़ती मांग के सापेक्ष एनएमडीसी की आपूर्ति क्षमता या नैगम सामाजिक दायित्व एवं एनएमडीसी से अपेक्षाएँ एवं पूर्ति थे। राजभाषा तकनीकी सेमिनार का उदघाटन परियोजना के अधिशासी निदेशक टीएस चेरियन द्वारा दीप प्रज्जवल्लन कर किया गया। ईडी ने अपने उदबोधन में सभी प्रतिभागियो को स्वागत करते हुए कहा कि सेमिनार के विषय काफी सामयिक है और इस पर वृहद चितन होना आवश्यक है ताकि एनएमडीसी लौह अयस् की बढ़ती मांग के अनुकुल स्वयं को तैयार रख सके और साथ ही अपने नैगमिक सामाजिक दायित्वों को निर्वाह लोगो की अपेक्षाओ के अनुरूप कर सके। इस अवसर पर प्रदीप सक्सेना उपमहाप्रबंधक कार्मिक, सह सर्वकार्यभारी अधिकारी राजभाषा, विभागाध्यक्षों एवं अन्य अतिथियो के करकमलों से बचेली प्रतिबिम्ब पत्रिका का विमोचन संपन्न हुआ।

मसीही समाज के लोगों को मतगणना कार्य से मुक्त रखने का आदेश

जांजगीर-चाम्पा। नगरीय निकाय चुनाव में इस बार मसीही समाज के अधिकारी-कर्मचारियों को ड्यूटी से मुक्ति मिलेगी। क्रिसमस त्योहार होने के चलते आयोग द्वारा मसीही समाज के लोगों को मतगणना कार्य से मुक्त रखने का आदेश जारी किया गया है। आयोग के निर्देश पर उन्हें चुनाव कार्य से मुक्त रखा जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी में जिला प्रशासन जुटा है। आयोग के निर्देशानुसार जिले के 4 नगर पालिका व 11 नगर पंचायत में 21 दिसम्बर की सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। साथ ही 24 दिसम्बर की सुबह 9 बजे मतगणना होगी। नगरीय निकाय चुनाव के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न कार्यालयों में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही उन्हें लगातार प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, मगर 25 दिसम्बर को क्रिसमस होने के चलते मसीही समाज को लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में क्रिसमस त्योहार को लेकर मसीही समाज के लोगों ने राज्य निर्वाचन आयोग में ज्ञापन सौंपकर उन्हें चुनाव कार्य से मुक्त रखने की मांग की थी।

वोट की अपील करने जनसंपर्क कर रहे उमीदवार

नवप्रदेश संवाददाता

केशकाल। नगरीय चुनाव केशकाल में कांग्रेस पार्टी द्वारा सभी वार्ड के पार्षद पद के उमीदवार के पक्ष में वोट के अपील करने नगरवासियों को सम्बोधित करने पहुंचे बस्तर चुनाव के प्रभारी व छत्तीसगढ़ शासन में मंत्री कवासी लखमा के मुख्य आतिथ्य में इस्थानिय बस स्टेण्ड में सभा का आयोजन किया गया साथ ही अवसर पर सभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व नगर पंचायत के अध्यक्ष व कांग्रेस प्रदेश सचिव अमीन मेमन न नगर वासियो को सम्बोधित करते हुए सभी प्रत्याशियों को भारी बहुमत के साथ जीतने की अपील की साथ ही कहा कि कांग्रेस के छत्तीसगढ़ में सरकार होने से नगर विकास में कांग्रेस के अध्यक्ष होने निर्माण कार्य और भी तेजी से होने की बात कही साथ ही मंच से ही कांग्रेस से बगावत में उतरे सभी प्रत्यासी को भी कांग्रेस का साथ दे कर पार्टी लाइन में कार्य करने की बात कही इस अवसर पर लोकप्रिय विधायक सन्त राम नेताम ने नगर वासियो को आश्वस्त किया कि हर पार्षद के वार्ड में एक कार्यलय खोला जाएगा जिससे वार्ड वासियो को परेशानी का सामना ना करना पड़े साथ ही उन्होंने वादा भी किया कि कांग्रेस की नगर में सरकार बनते हु समस्त वार्डो के नागरिकों हेतु उत्तम गार्डन व नवीन बस स्टैंड में कॉम्लेक्स बना बेरोजगार लोगो को रोजगार देने का कार्य करने की बात कही।

अभ्यर्थी और राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों की बैठक संपन्न

अम्बिकापुर। नगरीय निकाय निर्वाचन 2019 के तहत नगर पंचायत लखनपुर के अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों को राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों एवं अद्यतन जानकारी से अवगत कराने हेतु सामान्य प्रेक्षक श्री महादेव कावरे की अध्यक्षता में आज नगर पंचायत लखनपुर के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगरीय निकाय निर्वाचन हेतु आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के शंकाओं समाधान किया गया । बैठक में बताया गया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मीडिया निगरानी के लिए जिला स्तरीय मीडिया निगरानी एवं अनुवीक्षण समिति का गठन किया गया है। यह समिति प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया में राजनैतिक विज्ञापनों के अधिप्रामाणन का कार्य कर रही है। राजनैतिक विज्ञापन प्रकाशन के पूर्व इसे जिला स्तरीय मीडिया निगरानी एवं अनुवीक्षण समिति से अधिप्रामाणन कराना होगा। इसके साथ ही पाम्पलेट एवं पोस्टरों में मुद्रक, प्रकाशक का नाम एवं पता तथा मुद्रित प्रतियों की संख्या अंकित करना जरूरी होगा।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

आजादी की लड़ाई...

मुख्यमंत्री ने कहा दो दिन बाद 17 दिसम्बर को इस सरकार के एक वर्ष पूरे हो रहे है। पिछले एक वर्ष में राज्य सरकार ने किसानों, मजदूरों, महिलाओं, बच्चों, ग्रामीणों के साथ-साथ नागरिकों के कल्याण हित के लिए बहुत सारे निर्णय लिए है। धान का रेट पूरे देश में सबसे ज्यादा छत्तीसगढ़ के किसानों को मिल रहा है। बिजली का बिल आधा किया गया है, बी.पी.एल के साथ-साथ ए.पी.एल परिवारों को भी राशन मिल रहा है। वर्तमान में केन्द्र शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीद की जा रही है। पिछले दो वर्षों में केन्द्र शासन द्वारा धान खरीदी के लिए बोनस देने की अनुमति दी गई थी। इस वर्ष भी राज्य शासन द्वारा अनुमति मांगी गई है। किसानों को वायदे के अनुसार पूरी राशि किसी ना किसी रूप में दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार का खजाना आपका है। धान की कीमत इस राज्य के किसानों के लिए है। हर किसान को चाहिए कि वे अपने अपने ऋण पुस्तिका के माध्यम से केवल अपने खेत के धान को ही बेचें।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर ग्राम चरौदा के ऐतिहासिक मंदिर के पुनःनिर्माण के लिए 21 लाख रूपये की राशि देने की घोषणा की। उन्होंने रायपुर में 27 से 29 दिसम्बर तक होने वाले राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य उत्सव के लिए नागरिकों को आमंत्रित किया। उन्होंने कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज के लोगों को सम्मानित किया। उन्होंने यहां पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय धरसींवा में सौ सीटर बालिका छात्रावास भवन का लोकार्पण किया और ग्राम पंचायत चरौदा में करीब साढ़े तीन करोड़ रूपए राशि के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण भी किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती अनिता योगेन्द्र शर्मा ने राज्य एवं क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष डॉ. रामकुमार सिरमौर ने समाज के लिए कार्य करने वाले विभूतियों का उल्लेख किया और सामाजिक कार्यों की जानकारी दी। सरपंच श्री प्रदीप वर्मा ने आदर्श गौरव ग्राम चरौदा के कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर श्री दशरथ वर्मा ने स्वागत भाषण दिया और मांग पत्र पढ़ा।

अरपा,पैरी के धार गीत पर मुख्यमंत्री खड़े रहे

कार्यक्रम में समापन के बाद जब मुख्यमंत्री मंच से उतर रहे थे तो उसी समय छत्तीसगढ़ के राजगीत 'अरपा, पैरी के धार, महानदी है अपार' बजने लगा और इस पर बालिकाओं ने छत्तीसगढ़ी परिधान में नृत्य शुरू किया। मुख्यमंत्री ने तत्काल रूककर गीत बजते तक खड़े रहे और इस राजगीत को पूरा मान - सम्मान दिया।

किस बंदर के हाथ में...

राहुल गांधी के लिए कहा कि सावरकर को लेकर राहुल गांधी की जानकारी अधुरी है, उन्हें खूब पढ़ना चाहिए। डॉ रमन सिंह एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। नागरिक संशोधन बिल पर डॉ रमन सिंह ने कहा नागरिक सांसोधन बिल का चुनाव घोषणा पत्र में हमने जिक्र किया था, 370 हटाने का भी जिक्र किया था, हम उसी को इम्प्लिमेंट कर रहे हैं, कांग्रेस को बताना चाहिए की नेहरु-लियाकत समझौता जिसे दिल्ली समझौता भी कहा जाता है उसका पाकिस्तान और बंगलादेश ने पालन क्यों नहीं किया, कांग्रेस की सरकार आजादी के बाद इतने सालों तक रही, असम और बंगाल की सीमा पर शरणार्थियों की नहीं बल्कि घुसपैठियों की बड़ी तादाद है जिन्होने शहर का शहर बसा लिया है।

देश को बांटने का प्रयास...

उन्हों ने मित्र का संबोधन सीएम भूपेश के लिए करते हुए लिखा है कि राष्ट्रहित को ताक में रखकर.. देश को बाँटने का प्रयास न हो.. मोदी कर रहे राष्ट्रनिर्माण.. राह पर काटे बिछाने का प्रयास न हो। देश के लिए मरे भगत सिंह-आज़ाद,नाखून कटाकर खुद को शहीद बताने का प्रयास न हो। 72 सालों की बिगड़ी बना रही भाजपा,उन्हें मिले जनादेश का अपमान न हो।

देश के लिए...

टुकड़े-टुकड़े करने वाले, खर-दूषण पछतायेंगे। ट्विटर पर चले इस काव्यात्मक संवाद पर कईयों की नजर पड़ी, प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास ने इसका जक्रि करते हुए ट्विट किया हमारे कांग्रेस-भाजपा, दोनों दलों के मित्रो का शास्त्रार्थ इतना काव्यात्मक??

राजनीति में संवाद होना चाहिए और यदि संवाद काव्यात्मक हो तो रोचकता बढ़ जाती है। कुछ ऐसा ही हुआ है जबकि पूर्व मंत्री और वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कविता में अपनी बात सीएम भूपेश बघेल से कही, वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने मित्र संबोधन देते हुए अपनी बात कही। तो

बदलेगा नागरिकता...

ने कहा कि राज्य के लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए वह समर्पित हैं। शाह का नागरिकता कानून पर यह बयान बेहद अहम माना जा रहा है। पश्चिम बंगाल, केरल, पंजाब, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ (6 राज्य) पहले ही संकेत दे चुके हैं कि वे अपने राज्यों में नागरिकता कानून को नहीं लागू करेंगे।

सावरकर पर मचा...

ऐसे बयानों के प्रति चेताया है। गौरतलब है कि सावरकर को पहले से ही आराध्य मानते आ रही शिवसेना अब महाराष्ट्र में कांग्रेस व एनसीपी के साथ सत्ता में है।

महाराष्ट्र में अटकलों...

क्या कांग्रेस-एनसीपी से अलग विचारधारा रखने वाली शिवसेना इनके साथ सरकार चला पाएगी। ये सवाल इसलिए भी खड़ा हो गया है क्योंकि वरिष्ठ एनसीपी नेता छगन भुजबल ने इस मुद्दे पर एक तरह से कांग्रेस का ही समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि सावरकर के बारे में राहुल जी के अपने विचार हैं। सावरकर ने कहा था कि गाय हमारी मां नहीं है, लेकिन भाजपा कहती है कि यह है। हालांकि एनसीपी नेता अजित पवार ने कहा है कि उद्धव ठाकरे, सोनिया गांधी और शरद पवार परिपक्व लोग हैं और वे सही निर्णय ही लेंगे।

वोटर आईडी और पासपोर्ट...

नागरिक है। दस्तावेज मोहम्मद की राष्ट्रीय साबित करने के लिए पर्याप्त है।' हालांकि, आधार कार्ड राष्ट्रीयता को प्रमाणित करने के लिए पर्याप्त नहीं है, वहीं राशन कार्ड केवल मानवीय आधार पर जारी किया जाता है ताकि लोगों को भुखमरी से बचाया जा सके, लेकिन इसका प्रयोग नागरिकता के लिए नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा, 'इन सबके इतर पासपोर्ट जारी करते समय अधिकारी आवेदक की राष्ट्रीयता और अन्य सभी पैमानों का सत्यापन करते हैं।

नगर पंचायत उतई में चुनावी मौहल तेज

नवप्रदेश संवाददाता

उतई। नगर पंचायत उतई के चुनावी माहौल में जबरदस्त बात समाने आयी है कि प्रत्यासी चुनाव आयोग के आंख में धूल झोंक कर मतदाताओं को करा रहे मनचाहा जगहों पर सैर । नाम न छापने के आधार पर भाजपा व कांग्रेस के विभिन्न प्रत्यशियो ने सहर्ष स्वीकार भी किया है कि हम अपने वार्ड में कमजोर है इसलिए जनता को घुमाने ले जा रहे है । जबकि एक अन्य ने तो पारिवारिक कार्यक्रम के तहत मामले को टालते दिखे। इस मामले में निर्दलीयों ने एक महीने पहले ही ये शिलशिला चालू हुआ है जो निरंतर अभी तक चल रही है। अभी तक 8 वार्डो के लोगो को मिला मौका । महीने भर से चल रही इस योजना में लगभग 736 लोगो ने फायदा उठाया है । निर्दलीय के संख्या में ज्यादा होने के कारण ये फायदा मिल रहा है , 15 वार्ड में लगभग 68 लोगो ने फॉर्म भरा है जिसमे कइयो ने भी विभिन्न गिफ्ट आइटम की पेशकश भी की है। जीत का भरोसा नही है मगर प्रयास जरूरी है भाजपा प्रत्यासी से बात करने पर अपनी तैयारी के अवसर बताते हुए एक खुस करने का हिस्सा बताये। वोट अपनी मर्जी से देंगे ,बस घूमने गए थे वार्ड के विनला गजपाल ने अपनी बात रखती हुई बताई की घूमने ऐसी आये है मगर वोट अपनी मर्जी से देंगे। नगर पंचायत उतई के चुनावी माहौल में जबरदस्त बात समाने आयी है कि प्रत्यासी चुनाव आयोग के आंख में धूल झोंक कर मतदाताओं को करा रहे मनचाहा जगहों पर सैर ।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

बनारस की सड़कों पर घूमती रहीं जाह्नवी कपूर, पहचान नहीं पाए लोग

जाह्नवी कपूर शनिवार को बनारस में घूमती नजर आईं। उन्होंने यहां गंगा आरती भी की। जाह्नवी ने बनारस की सड़कों पर खूब मस्ती की और कोई उन्हें पहचान भी नहीं पाया। बॉलिवुड ऐक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने बॉलिवुड में अभी एक ही फिल्म की है लेकिन वह हमेशा चर्चा में रहती हैं। कभी अपने जिम लुक से तो कभी अपने पार्टी आउटफिट के कारण वह हमेशा सुर्खियों में रहती हैं। आने वाले समय में उनकी झोली में कई फिल्में हैं। हालांकि इसके बाद भी वह अपनी पर्सनल लाइफऔर दोस्तों के साथ मौज-मस्ती करने के लिए समय निकाल लेती हैं। ऐसे ही वह बनारस में अपने दोस्तों के साथ घूमती नजर आईं। जाह्नवी कपूर ने बनारस पहुंचकर दोस्तों के साथ गंगा आरती की। इतना ही नहीं, वह दोस्तों के साथ बनारस की सड़कों पर मस्ती से घूमती रहीं और उन्हें कोई पहचान भी नहीं पाया।

कार्तिक ने रितिक को सिखाया 'धीमे-धीमे' स्टेप, अपने अंदाज में छा गए रितिक

एक इवेंट में कार्तिक आर्यन रितिक रोशन को 'धीमे-धीमे' के स्टेप्स सिखा रहे थे। जब रितिक ने इस गाने पर डांस किया तो वह छा गए और फैन्स झूम उठे।

कुछ दिन पहले कार्तिक आर्यन दीपिका पादुकोण को एयरपोर्ट पर धीमे-धीमे के स्टेप्स सिखाते नजर आए थे। अब एक इवेंट में वह रितिक रोशन को भी धीमे-धीमे सिखाते नजर आए। लेकिन रितिक ने जब इन स्टेप्स को अपने अंदाज में फॉलो किया तो हर कोई उनका दीवाना हो गया। बता दें कि कार्तिक आर्यन की फिल्म 'पति पत्नी और वो' का गाना धीमे-धीमे इन दिनों खूब पॉपुलर है। हर कोई इस गाने में कार्तिक के स्टेप्स फॉलो कर रहा है। कुछ दिन पहले कार्तिक एयरपोर्ट पर दीपिका पादुकोण को ये स्टेप्स सिखा रहे थे। इसका विडियो खूब वायरल हुआ था। अब कार्तिक रितिक के संग ये स्टेप्स करते दिखाई दिए। रितिक रोशन ने धीमे-धीमे के स्टेप्स अपने अंदाज में किए और उन्हें देखकर फैन्स झूम उठे। सोशल मीडिया पर भी यह विडियो खूब वायरल हो रहा है। यहां तक कि फैन्स कार्तिक से कह रहे हैं कि उन्हें रितिक को सिखाने की जरूरत नहीं है। वहीं कोई कह रहा है, 'गुरु गुड़ रहा गया, चेला शक्कर हो गया।'

QUIZ TIME

1) किस कंपनी को सितम्बर 2017 में भारत सरकार द्वारा महारत्न कम्पनी का दर्जा प्रदान किया गया है?
(क) ओएनजीसी (ख) एनटीपीसी (ग) बीपीसीएल (घ) सेल
2) भारतीय विदेश व्यापार संस्थान कहाँ स्थित है? (नई दिल्ली / हैदराबाद)
3) मानव भूगोल का संस्थापक किसको कहा जाता है?
(क) ब्लॉश (ख) हमबोल्ट (ग) कार्ल रिटर
4) बादल फटने का क्या अर्थ है?
5) अमेरिकी कार्टूनिस्ट का नाम बतायें?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) बीपीसीएल (2) नई दिल्ली (3) कार्ल रिटर (4) [illegible] (5) [illegible]

ब्रह्मास्त्र' के गाने की शूटिंग करते दिखे रणबीर और आलिया

पिछले काफी समय से रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' चर्चा में है और फैन्स इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कुछ दिनों पहले ही रणबीर, आलिया और अमिताभ बच्चन फिल्म की शूटिंग करने के लिए मनाली गए थे। अब रणबीर और आलिया फिल्म की शूटिंग बनारस में कर रहे हैं। पिछले काफी समय से रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' चर्चा में है और फैन्स इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कुछ दिनों पहले ही रणबीर, आलिया और अमिताभ बच्चन फिल्म की शूटिंग करने के लिए मनाली गए थे। अब रणबीर और आलिया फिल्म की शूटिंग बनारस में कर रहे हैं। हाल में गंगा किनारे घाट पर रणबीर-आलिया की कुछ तस्वीरें सामने आए हैं। अब इस शूटिंग का एक विडियो भी सामने आया है। इस विडियो क्लिप में आलिया और रणबीर एक साथ डांस नंबर पर स्टेप्स मिलाते दिख रहे हैं। उनके बैकग्राउंड में कलरफुल कपड़ों में बहुत सारे डांसर भी डांस करते दिखाई दे रहे हैं। इससे पहले जुलाई में भी फिल्म की कास्ट ने बनारस में शूटिंग की थी।

शूटिंग के बाद रणबीर और आलिया ने फैन्स के साथ तस्वीरें भी खिंचाई और उन्हें ऑटोग्राफ दिए। बता दें कि ब्रह्मास्त्र में रणबीर, आलिया और अमिताभ के अलावा मौनी रॉय, नागर्जुन और डिंपल कपाड़िया भी महत्वपूर्ण किरदारों में नजर आएंगे। यह फिल्म अगले साल के मध्य में रिलीज की जाएगी।

ऐक्ट्रेस पायल रोहतगी हिरासत में, नेहरू परिवार पर की थी आपत्तिजनक टिप्पणी

मॉडल और बॉलिवुड ऐक्ट्रेस पायल रोहतगी को राजस्थान पुलिस ने अहमदाबाद से रविवार सुबह हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने बूंदी पुलिस ने पायल को पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और उनके पिता मोतीलाल नेहरू के ऊपर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। पायल ने भी इस खबर को ट्वीट कर कन्फर्म किया है। मॉडल और बॉलिवुड ऐक्ट्रेस पायल रोहतगी को राजस्थान पुलिस ने अहमदाबाद से रविवार सुबह हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने बूंदी पुलिस ने पायल को पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और उनके पिता मोतीलाल नेहरू के ऊपर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। पायल ने भी इस खबर को ट्वीट कर कन्फर्म किया है। पायल ने पीएम ऑफिस और गृह मंत्रालय को टैग करते हुए ट्वीट करके बताया, 'मुझे राजस्थान पुलिस ने मोतीलाल नेहरू पर विडियो बनाने के लिए गिरफ्तार कर लिया है जिसके बारे में जानकारी गूगल से ली थी। लगता है कि वाक स्वतंत्रता एक मजाक है।' हालांकि न्यूज एजेंसी एएनआई ने एसपी ममता गुप्ता के हवाले से बताया है कि पायल रोहतगी को मामला दर्ज करने के बाद हिरासत में लिया गया है। बता दें कि पुलिस ने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू और उनके पिता मोतीलाल नेहरू पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के लिए पायल रोहतगी के खिलाफआईटी ऐक्ट की धारा 66 और 67 के तहत केस दर्ज किया था।

क्या कहा था पायल रोहतगी ने?: ऐक्ट्रेस पायल रोहतगी ने स्वतंत्रता सेनानी और देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के पिता को लेकर बेहद आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं। पायल ने एक विडियो जारी कर दावा किया था, 'मुझे लगता है कि कांग्रेस परिवार ट्रिपल तलाक के खिलाफ इसलिए था क्योंकि मोतीलाल नेहरू की पांच पत्नियां थीं। साथ ही मोतीलाल नेहरू जवाहरलाल नेहरू के सौतेले पिता थे।'

आरआईबी ने पीएनबी के 2018-19 के फंसे कर्ज में 2,617 करोड़ रुपये का अंतर पकड़ा

- 2018-19 में पीएनबी का सकल एनपीए 81,089.70 करोड़ रुपये था
- यह बैंक द्वारा दिखाए गए 78,472.70 करोड़ रुपये के सकल एनपीए से 2,617 करोड़ रुपये अधिक है

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक की जांच में पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) के बीते वित्त वर्ष के फंसे कर्ज (गैर निष्पादित परिसंपत्ति) 2,617 करोड़ रुपये ज्यादा पाई गई है। आरबीआई की जोखिम आकलन रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। पंजाब नैशनल बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि केंद्रीय बैंक की ओर से किए आकलन के अनुसार 2018-19 में पीएनबी का सकल एनपीए 81,089.70 करोड़ रुपये था। यह बैंक द्वारा दिखाए गए 78,472.70 करोड़ रुपये के सकल एनपीए से 2,617 करोड़ रुपये अधिक है।

इतना ही नहीं, आरबीआई ने शुद्ध एनपीए में भी 2,617 करोड़ रुपये का अंतर पाया है। वहीं, फंसे कर्ज के लिए प्रावधान में 2,091 करोड़ रुपये का अंतर निकला है। बैंक ने कहा कि आरबीआई के आकलन के आधार पर उसे 2018-19 में 11,335.90 का शुद्ध घाटा हुआ होता जबकि बैंक ने 9,975.49 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा दिखाया था।

पीएनबी ने कहा उसने पिछले वित्त वर्ष में 78,472.70 करोड़ रुपये का सकल एनपीए दिखाया जबकि आरबीआई के आकलन के मुताबिक यह आंकड़ा 81,089.70 करोड़ रुपये था।

इसी प्रकार, पीएनबी ने बीते वित्त वर्ष में शुद्ध एनपीए 30,037.66 करोड़ रुपये बताया। आरबीआई के मूल्यांकन के हिसाब से शुद्ध एनपीए 32,654.66 करोड़ रुपये था। बैंक ने 2018-19 में फंसे कर्ज के लिए 48151.15 करोड़ रुपये का प्रावधान किया था लेकिन इसके लिए 50,242.15 करोड़ रुपये का प्रावधान किए जाने की जरूरत थी।

वैश्विक संकेतों से बढ़ी सोने-चाँदी की चमक

नयी दिल्ली (वार्ता)। सोने-चाँदी की कीमतों में बीते सप्ताह विदेशों में रही तेजी का असर दिल्ली सर्राफा बाजार पर भी दिखा और सुस्त वैवाहिक माँग के बावजूद यहाँ सोना 70 रुपये चमककर 39,170 रुपये प्रति दस ग्राम पर तथा चाँदी 640 रुपये की छलाँग लगाकर 45,190 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गयी। अलोच्य सप्ताह के दौरान वैश्विक स्तर पर दोनों कीमती धातुओं में अच्छी तेजी रही। लंदन एवं न्यूयॉर्क से मिली जानकारी के अनुसार, सोना हाजिर 15.50 डॉलर यानी 1.06 प्रतिशत की बढ़त में 1,475.50 डॉलर प्रति औंस पर पहुँच गया। फरवरी का अमेरिकी सोना वायदा भी 15.80 डॉलर की मजबूती के साथ 1,480.30 डॉलर प्रति औंस बोला गया। बाजार विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध को लेकर हुये 'सैद्धांतिक समझौते' के विवरण स्पष्ट नहीं होने से निवेशकों ने सुरक्षित निवेश मानी जाने वाली पीली धातु का रुख किया है। विदेशों में चाँदी हाजिर भी 0.38 डॉलर यान 2.30 प्रतिशत की तेजी के साथ 16.92 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गयी।

अंकुर गर्ग एयर एशिया इंडिया के सीसीओ नियुक्त

नयी दिल्ली (वार्ता)। किफायती विमान सेवा कंपनी एयर एशिया इंडिया ने श्री अंकुर गर्ग को मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी (सीसीओ) नियुक्त किया है। कंपनी ने आज बताया कि श्री गर्ग एयर एशिया इंडिया की पूरी वाणिज्यिक जिम्मेदारी संभालेंगे जिसमें नेटवर्क और राजस्व प्रबंधन, विपणन और सेल्स एवं कार्गो शामिल हैं।

महंगे प्याज से भी ज्यादा रुला रहा मोबाइल का खर्च

- अब न ऑनलाइन पूजा न क्रिकेट!
- कई लोग बेसिक प्लान में कन्वर्ट हो रहे, जिसमें सिर्फ इनकमिंग मिलती है

मुंबई। मोबाइल कंपनियों ने टैरिफ में 40-45 फीसदी तक बढ़ोतरी कर दी है जो शहरी निम्न आय वर्ग के लोगों की परेशानी का सबब बन गया है। मोबाइल पर इंटरनेट इस्तेमाल करने वाले कई लोगों का कहना है कि डेटा प्लान की महंगाई उन्हें महंगे प्याज से भी ज्यादा चुभ रही है। घरों में काम करने वाली रबीता ने मोबाइल रखना शुरू किया तो उसे अनलिमिटेड कॉल और डेटा प्लान मिला करते थे। फिर वह मोबाइल फोन पर 50 रुपया प्रति माह तक खर्च करने लगीं। लेकिन, अब यह चार्ज बढ़कर 98 रुपये हो गया है जो उनकी जेब पर भारी पड़ रहा है।

'प्याज के बिना चल जाएगा काम, डेटा के बिना नहीं'

रबीता कहती हैं, 'जब घर में कुछ मांसाहारी भोजन तैयार करना होता था तो 10-15 रुपये में प्याज मिल जाता था, अब तो इतने में मुझे एक प्याज भी नहीं मिलेगा। किचन में प्याज के बिना तो मेरा काम चल जाएगा लेकिन डेटा प्लान के बगैर तो नहीं चल पाएगा।' रात की ड्यूटी करने वाले सिक्योरिटी गार्ड्स और राइड्स के बीच वेट करने वाले कैब चालकों के लिए मोबाइल एंटरटेनमेंट का जरूरी साधन है।

पूजा में भी बाधा बन रहा महंगा डेटा!

गाजियाबाद की रीना पेशावर हर शाम पूजा करते वक्त ऑनलाइन आरती बजाया करती हैं, लेकिन अब वह सोचने लगीं हैं कि भगवान की भक्ति और मेकअप विडियोज देखने के खर्च में वह थोड़ी कटौती करें। उनका मंथली मोबाइल प्रीपेड प्लान अब 169 रुपये की जगह 249 रुपये का हो गया है। 22 साल की रीना एक डमेस्टिक वर्कर हैं, जिनकी सैलरी 6 हजार रुपये महीना है। वह कहती हैं, 'दिवाली बोनस से मैंने एक नया सेलफोन खरीदा था, मुझे पहले ही खर्च में कटौती करनी पड़ रही है।'

स्मार्टफोन्स से ABCD पर खर्च कम

एयरटेल, वोडाफोन और जियो के प्रीपेड प्लान्स महंगे होने के कारण शहरों में रहने वाला गरीब तबका परेशान है। डिजिटल ऐंथ्रपॉलजिस्ट पायल कपूर इसे ABCD कहती हैं, जिसका अर्थ है- ऐस्ट्रॉलजी, बॉलिवुड, क्रिकेट और डिवोशन। उनका कहना है टेलिकॉम कंपनियों के महंगे प्लान्स के कारण शहरी निम्न आय वर्ग के स्मार्टफोन्स से ABCD पर खर्च कम हो रहा है। महंगे टैरिफ प्लान्स का असर जिन लोगों पर पड़ रहा है, वे कुल सब्सक्राइबर्स का 95 फीसदी हिस्सा हैं।

फास्टैग नहीं है तो घबराएं नहीं, 30 दिन की राहत है आपके पास

नई दिल्ली। देशभर के नैशनल हाइवेज के टोल प्लाजा पर इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट से टैक्स वसूली का फास्टैग सिस्टम आधी रात से लागू हो गया है लेकिन शुरू में 30 दिन की राहत है। इसके तहत टोल प्लाजा पर भीड़ को देखते हुए फास्टैग की अधिकतम 25त्न लेन को हाइब्रिड रखा जाएगा। इन हाइब्रिड लेन्स में 15 जनवरी तक फास्टैग के साथ कैश पेमेंट से भी तय टोल दिया जा सकेगा। पहले टोल प्लाजा पर सिर्फ एक कैश लेन रखने और उस पर गुजरने में डबल टैक्स लेने की बात थी। हालांकि बिना टैग वाली गाड़ी अगर फास्टैग लेन में आती है तो डबल चार्ज लगेगा।

शनिवार को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा फास्टैग लागू किए जाने को लेकर अधिसूचना जारी की गई है। सरकार ने राजमार्गों पर टोल पेमेंट के लिए अनिवार्य रूप से फास्टैग लागू करने की तारीख 15 दिसंबर तक बढ़ा दी थी। मंत्रालय ने पहले इसकी तारीख 1 दिसंबर तय की थी। चाहे आपका वाहन प्राइवेट हो या कमर्शल, सबके लिए फास्टैग जरूरी है। इसलिए, अगर आपके वाहन के पास फास्टैग नहीं है तो जल्द ही इसे ले लें और परेशानियों से मुक्ति पाएं।

खाद्य तेल, गेहूँ, चीनी मजबूत, चना कमजोर, दालों में घटबढ़

नयी दिल्ली (वार्ता)। वैश्विक बाजारों में खाद्य तेलों में तेजी के बीच बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में इनमें मजबूती रही। खाद्य तेलों के साथ गेहूँ, चीनी और गुड़ के दाम भी चढ़ गये जबकि चना कमजोर हो गया। दालों में मिश्रित रुख देखा गया।

तेल-तिलहन : समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान विदेशी बाजारों में खाद्य तेलों में तेजी रही। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में फरवरी का पाम ऑयल वायदा 110 रिंगिट चढ़कर 2,853 रिंगिट प्रति टन पर स्थिर रहा। जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.59 सेंट चढ़कर सप्ताहांत पर 32.61 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

बाजार पूँजीकरण में आरआईएल नंबर एक, टीसीएस दूसरे स्थान पर

मुंबई (वार्ता)। बीएसई में बीते सप्ताह आई तेजी से संवेदी सूचकांक आधारित दस सबसे मूल्यवान भारतीय कंपनियों में शामिल रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल), एचडीएफसी और एसबीआई समेत छह कंपनियों के बाजार पूँजीकरण में 65,060.30 करोड़ रुपये का भारी इजाफा हुआ।

बीएसई का सेंसेक्स 13 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 564.56 अंक यानी 1.40 प्रतिशत की छलांग के साथ 41,009.71 अंक पर पहुँच गया।

मुकेश अंबानी की आरआईएल के बाजार पूँजीकरण में 13 दिसंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान सबसे अधिक बढ़ोतरी हुई। कंपनी का बाजार पूँजीकरण 17,439.74 करोड़ रुपये की छलांग के साथ दस लाख करोड़ रुपये को पार कर 10,03,147.26 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। बढ़ोतरी के मामले में एचडीएफसी दूसरे नंबर पर रही और इसका बाजार पूँजीकरण 15,435.51 करोड़ रुपये बढ़कर 4,06,705.23 करोड़ रुपये हो गया। देश के अग्रणी वाणिज्यक बैंक एसबीआई का बाजार पूँजीकरण 2,96,921.83 करोड़ रुपये बढ़ा और इस प्रकार इसमें 11,512.75 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। निजी क्षेत्र के अग्रणी एचडीएफसी बैंक का बाजार पूँजीकरण 9,089.48 करोड़ रुपये बढ़कर 6,91,457.21 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का 8210.91 करोड़ रुपये बढ़कर 3,47,551.97 करोड़ रुपये पर पहुँच गया। कोटक महिन्द्रा बैंक के बाजार पूँजीकरण में सप्ताह के दौरान 3,371.91 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह 3,23,236.17 करोड़ रुपये के बराबर हो गया।

दिगंबर जैन परवार पंचायती मंदिर में चोरी करने वाला वाला आरोपी गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। सदर बाजार मुख्य मार्ग पर स्थित दिगम्बर जैन मन्दिर में बीती रात चोरी हो गई। अज्ञात चोर ने मंदिर की दान पेटी के पैसो और चांदी का आभूषण ले जाने में सफल रहा। इस घटना की रिपोर्ट होते ही शहर पुलिस ने घटना में शामिल चोर को पकड़ने में सफलता हाथ लगी।

उपरोक्त सम्बन्ध में शहर थानेदार महेश कुमार धुव से मिली जानकारी अनुसार नगर के जैन मन्दिर में बीती रात चोरी हो गई ।घटना की जानकारी के बाद् पुलिस अधीक्षक श्रीमती नीतू कमल थाना प्रभारी को चोरी नकबजनी सहित संपत्ति संबंधी अपराध को शीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षक महेश कुमार ध्रुव थाना प्रभारी थाना भाटापारा शहर के नेतृत्व में थाना भाटापारा शहर के अपराध क्रमांक 510/19 धारा 457, 380 भादवि के अज्ञात आरोपी को पता तलाश कर केवल तीन घंटा में पकडने में सफलता प्राप्त हुई है । श्री धुव ने बताया की

प्रार्थी मनोज जैन पिता कमल जैन उम्र 45 साल पता संजय वार्ड भाटापारा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक घटना समय 14-15/12/19 के दरम्यानी रात घटना स्थल दिगंबर जैन परवार पंचायती मंदिर सदर बाजार भाटापारा से किसी अज्ञात चोर के द्वारा ताला तोडकर अंदर प्रवेश करके मंदिर में मूर्ति के दाहिने तरफ दान पेटी के ताला को तोडकर नगदी रकम 600 रू , चांदी का पायल (कीमती करीब 800 रू) को चोरी कर ले गया ।

घटना को गंभीरता से लेकर निरीक्षक महेश कुमार ध्रुव ने अपने स्टाफ उप निरीक्षक यशवंत प्रताप सिंह प्रधान आरक्षक युगल किशोर वर्मा , दीन दयाल ध्रुव , आरक्षक भारत भूषण पठारी, गौरी शंकर कश्यप , अरविंद कौशिक, प्रदीप सप्रे, रामेश्वर मरावी के साथ घटना स्थल पहुंचकर अज्ञात चोर के वारदात के तरीका को बारीकी से निरीक्षण किया आस पास के छ्ष्टञ्जङ्क फुटैज को भी देखा , घटना का खाखा तैयार कर वारदात के तरीका से पूर्व में घटना को अंजाम दिए चोर को चिन्हांकित किया तीन घटा में ही चोर को छ्ष्टञ्जङ्क फुटेज के आधार पर उसका चेहरा हुलिया रंग से आरोपी चोर बुलाकी उर्फ जरहा उर्फ दादू सोनी के रूप में पहचान की गई । चोर बुलाकी उर्फ जरहा उर्फ दादू सोनी पिता जागेश्वर सोनी उम्र 25 साल पता अटल आवास पुराना चीर बंगला के पास भाटापारा का पतासाजी कर पकड कर थाना लाया गया , पूछताछ किया गया जो दिगंबर जैन परवार पंचायती मंदिर सदर बाजार भाटापारा में ताला तोडकर दान पेटी से रूपया और चांदी की पायल को चोरी करना बताया उसके कब्जा से ताला तोडने के औजार , टूटा ताला , नगदी रकम 150 रू , चांदी की पायल को जप्त कर ली गई है तीन घंटा में उक्त चोर को पकडा गया है आरोपी का इसके पूर्व भी 14 अपराधिक मामला दर्ज है ।

न्यूज गैलरी

साई मन्दिर में हुई विशेष् पूजा

भाटापारा। साई मंदिर समिति द्वारा मंदिर परिसर में विशेष पूजा सत्यनारायण कथा का आयोजन किया गया साथ ही भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें भक्तगण भारी संख्या में उपस्थित होकर प्रसादी का व साई बाबा के दर्शन किए उक्त जानकारी मंदिर के पुजारी विकास पांडे द्वारा दी गई।

मंत्री डहरिया का आज नगर भटगांव आगमन

भटगांव। विधानसभा मुख्यालय बिलाईगढ़ के अंतर्गत आज शाम 4:00 बजे नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया का भटगांव नगर आगमन हो रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगरीय प्शासन विकास एवं श्रम मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया जी का आज शाम 4:00 बजे भटगांव नगर आगमन हो रहा है ।नगरीय निर्वाचन के संबंध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक लेकर विचार-विमर्श के उपरांत आवश्यक दिशा निर्देश देंगे ।उक्त आशय की जानकारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिलाईगढ़ के अध्यक्ष नेमीचंद केसरवानी ने दी ।

युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बिलाईगढ़ । समीपस्थ ग्राम पवनी में एक युवती ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । थाना बिलाईगढ़ से प्राप्त समाचार के अनुसार मृतिका आशा तिवारी पिता हीरालाल तिवारी अपने घर के पंखे में शनिवार शाम 6:00 बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली आत्महत्या का कारण अज्ञात है तथा वह नौवीं कक्षा में अध्यनरत थी थाना बिलाईगढ़ में मर्ग कायम कर पंचनामा एवं पोस्टमार्टम के बाद पुलिस विवेचना जारी है।

तीन बाइक सवार अनियंत्रित होकर बस से टकराया दो की मौत, एक गंभीर

नवप्रदेश संवाददाता

लवन। रविवार शाम करीब 6:00 बजे चिरपोटा पुल के पास बस और बाइक की आमने सामने भिड़ंत होने से बाइक पर सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया ।घटना की जानकारी प्रत्यक्षदर्शियों के द्वारा लवन पुलिस को दी गई जिस पर लवन चौकी प्रभारी भीम कुमार सोम व स्टाफघटनास्थल पहुंचकर घायल को तत्काल बलौदा बाजार जिला अस्पताल रीफर किया गया वही दो मृतकों को अपने कब्जे में लेकर परिजनों की पूछताछ की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बलौदा बाजार तरफ से आ रही साहु बस सर्विस क्रमांक सीजी 22 डी 35 55 का चालक बस को अपनी साइड में चलाते हुए आ रहा था कि लवन तरफसे आ रही एक तेज रफ्तार फैशन प्रो क्रमांक सीजी 11 एडी 7558 का चालक तेज रफ्तार में लापरवाही पूर्वक चलाते हुए अपने बाइक को बस के सामने के हिस्से में जा टकराया। बाइक का रफ्तार इतना तेज था कि बस के निचले हिस्से में बाइक घुस गया जिससे मौके पर ही दो लोगों की मौत हो गई तथा एक गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को लवन पुलिस की मदद से जिला अस्पताल रिफर किया गया वहीं मृतकों को अपने कब्जे में लेकर परिजनों की पता तलाश किया जा रहा है। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक मृतक का कोई जान पहचान नहीं हो पाई है।

आरपीएफ ने पकड़ी शराब मामला जीआरपी को सौंपा

भाटापारा । नगरीय निकाय चुनाव में अवैध रूप से शराब की तस्करी ट्रैन से होने की सुचना पर रविवार को आर पी एफ को बड़ी सफलता हाथ लगी। आर पी एफ प्रभारी के पी एस गुर्जर ने आरोपी और शराब जी आर पी को सौप दिया है जहाँ जी आर पी आबकारी एक्ट की धारा 34 दो के तहत कार्यवाही कर रही है।

उपरोक्त सम्बन्ध में मिली जानकारी अनुसार रविवार को सुबह तकरीबन साढे 10 बजे के आसपास प्लेटफार्म नम्बर 3 चार के अंतिम छोर पर एक व्यक्ति के द्वारा 4 बेग के साथ बैठे जाने की सुचना स्टेशन में मौजूद आर पी एफ के सिपाही हेमन्त फ़ेज् दार ने अपने पोस्ट प्रभारी के पी एस गुर्जर को

दी,,,सिपाही की सुचना पर रेसुब पोस्ट भाटापारा के प्रभारी निरीक्षक कर्मपाल सिंह गुर्जर के नेतृत्व में साथ उप निरी ऐ के बिन्द् ,बीपी डड़सेना ,आ. हेमन्त फौजदार ,आ.ओपी मिश्रा एवं जीआरपी थाना भाटापारा के चौकी प्रभारी सउनि महेंद्र पांडेय एवं स्टाफके साथ रेलवे स्टेशन भाटापारा प्लेटफॉर्म चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था मे प्लेटफार्म न 3-4 के रायपुर छोर में बैठे देखे, । पुलिस वालो को देखकर भागने लगा, घेर कर उक्त व्यक्ति को पकड़े! नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम पता कमल मंडल वल्द निकुंज मंडल उम्र-38 वर्ष साकिन-प्रीतम नगर, बड़ा अशोक नगर, गुढ़ियारी थाना,गुढ़ियारी, जिला रायपुर होना बताया!

अनियंत्रित बोलेरो ने बाइक को ठोका

कसडोल। जिले में सड़क हादसों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है आज शाम को कसडोल के छांछी के पास एक बार फिर सड़क हादसा हो गया जिसमें शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष हरिशंकर जायसवाल की धर्मपत्नी और सुपुत्री को चोटें आई है। कसडोल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हरिशंकर जायसवाल के परिजन गिरौदपुरी से लौट रहे थे इसी दौरान कसडोल की ओर से आ रही बोलेरो पिकअप अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल को ठोकते हुए पलट गई जिसमें मोटरसाइकिल चालक कमल किशोर पैकरा ग्राम असनींद 20 वर्ष का पैर फैक्चर हो गया तो वहीं अनिता जायसवाल 31 ग्राम असनींद को हाथ में, सृष्टि जायसवाल 09 वर्ष ग्राम असनींद को पैर में तो वहीं रत्ना मनकपुरी 32 को मामूली चोटें आई हैं, इस घटना के बाद कसडोल पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

कसडोल पुलिस ने बाइक चोर को किया गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

कसडोल। प्रार्थी धनुष साहू पिता फगुवारा साहू निवासी सिरपुर रोड कसडोल दिनांक 13 दिसम्बर 2019 के शाम 4:00 बजे अपनी मोटरसाइकिल हीरो एच.पी. डीलक्स क्रमांक सी.जी. 04 एल.पी. 3135 काला पुरानी इस्तेमाली कीमती ?20,000 से सब्जी बेचने कसडोल बाजार गया था। मोटर साइकिल को पुराना थाना के पास खड़ा कर बाजार अंदर सब्जी बेच रहा था बाजार बंद होने के बाद शाम 6:30 बजे अपनी मोटरसाइकिल को लेने बाजार चौक पुराना थाना के पास गया तो वहां पर मोटरसाइकिल नहीं मिला अज्ञात चोर द्वारा प्रार्थी की मोटरसाइकिल को चोरी कर लेने की रिपोर्ट पर थाना कसडोल में अपराध क्रमांक 915/ 19 धारा 379 भादवी पंजीबद्ध कर विवेचना एवं माल मुलजिम की

पता साजी में लिया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा क्षेत्र में चोरी की घटनाओं की रोकथाम में अंकुश लगाने के लिए निर्देश प्राप्त हुआ है, पुलिस अधीक्षक महोदय जिला बलौदा बाजार भाटापारा श्रीमती नीतू कमल के निर्देशन में एवं अति. पुलिस अधीक्षक जे.आर. ठाकुर निवेदिता पाल एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बलौदाबाजार राजेश जोशी एस.डी.ओ.पी बलौदाबाजार के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कसडोल निरीक्षक दीनबंधु उईके के नेतृत्व दिनांक 15 दिसम्बर 2019 को में प्रधान आरक्षक 133 मनीष वर्मा, हमराह आरक्षक 358, भरत सेठ ,आरक्षक 183 हरिशंकर गेंण्डले के अपराध विवेचना दौरान मुखबिर की सूचना पर आरोपी गौतम घृतलहरे पिता बाबूलाल घृतलहरे उम्र 24 साल साकिन खैरताल, थाना भाटापारा, ग्रामीण को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ कर मेमोरेंडम कथन लिया गया।

महिलाओं को प्रेरित करते हुए संजीवनी रक्तदाता संघ में बैजंती का पदार्पण

खरोरा। संजीवनी रक्तदाता संघ की समाजसेवा का कार्य महिलाओं में भी प्रेरणा की एक लहर बन कर उभरी है। विगत दिनों में संघ में एक और महिला सदस्य श्रीमती बैजंती निषाद पति श्री विनोद निषाद पुरानी

बस्ती गुडीचौक नेवरा निवासी का पदार्पण हुआ है जो संघ के ही उपाध्यक्ष कपिल निषाद ग्राम भरुवाडीह कला निवासी की बहन है तथा उन्ही की प्रेरणा की बदौलत उन्होंने संघ मे जुड़ने का निर्णय लिया। संस्था के अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश चौहान ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि महिलाओं को भी रक्तदाता जैसे नेक कार्य के लिए आगे आना चाहिए एवं समाजसेवी कार्यो में उन्हें अपना योगदान देना चाहिए। चूंकि संघ का संचालन करने वाला व्यक्ति ही स्वयं एक दिव्यांग है जिसने अपने और अपने सदस्यों के बलबूते पर संस्था को इस मुकाम तक पहुंचाया है और आज संजीवनी रक्तदाता संघ में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों युवा जोड़ो अभियान के तहत लोगों को जोड़ा जा रहा है ।

स्वच्छता जागरूकता के लिए निकाली रैली

खरोरा। आज ग्राम पंचायत केशला मे आदर्श युवा संघ द्वारा महामाया शितला मंदिर परिसर का साफसफाई किया गया और समस्त ग्रामवासीयो को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने हेतु संदेस दिया गया इस कार्यक्रम मे आदर्श युवा संघ के सदस्य संजय सेन तामेश्वर देवागन संदीप सेन देवेन्द्र सिन्हा भुवनेश्वर सारथी मन्दिर बैगा राजेश यादव डोमेश्वर देवांगन टिकेश्वर निलर्मकर सतीश पुनित देवांगनसंतोष देवांगन राजकुमार अशोक बंजारे एवम ग्रामवासी सम्मिलित हुवे।

स्वच्छ भारत की ओर बढ़ते कदम

खरोरा। भरूवाडीह कला अपने आप मे आज एक जाना पहचाना नाम बन चुका है इसी कडी मे आज रविवार को संजीवनी रक्त दाता संघ के उपाध्यक्ष कपिल निषाद जो कि मिडिल स्कूल भरूवाडीह कला मे मानदेय शिक्षक भी है साथ ही डाक्टर सुरेन्द्र निषाद जो रक्त दाता संघ के सक्रिय सदस्य है और शाला प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष है इनके नेतृत्व मे संजीवनी रक्त दाता संघ भरूवाडीह कला इकाई के

समस्त सदस्यो व स्कूली बच्चे मिलकर गाव के नाली व सडको का सफाई किया जो वास्तव मे सराहनीय व प्रेरणादायी कार्य है ।इन सदस्यो के इस महान कार्य के लिए प्रधान पाठक दिनेश वर्मा ने संजीवनी रक्तदाता संघ के प्रति धन्यवाद व शुभकामनाये दी ।

संजीवनी रक्तदाता संघ में महिलाएं बढ़चढ़कर ले रही हिस्सा

तिल्दा-नेवरा। संजीवनी रक्तदाता संघ की सामाजिक, धार्मिक व रचनात्मक कार्यो से प्रभावित होकर अब महिलाएं भी सदस्यता ग्रहण कर जनहितैषी कार्यो में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं गत दिनों नेवरा पुरानी बस्ती निवासी बैजंती निषाद पति विनोद निषाद रक्तदाता संघ के प्रेरणादायक कार्यो के वशीभूत होकर सदस्यता ग्रहण की इनकी अगुवाई करते हुए संजीवनी रक्त दाता संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश चौहान ने कहा कि रक्तदान, सामाजिक उत्थान जैसे पुनित कार्यो में महिलाओं का कदम बढ़ाना काबिले तारीफहै शारीरिक रूप से अपंग संस्था के अध्यक्ष चौहान जो सहयोगी सदस्यों के कार्यकुशलता के बदौलत संजीवनी रक्तदाता संघ को अंचल के सुदूर क्षेत्रो में फैलाने में मुकाम हासिल किया है।

अवैध पत्थर परिवहन करते दो पिकअप वाहन पकड़ाए

बिलाईगढ़ । वन परिक्षेत्र बिलाईगढ़ के अंतर्गत ग्राम धनसिर के पास वन भूमि में अवैध उत्खनन कर अवैध पत्थर परिवहन करते हुए दो पिकअप वाहन को वन विभाग की गश्ती टीम ने कल रात्रि धर दबोचा।

प्राप्त समाचार के अनुसार वन परिक्षेत्र बिलाईगढ़ के अंतर्गत ग्राम धनसिर के पास कक्ष क्रमांक 408 वन भूमि में अवैध पत्थर उत्खनन से प्राप्त पत्थरों को पिकअप वाहन क्रमांक सीजी /06/त ष्ट/ 2740 वाहन मालिक गोविंद वल्द नोहर साहू ग्राम साकरा एवं दूसरा पिकअप वाहन क्रमांक सीजी /06 /त्तष्ट/3112 वाहन मालिक नेतकुमार वल्द नारायण साहू ग्राम साकरा ज़िला महासमुंद को वन विभाग की टीम ने अवैध उत्खनन करते

हुए रंगे हाथ धर दबोचा। और पत्थरों से लदे दोनों वाहन को वन परिक्षेत्र कार्यालय लाकर अवैध खनन और अवैध परिवहन के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर दोनों पिकअप वाहन को जप्त किया गया।

बिलाईगढ़ रेंजर जगदीश जायसवाल ने बताया कि दोनों जब्त वाहन साकरा की है जिससे बिलाईगढ़ सर्किल के कक्ष क्रमांक 408 में पत्थर उत्खनन एवं अवैध पत्थर परिवहन किया जा रहा था। दोनों वाहनों में लगभग 160 नग सिल पत्थर लदा हुआ है।

गौरतलब रहे कि बिलाईगढ़ के वन भूमि में अवैध पत्थर उत्खनन की शिकायत का समाचार 8 दिन पूर्व ही अखबार में प्रकाशित किया गया था इस पर वन अमल सक्रिय हुआ। और स्पॉट में जाकर अवैध उत्खनन करने वालों से सब्बल, हथोड़ा, छीनी ,सिलपत्थर,व लोढ़ा जप्त किया गया ।

माता-पिता का सम्मान हर इंसान का कर्तव्य

लवन। लाहोद के अहिल्या इण्टर नेशनल स्कूल में मां के सम्मान में रिस्पेक्ट मां उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें अहिल्या इण्टरनेशनल स्कूल के सभी विद्यार्थी व उनके माता-पिता उपस्थित हुए। सभी विद्यार्थी अपने मां व उनके सम्मान में बहुत ही अच्छी-अच्छी बात व मां के बारे में बोली। जिसमें आए हुए मां की आखें प्यार से नम हो गई। आए हुए सभी माता-पिता ने इस उत्सव का भरपूर आनंद उठाया। बच्चों के भाषण के अलावा मां से संबंधित नृत्य कला, गाना भी बच्चों ने प्रस्तुत किया। इस बीच कुछ बच्चों की मां ने मंच में अपना भाषण तथा गीत भी सुनाया। जिससे बच्चों का मन उत्साह से भर उठा। अंत में मां और बच्चों के बीच खेल आयोजित किया गया।

प्रचार खर्च | **झंडे बैनर ,साउंड सिस्टम के लिए ले रहे है परमिशन**

चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों को रखना पड़ेगा, पाई पाई का हिसाब

भाटापारा। वर्तमान नगरीय निकाय चुनाव 2019 नई पद्धति से होने के कारण पार्षद प्रत्याशीयों की मुश्किले बढा दी है । पहली बार पार्षद पाई पाई का हिसाब रख रहे है तो सभा, रैली, चुनाव कार्यालय खोलने के लिये अनुमति लेनी पड रही है । कांग्रेस और भाजपा उम्मीदवारों के लिये तो हिसाब रखने और निर्वाचन कार्यालय व नगरपालिका परिषद भाटापारा कार्यालय में अनुमति के लिये अलग अलग लोग रखे है ,जबकि कुछ बडे निर्दलीय प्रत्याशीयों को छोडकर ,बाकी खुद ही हिसाब किताब कर रहे है । विधानसभा और लोकसभा चुनाव में जिस तरह की पैचीदगियां प्रत्याशीयों के

लिये होती थी ,उससे पार्षदो को जूझना पड रहा है । 1 लाख 50 हजार खर्च की सीमा तय कर दी गई है उसमें भी दो बार चुनाव खर्च का हिसाब देना है । चुनाव प्रचार के लिये अब ज्यादा समय नही बचा है ऐसे में प्रत्याशियों की दुविधा है कि वे चुनाव प्रचार में समय दे या हिसाब रखने या अनुमति लेने के लिये जाये ।

वकील और एकाउंटेंट की ले रहे मदद

पार्षदो के लिये सबसे बडी उलझन रोजाना के खर्च के हिसाब रखने की है । पहली बार इस चुनाव में उन्हें चुनावी खर्च का दैनिक हिसाब रखना पड रहा है । कार्यकर्ताओं को कार्यालय में दिये जा रहे चाय, समोसे ,पोहा,मिक्चर ,खाने पीने के रजिस्टर में चढाने ,हिसाब को आयोग के पर्यवेक्षको को देने जैसी उलझने इससे जुडी है । बैनर ,पोस्टर ,पर्चे ,झंडे, टोपियां ,गमछे उम्मीदवार के खर्चो में जुड रहे है । खर्च का हिसाब रखने में कोई चूक न हो इसके लिये कई प्रत्याशीयों ने वकील या अकाउंटेंट तक की सेवायें ली है ।

सोशल मीडिया पर भी संभलकर प्रचार : सोशल मीडिया पर पार्षद प्रत्याशियों के प्रचार की मॉनिटरिंग की जा रही है मीडिया मॉनिटरिंग समिति के अनुमति के बाद ही प्रत्याशी प्रचार सामाग्री को आगे बढा सकते है । बगैर अनुमति या आपत्तिजनक प्रचार सामाग्री को लेकर आयोग की सतर्कता के कारण उम्मीदवार संभलकर प्रचार कर रहे है । सोशल मीडिया भले ही फ्री है । चुनाव आयोग ने निकाय चुनाव में इस बार नया वोटरो के लिये मतदान केन्द्रो में दिव्यांगो के लिये रैंप व्हीलचेयर सुविधा , आयोग पहली बार वोटरो के लिये ऑनलाईन सर्च इंजन ,मैसूर की नही मुंबई की अमिट स्याही,पहली बार ऑनलाईन मतदाता सूची तैयार हुई है ।वही इस बार बैलेट पेपर में नोटा

पार्षद प्रत्याशीयो के लिये : पहली बार आनलाईन नामांकन की सुविधा थी तो पार्षद प्रत्याशीयों ने पहली बार चुनाव खर्च के लिये खाता खोला और खर्च का रख रहे डेली हिसाब किताब ।

न्यूज गैलरी

ऑस्ट्रेलियन ओपन में खेलेंगे टॉप-50 पुरुष और महिला खिलाड़ी

मेलबर्न। दुनिया के सभी टॉप 50 पुरुष और विक्टोरिया अजारेंका को छोड़कर टॉप 50 महिला टेनिस प्लेयर ने जनवरी में होने वाले सत्र के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खेलने की पुष्टि कर दी है। दुनिया के नंबर-1 पुरुष खिलाड़ी स्पेन के राफेल नडाल और नंबर-1 महिला खिलाड़ी एशले बार्टी 20 जनवरी से 7 फरवरी तक होने वाले इस टूर्नामेंट में शीर्ष रैंकिंग्स वाले खिलाड़ी होंगे। जुआन मार्टिन डेल पोत्रो इस टूर्नामेंट के साथ कोर्ट पर वापसी करेंगे। सात बार की विजेता अमेरिका की दिग्गज सेरेना विलियम्स की नजरें 24वें ग्रैंडस्लैम खिताब पर टिकी होंगी। आंखों के सफल ऑपरेशन के बाद एलेक्स ज्वेरेव ट्रेनिंग के लिए कोर्ट पर लौट आए हैं। एटीपी फाइनल्स के दौरान ज्वेरेव ने खुलासा किया था कि कॉन्टेक्स के साथ उन्हें परेशानी हो रही है और वह सर्जरी की सोच रहे हैं।

मोमोटा ने साल का 11वां खिताब जीता

शंघाई। विश्व नंबर एक खिलाड़ी केंटो मोमोटा ने पहले गेम में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए रविवार को यहां बीडब्ल्यूएफविश्व टूर फाइनल्स में एंथोनी सिनिसुका गिंटिंग को हराकर खिताब अपने नाम किया। विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज 23 साल के गिंटिंग ने पहला गेम जीत कर मोमोटा को चुनौती दी लेकिन 87 मिनट तक चले फाइनल को जापान के खिलाड़ी ने 17-21, 21-17, 21-14 से अपने नाम किया। मोमोटा के लिए 2019 शानदार रहा जिनके लिए यह साल का 11वां खिताब है।

दृष्टिबाधित महिला राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट से जुड़े लारा और मंधाना

नयी दिल्ली, (वार्ता)। समानता और समता को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत क्रिकेट एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड इन इंडिया (सीएबीआई) ने समर्थनम ट्रस्ट फॉर द ब्लाइंड के साथ मिलकर दृष्टिबाधित महिलाओं के लिए पहली बार राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित कराने का फैसला किया है जो 16 से 19 दिसम्बर तक होगा।

वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज ब्रायन लारा ने शनिवार रात यहां इस टूर्नामेंट को लांच किया। भारत की अग्रणी महिला क्रिकेट खिलाड़ी स्मृति मंधाना इस अभियान में सीएबीआई के साथ हैं। सीएबीआई को उम्मीद है कि उसके इस प्रयास में बीसीसीआई का भी समर्थन और सहयोग प्राप्त होगा। सीएबीआई के अधिकारी हाल ही में बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरभ गांगुली और संयुक्त सचिव जयेश शाह से इस सम्बंध में मिले थे।

इस टूर्नामेंट को समर्थनम विमेंस नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट फॉर ब्लाइंड 2019 का नाम दिया गया है। इसकाआयोजन 16 से 19 दिसम्बर के बीच होगा। इस अवसर पर लारा ने कहा,÷विक्लांगता कभी भी किसी के सपने की राह में बाधा नहीं बन सकती। मैं सीएबीआई औरसमर्थनम ट्रस्ट के इस प्रयास की सराहना करता हूं। मेरा मानना है कि दुनिया भर में कहीं भी अगर इतने मजबूत स्टेकहोल्डर्स एक साथ आएंगे तो फिर ब्लाइंड क्रिकेट को आगे जाने से कोई नहीं रोक सकता। इस तरह के टूर्नामेंट प्रतिभाशाली महिलाओं के लिए एक शानदार प्लेटफार्म साबित होंगे। इस तरह के आयोजनों से ये महिलाओं सशक्त होंगी। टूर्नामेंट में सात टीमें भाग ले रही हैं। इनमें दिल्ली, झारखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, ओडिशा और पश्चिम बंगाल की टीमें शामिल हैं। ये टीमें दिल्ली के तीन मैदानों सीरी फोर्ट स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, डीडीए स्पोर्ट्स कॉपम्लेक्स और जामिया मिल्लिया यूनिवर्सिटी में एक-दूसरे के खिलाफमैदान पर उतरेगीं। फाइनल सीरी फोर्ट स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में 19 दिसंबर को खेला जाएगा।

सीएबीआई के अध्यक्ष और वर्ल्ड ब्लाइंड क्रिकेट के प्रमुख जी महंतेश ने कहा, ÷पिछले 10 वर्षों से महिला क्रिकेट मुख्यधारा में थी और हमारा ऐसा मानना है कि उन्हें भी खेलने का समान अधिकार मिलना चाहिए। 2010 में समर्थनम द्वारा सीएबीआई को इसकी पूरी जिम्मेदारी देने के बाद हमने तुरंत ही इस पर काम करना शुरू कर दिया है। हमें इस बात का बेहद गर्व है कि आखिरकार हम इसे लागू कर सके।क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ ब्लाइंड के नार्थ जॉन सेक्रेटरी शलैंद्र यादव ने कहा, ÷ना केवल खेल में बल्कि उनको सशक्त बनाने की दिशा में हमने खिलाड़ियों के बीच कमाल की क्षमता देखी है। उन्हें अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए हमें उन्हें एक प्लेटफॉर्म और आवाज देना चाहते हैं।

रन टू ब्रीथ गाजियाबाद मैराथन में अभिषेक ने जीता खिताब

नयी दिल्ली (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के गाज़ियाबाद में रविवार को रन टू ब्रीथ का पांचवां सफल आयोजन हुआ जिसमें 1800 धावक पर्यावरण की रक्षा को दौड़े और अभिषेक सोनी ने फुल मैराथन का खिताब जीता।

रोयन सामाजिक संस्थान द्वारा रन टू ब्रीथ गाज़ियाबाद मैराथन का आयोजन किया गया। मैराथन सुबह 4:30 बजे से शुरू हुयी जिसमें 42.2 किलोमीटर की फुल मैराथन के अलावा 21 किलोमीटर हाफ मैराथन, 10.5 किलोमीटर, पांच किलोमीटर और 2.5 किलोमीटर की दौड़ भी हुयी। फुल मैराथन का उद्घाटन डोली शर्मा, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ने झंडी दिखा कर किया। उनके अलावा सुरेंद्र भारद्वाज समाज सेवी और दीपक शर्मा, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, रोटरी क्लब गाज़ियाबाद ने अलग अलग श्रेणी के धावकों को झंडी दिखाई। आलोक कुमार प्रेजिडेंट एओए भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

मैराथन में लगभग 1800 लोगों ने भाग लिया। मैराथन वसुंधरा से शुरू होकर इंदिरापुरम, वैशाली से होते हुए वापस वसुंधरा में ही समाप्त हुयी। मैराथन में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक पौधा दिया गया। सफाई एक्सप्रेस और सफाई मुहीम को और फैलाने के उद्देश्य से हुयी इस दौड़ का मुख्य मकसद लोगो में पर्यावरण के प्रति चेतना जाग्रत करना एवं हज़ारों की तादाद में पेड़ लगाना है। 42 किलोमीटर मैराथन पुरुष वर्ग में अभिषेक सोनी ने प्रथम, जीतेन्द्र यादव ने द्वितीय और राहुल यादव ने तृतीय प्राप्त किया। 21 किलोमीटर हाफमैराथन पुरुष वर्ग में अभिषेक ने प्रथम, गुल सिंह ने द्वितीय और अमर सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 21 किलोमीटर मैराथन पुरुष वर्ग में ज्योति ने प्रथम, सोनम ने द्वितीय और फ़ैज़ी खान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मैराथन में विभिन्न वर्गों में पुरस्कार राशि चार लाख थी। प्रथम आने वाले विजेताओं को एक एटलस साइकिल भी दी गयी।

कोटिन्हो की हैट्रिक से बायर्न म्यूनिख की आसान जीत, आरबी लेपजिग शीर्ष पर

बर्लिन। फिलिप कोटिन्हो की हैट्रिक से बायर्न म्यूनिख ने वर्डेर ब्रेमेन के खिलाफ 6-1 की आसान जीत दर्ज की जबकि आरबी लेपजिग बुंदेसलीगा फुटबाल टूर्नामेंट में शीर्ष पर पहुंच गया। बार्सीलोना से ऋण पर म्यूनिख आए कोटिन्हो एलियांज एरेना में छाए रहे। उन्होंने तीन गोल करने के अलावा दो गोल में मदद भी की। उन्होंने 45वें, 63वें और 78वें मिनट में गोल दागे। टीम की ओर से राबर्ट लेवनदोवस्की ने दो जबकि थामस म्यूलर ने भी एक

गोल किया। ब्रेमन की ओर से एकमात्र गोल 24वें मिनट में मिलोट राशिका ने दागा। दूसरी तरफ आरबी लेपजिग की टीम फोर्च्यूना डसेलडोर्फ को 3-0 से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंच गई है। लेपजिग के 15 मैचों में 33 अंक हैं। बोरूसिया मोनशेनग्लाबाख 31 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है लेकिन उसने लेपजिग से एक मैच कम खेला है। बायर्न म्यूनिख की टीम 15 मैचों में 27 अंक के साथ चौथे स्थान पर है।

डि विलियर्स को संन्यास से वापसी के लिए कह सकते हैं : मार्क बाउचर

जोहानिसबर्ग ए.। साउथ अफ्रीकी क्रिकेट टीम के नवनियुक्त मुख्य कोच मार्क बाउचर ने कहा है कि वह टी-20 विश्व कप को देखते हुए अब्राहम डि विलियर्स सहित कुछ खिलाड़ियों को संन्यास से वापसी करने का अनुरोध कर सकते हैं। 35 साल के डि विलियर्स दक्षिण अफ्रीकी टीम के सभी फॉर्मेट में कप्तान रहे थे। मार्च 2018 में डि विलियर्स ने संन्यास ले लिया था। इसके बाद से वह टी-20 फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट में सक्रिय हैं। बाउचर ने एक इंटरव्यू में कहा, 'जब आप विश्व कप में जाते हैं तो आप चाहते हैं कि आपके श्रेष्ठ खिलाड़ी खेलें।

मैं मानता हूं कि डि विलियर्स हमारे सबसे अच्छे खिलाड़ियों में से एक रहे हैं और ऐसे में उनसे वापसी के लिए कहा जा सकता है। मैं अभी अभी इस काम

में लगा हूं और हो सकता है कि आने वाले समय में मैं उनसे वापसी के लिए अनुरोध करूं। साथ ही मैं कुछ अन्य खिलाड़ियों से भी इसी तरह का अनुरोध कर सकता हूं। बाउचर ने कहा, 'आप चाहते हैं कि आपके सबसे अच्छे खिलाड़ी विश्व कप में खेलें।

एटीके को 2-1 से हराकर टॉप पर पहुंचा गोवा

फातोर्दा (गोवा), (वार्ता)। एफसी गोवा हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के छठे सीजन की अंक तालिका में टॉप पर पहुंच गया है। मेजबान टीम ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में दो बार के चैम्पियन एटीके एफसी को शनिवार रात 2-1 से हराने के साथ पहला स्थान हासिल कर लिया।

बीते साल फाइनल खेलने वाली गोवा की टीम ने पहले स्थान से एटीके को ही हटाया है। एटीके के आठ मैचों से 14 अंक हैं जबकि गोवा के इतने ही मैचों से 15 अंक हो गए हैं। गोवा की यह चौथी जीत है। गोवा के लिए इस मैच में माउतोर्दा फाल ने 60वें और फेरान कोरोमिनास ने 66वें मिनट में गोल किए जबकि एटीके के लिए जॉबी जस्टिन ने 64वें मिनट में गोल किया। पहला हाफ गोलरहित रहा। इस हाफ में कोई बड़ा मौका नहीं बना लेकिन जो

भी मौके बने, वे मेजबान एफसी गोवा के नाम रहे। सातवें मिनट में प्रीतम कोटाल ने राइट फ्लैंक से आए क्रास पर अच्छा बचाव करते हुए एटीके को पिछड़ने से बचाया। 35वे मिनट में जैकीचंद सिंह गोलकीपर के साथ वन-आन-वन थे लेकिन ऑफ साइड करार दिए गए।

इसी तरह अंतिम पलों में ब्रेंडन फर्नांडिस अपने हिस्से आए मौके को भुना नहीं सके। गोवा ने शुरुआत से ही अटैकिंग फुटबाल खेली। यही कारण रहा कि इस हाफ में 70 फीसदी समय तक गेंद उसके पास रही जबकि उसने टारगेट पर चार शॉट लिए जबकि एटीके एक भी शॉट नहीं ले पाई।

चोट के कारण बॉक्सिंग डे टेस्ट में नहीं खेलेंगे हेजलवुड

मेलबर्न ए.। ऑस्ट्रेलिया के पेसर जोश हेजलवुड न्यू जीलैंड के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में नहीं खेलेंगे। ऑस्ट्रेलियाई टीम के कोच जस्टिन लैंगर ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण हेजलवुड इस टेस्ट मैच का हिस्सा नहीं होंगे।

पर्थ में सीरीज के पहले टेस्ट मैच के दौरान हेजलवुड को चोट लग गई जिसके बाद वह इस पिंक बॉल टेस्ट मैच के दूसरे दिन के बाद नहीं खेले। स्कैन से जानकारी मिली है कि हेजलवुड को 'लो ग्रेड' हैमस्ट्रिंग चोट है। वह पर्थ टेस्ट के दूसरे दिन के नाइट सेशन के दौरान चोटिल हो गए थे और केवल 8 गेंद ही फेंक सके। लैंगर ने बताया कि उनकी जगह 26 दिसंबर से मेलबर्न में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में किस खिलाड़ी को टीम में शामिल किया जाएगा, यह सिलेक्टर फैसला करेंगे। जेम्स पैटिंसन और माइकल नेसर टेस्ट टीम में रिजर्व सीमर हैं। सीरीज का तीसरा और अंतिम टेस्ट मैच 3 जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा।

पाक अंपायर अलीम डार ने लपका हैट, विडियो वायरल

नई दिल्ली ए.। मैदान पर खिलाड़ियों और अंपायर के बीच काफी बातचीत देखने को मिलती है लेकिन ऑस्ट्रेलिया और न्यू जीलैंड के बीच पर्थ टेस्ट के दौरान एक 'खेल' देखने को मिला। पाकिस्तानी अंपायर अलीम डार और ऑस्ट्रेलिया के मार्कस लाबुशाने 'फ्रिसबी' खेलते नजर आए।

पर्थ में ऑस्ट्रेलिया और न्यू जीलैंड के बीच सीरीज के पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन अलीम डार ने जिस अंदाज में हैट को लपका, वह विडियो वायरल हो रहा है। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू ने इस विडियो क्लिप को शेयर किया। 51 वर्षीय अलीम डार ने हैट को दौड़कर गिरने से पहले लपका। ऐसा लगा जैसे दोनों 'फ्रिसबी' खेल रहे हों। ऑप्टस स्टेडियम में इसका रीप्ले भी काफी बार दिखाया गया। दरअसल. लाबुशाने ने फील्डिंग के दौरान अपना हैट उनकी ओर फेंका था, जिसे उन्होंने गिरने नहीं दिया।

डार का वर्ल्ड रेकॉर्ड

इससे पहले डार ने गुरुवार को सबसे ज्यादा टेस्ट मैचों में अंपायरिंग का वर्ल्ड रेकॉर्ड बनाया। उन्होंने वेस्ट इंडीज के अंपायर स्टीव बकनर को पीछे छोड़ा। बकनर ने 128 टेस्ट में अंपायरिंग की थी जबकि डार ने पर्थ टेस्ट में मैदान पर उतरकर खास उपलब्धि अपने नाम की। अंपायर के तौर पर डार का यह उनका 129वां टेस्ट मैच है। उन्होंने अंपायरिंग करियर की शुरुआत 2003 में इंग्लैंड- बांग्लादेश के बीच ढाका में खेले गए मैच से की थी।

विजयश्री | बिग बाउट इंडियन बॉक्सिंग लीग मैच में बॉम्बे बुलेट्स को कड़े मुकाबले में 4-3 से हरा दिया

निखत और मनदीप के दम पर जीते राइनोज

नयी दिल्ली, (वार्ता)। नार्थईस्ट राइनोज ने कप्तान निखत जरीन और मनदीप जांगड़ा के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर शनिवार रात यहां इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में खेले गए बिग बाउट इंडियन बॉक्सिंग लीग के मैच में बॉम्बे बुलेट्स को कड़े मुकाबले में 4-3 से हरा दिया। युवा अम्बेशोरी देवी (महिलाओं के 57 किलोग्राम भारवर्ग) और अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को वेरोन (पुरुषों के 75 किलोग्राम भारवर्ग) ने अपने-अपने मुकाबले जीत राइनोज को अहम अंक दिलाए। महिलाओं के 51 किलोग्राम भारवर्ग में निखत और बॉम्बे की इनग्रीट लोरेना वालेंसिया के अलावा पुरुषों के 69 किलोग्राम भारवर्ग में मनदीप

और बॉम्बे के नवीन बोरा ने दर्शकों को अपनी सीट से उठने को मजबूर कर दिया।

निखत ने रिंग में अपनी विपक्षी वालेंसिया को सर्वसम्मत फैसले से मात दी। भारत की निखत ने स्पेन की रहने वाली वालेंसिया के खिलाफ अपनी घबराहट को दूर रखा और डट कर उनका मुकाबला किया। मनदीप को 20 साल के नवीन के अलग तरह के गार्ड के सामने सतर्क रहना था। अनुभवी मनदीप ने लय पकड़ने में थोड़ा समय लिया और फिर अपने पंच बरसाए। मनदीप ने यह मैच 3-2 से जीता।

दिन के पहले मैच में सरिता देवी की अकादामी में मुक्केबाजी के गुर सीखने वाली नेशनल जूनियर चैम्पियन अम्बेशोरी देवी ने खराब शुरुआत से वापसी करते हुए बॉम्बे की प्रिया कुशवाह को मात दी। अगले मैच में बॉम्बे के इमामैन्युएल रेयास ने पुरुषों के 91 किलोग्राम भारवर्ग में राइनोज के इराग्शेव तेमूर को हराकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।

राइनोज के लिए चौथी जीत फ्रांसिस्को के मुक्के से आई जिन्हें बॉम्बे के प्रयाग चौहान ने बेहतरीन चुनौती दी। फ्रांसिस्को ने हालांकि

धोनी के पास सबसे 'स्मार्ट क्रिकेट' दिमाग : पोलार्ड

नई दिल्ली ए.। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भले ही पिछले कुछ समय से क्रिकेट मैदान से दूर हैं लेकिन उनके चाहने वाले दुनियाभर में मौजूद हैं जिनमें कई क्रिकेटर भी शामिल हैं। वेस्ट इंडीज के कप्तान कायरन पोलार्ड भी उनमें से एक हैं, जो धोनी की क्रिकेट क्षमता को बेहद पसंद करते हैं।

68 टी20 इंटरनैशनल मैच खेल चुके पोलार्ड ने एक सवाल के जवाब में कहा कि धोनी के पास सबसे 'स्मार्ट क्रिकेट' दिमाग है। ईएसपीएन क्रिकइंफो की एक विडियो क्लिप में जब पोलार्ड से पूछा गया कि उस क्रिकेटर का नाम बताएं जो सबसे 'स्मार्ट क्रिकेट ब्रेन' रखता हो तो उन्होंने धोनी और श्रीलंका के महेला जयवर्दने का नाम लिया। धोनी ने इंग्लैंड में खेले गए वर्ल्ड कप-2019 के सेमीफाइनल के बाद से कोई क्रिकेट मैच नहीं खेला है।

भारत को बताया दूसरी फेवरिट टीम

पोलार्ड ने ईमानदारी से जवाब दिया कि वह वेस्ट इंडीज के बाद दूसरी फेवरिट टीम भारत को मानते हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि उनकी नजर में धुरंधर क्रिस गेल ही टी20 में पहला दोहरा शतक लगा सकते हैं। विडियो क्लिप में कायरन पोलार्ड से सवाल किया गया, यदि बोलर का कंधा रन लेते समय उनके लगा तो वह क्या करेंगे तो उन्होंने कहा कि वह कॉन्टैक्ट नहीं करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने साथ ही कहा कि ड्वेन ब्रावो बच्चों के बीच सबसे मशहूर विंडीज क्रिकेटर हैं।

गाबा में सिक्स सबसे मुश्किल

जब उनसे पूछा गया कि अगर वह पीएचडी करते हैं तो उसका विषय क्या होगा तो पोलार्ड ने कहा, लोगों के दिमाग को पढ़ना। जब विंडीज के इस धुरंधर से पूछा गया कि उन्हें क्या लगता है जो लोग उनके बारे में सबसे ज्यादा पसंद करते हैं तो उन्होंने कहा- सिक्स हिटिंग पॉवर।

बातों...बातों में...

सुकांत राजपूत

फायरब्रांड/आईसब्रांड

भाजपा संगठन के अंदरखाने में काफी हलचल है। हालाकि भाजपाई तो संगठन की बैठक में हाथ में गंगाजल लेकर कसम खाते हैं बाहर कुछ न बताएंगे, फिर भले अंदर मारकाट सी स्थिति बन जाए मजाल है चीख-पुकार बाहर सुनाई पड़े। लेकिन 15 साल की सत्ता जाने के बाद कई तरह के चेंज आए हैं। इसमें बातें लीक होना यहां तक की वीडियो भी वायरल कर दिया जाता है। खैर हम बात कर रहे हैं संगठन चुनाव व आला पदों पर जिम्मेदारी की। सुनाई पड़ रहा है कि पार्टी अध्यक्ष विक्रम उसेंडी को भी बदलने पर विचार कर रही है। सत्ताधारी पार्टी और उस पर भी सीएम भूपेश बघेल जैसे फायरब्रांड राजनीति करने वाले नेता हैं। ऐसे में उनके सामने उसेंडी ठंडे पड़ रहे हैं। नए अध्यक्ष को लेकर भाजपा के भीतर भी खुसुर-फुसर शुरू हो गई है। नए अध्यक्ष को लेकर बीजेपी कार्यकर्ताओं की नजर सिंह साहब पर है। वैसे भी चर्चा है फायरब्रांड सीएम का सामना करने के लिए संगठन में आईस या वॉटर ब्रांड टाइप ऑनरॉक चलेगा।

बड़े बह गए, छोटे उतारे..

सूबे की नौकरशाही में बड़े बड़े बह गए अब छोटे उतारे पार वाली कहावत फिट बैठती है। यह कलेक्टर कांफ्रेंस और फूड डिपार्टमेंट की रिव्यू बैठक में देखा जा चुका है। अब धान खरीदी मामले में भी चौंकाने वाला रिजल्ट से सीएस मंडल अपने ही अंदाज में खुश हैं। चौंकाने वाले तथ्य सामने आए कि बड़े जिलों की तुलना में छोटे जिले अभूतपूर्व कार्य किये हैं। सीएस आरपी मंडल ने जिन जिलों के कामों की तारीफ की, उनमें सूरजपुर, राजनांदगांव, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, दुर्ग और धमतरी में बढ़िया काम हुआ। कोंडगांव, दंतेवाड़ा, गरियाबंद और सुकमा भी इसमें शामिल हैं। कलेक्टर कांफ्रेंस के वक्त भी इन्हीं जिलों की खासी तारीफ हुई थी। आज की बैठक में भी सीएस के तेवर चंद बड़ों पर ही बरसते दिखे। कई कलेक्टरों की पेशानी में पहले से ही तनाव था। सोचे थे गलत आंकड़ों के जरिए सीएस को खुश कर देंगे पर वह नहीं हो सका। पेशानी से पसीने की बूंद सीएस के सवालों को सुनने के बाद पीठ से होकर नीचे तक बहती रही। इसकी गवाह ठंड में भीगी शर्ट और पैंट से लगा।

पूरे खतों के अधूरे वादे

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सालभर में मुख्य सचिव को तकरीबन हर प्रशासनिक कार्यों की मजबूती के लिए पत्रव्यवहार किया है। सीएम ने बीते 11 महीने में सीएस के नाम विभिन्न मामलों में 51 खत लिखे। इसमें प्रशासनिक सुधार से लेकर योजनाओं के क्रियान्यवन से संबंधित पत्र शामिल हैं। एक्स सीएस ने कोशिशें की पर वो रिटायर हो गए। जिम्मेदारी का बीड़ा सीएस आरपी मंडल ने उठाया है। उन्हों ने 14 नवंबर को कलेक्टर कांफ्रेंस में सभी मातहतों को सीएम के खत और उनके कामों को पूरा करने का वादा लिया था। परंतु अब भी खत के वादों को पूरा करने में कई कलेक्टरों ने खता की है। बता दें कि सीेस ने उस वक्त कलेक्टरों से कहा था कि यह 51 चिट्ठियां मेरे लिए 51 जिम्मेदारी हैं, 51 क्विंटल के बराबर। कॉन्फ्रेंस में चंद खतों का मजमून भी पढ़कर सुनाया था। सबकी प्राथमिकता बताकर इसे पूरा करने कहा भी था पर 51 वादों में कई अधूरे हैं।

आईएएस पर बिरादरी भारी

हाउसिंग बोर्ड के कमिश्नर के लिए उनकी बिरादरी ही उन्हें पशोपेश में डाल दी है। मामला दरअसल नया रायपुर के उन बड़े-बड़े आवासों का है जिनका मालिकाना हक नौकरशाहों के नाम है। करीब दर्जनभर हाउसिंग बोर्ड के आवासों का व्यवसायीक उपयोग कर रहे हैं। खबर का हल्ला तो मंत्रालय से हाउसिंग बोर्ड दफ्तर तक है। क्योंकि हाउसिंग बोर्ड ने ऐसे नौकरशाहों को नोटिस भेजी है कि आवासीय उपयोग के लिए मकान का आपके व्दारा व्यवसायीक उपयोग किया जा रहा है। इसका जवाब तलब कर तत्काल बैंकों, अन्य दफ्तरों को बंद करना पड़ सकता है। अब मुश्किल कमिश्नर हाउसिंग बोर्ड की है। सभी उन्हीं को समझाने-बुझाने और पुचकारने में लगे हैं।

लोक नृत्य आदिवासी संस्कृति का अभिन्न अंग : टेकाम

राज्य स्तरीय शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति आदिवासी लोक नृत्य महोत्सव 700 से अधिक कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुति

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री डॉ. प्रेम साय सिंह टेकाम ने कहा है कि लोक नृत्य आदिवासी संस्कृति एवं जन जीवन का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने इस आशय के उद्गार आज राज्य स्तरीय शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति आदिवासी लोक नृत्य महोत्सव का नवा रायपुर के साऊथ सेन्ट्रल पार्क में शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किए। राज्य स्तरीय महोत्सव में 710 कलाकारों ने पारम्परिक वेशभूषा में कला की शानदार प्रस्तुति दी। डॉ. टेकाम ने शहीद वीर नारायण सिंह के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया और राज्य गीत के बाद महोत्सव शुभारंभ की घोषणा करते हुए कहा कि हर्ष का विषय है कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की समृद्ध आदिवासी संस्कृति का प्रदर्शन होने जा रहा है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित प्रदेश के आदिवासी नर्तक दलों को राज्य की विविधतापूर्ण एवं समृद्ध जनजाति संस्कृति से देश-विदेश के कलाकारों एवं अतिथियों को परिचित कराने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा।

डॉ. टेकाम ने कहा कि उल्लेखनीय है कि इस वर्ष राज्य शासन द्वारा 27, 28 और 29 दिसम्बर को प्रदेश की राजधानी रायपुर में राष्ट्रीय आदिवासी लोक कला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश के विभिन्न राज्यों के आदिवासी लोक नर्तक दल भाग लेंगे। इसके साथ ही विदेशों से भी कलाकार इस आयोजन का हिस्सा बनेगें। उन्होंने इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के

माध्यम से राष्ट्रीय आदिवासी लोक कला महोत्सव में चयनित होने वाले नर्तक दलों को अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा आदिवासियों की धरोहर स्वरूप उनकी सभ्यता, संस्कृति एवं पूजा स्थल के संरक्षण और सतत् विकास के लिए समर्पित रूप से निरंतर कार्य किया जा रहा है।

सचिव आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास डी.डी.सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा आदिवासी नृत्य कलाकारों को चार पृथक-पृथक विधाओं फसल कटाई, पारम्परिक त्यौहार, विवाह, मेला मड़ाई पर राज्य के क्षेत्रीय एवं स्थानीय स्तर के आदिवासियों के नृत्य प्रतिभा की पहचान एवं अवसर प्रदान करते हुए विकास खण्ड, जिला और संभाग स्तर पर उत्कृष्ट कलाकारों के चयन के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया जा चुका है।

डॉ. टेकाम ने राज्य स्तरीय शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति लोक कला महोत्सव में प्रदेश के बस्तर, सरगुजा, बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग संभाग से आए प्रतिभागी कलाकारों को शानदार कार्निवाल परेड के लिए बधाई दी। कार्निवाल परेड में संभाग से आए कलाकारों ने पारम्परिक वेशभूषा में वाद्ययंत्रों के साथ कला की प्रस्तुती दी। डॉ टेकाम ने कलाकारों से परिचय प्राप्त करते हुए पारम्परिक वेशभूषा के साथ मांदर पर थाप देकर थिरके, तोड़ी बजाई और तीर कमान चलाकर उत्साह वर्धन किया। उन्होंने नर्तक दलों के प्रस्तुतिकरण को भी देखा।

प्रतियोगिता में विभिन्न दलों द्वारा सरहुल नृत्य से लेकर करमा जैसे प्रसिद्ध नृत्य प्रस्तुत करने के साथ ही फसल कटाई, विवाह तथा विभिन्न पर्वो से संबंधित नृत्यों का प्रतिभागी दलों द्वारा प्रस्तुतिकरण किया गया।

इस अवसर पर संभाग आयुक्त रायपुर जी.आर.चुरेन्द्र, संचालक आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास मुकेश कुमार बंसल, आयुक्त एन.आर.डी.ए. नीलम एक्का सहित विभाग के अधिकारी, प्रतिभागी दलों के सदस्य और दर्शक उपस्थित थे।

विशेष अतिथि टीकेंद्र सिंह ठाकुर सभापति, जनपद पंचायत अभनपुर के द्वारा जीतने वाली टीम को एवं अन्य टीम को आर्शीवचन एवं बधाई दी।

टिकट कटी तो प्रचार-प्रसार से भी कन्नी काटने वालों की हुई शिकायत

प्रत्याशियों की समस्या से वाकिफ संगठन सौंप रहा काम

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। निकाय चुनाव में जिन वर्तमान पार्षदों या उनके परिजनो को टिकट नहीं मिली तथा जो संभावित दावेदार थे और दौड़ से बाहर हो गए। ऐसे लोगों ने अघोषित तौर पर इस चुनाव से कन्नी काट ली है। केवल औपचारिकता के लिए वे अपनी उपस्थिति दिखा रहे हैं। पार्टी की धमकी-चमकी या मान मनौव्वल का इन पर कोई असर नहीं हुआ है, वे कार्रवाई करने लायक कोई मौका भी नहीं कर रहे हैं, लेकिन अपना काम बखूबी निभा रहे हैं। कुछ तो भोर में और कुछ मध्य रात्रि के बाद वार्डो में भ्रमण कर मतदाताओं के ठियों पर पहुंचकर संपर्क साध रहे हैं। स्व विवेक से वोट करने की बात करते हुए चुनावी शिष्टाचार भी निभा रहे हैं। यदि भूले से किसी पार्टी नेता या कार्यकर्ता से मुलाकात हो गई तो सहज ही कह रहे हैं प्रचार करने आए थे। अब भला ऐसे प्रचार का पार्टी के घोषित प्रत्याशियों को कितना नफा-नुकसान होगा यह तो परिणाम ही बतायेगा। कमोबेश हर वार्ड में यही स्थिति है। पार्टी के असंतुष्टों व पूरा साथ नहीं मिलने की खबरों से प्रत्याशी संगठन और निकाय चुनाव प्रभारी को अपडेट कर चुके हैं। फिलहाल कार्रवाई तो संगठन नहीं कर रहा पर अब प्रत्याशी के लिए जरुरी क्या कार्य हैं उनकी जिम्मेदारी उन्हीं अंसतुष्टों को सौंपकर रिपोर्ट भी देने की हिदायत दे रहा है। इससे साफ है अगर जिसने काम नहीं किया या झूठी रिपोर्ट दिया तो समझो परिणाम के बाद कार्रवाई तय है।

वार्ड चुनाव में वोटरों का हाल-ऐ-बयां

प्रचार और झंडे-बैनर लेकर माहौल बनाने वाले कार्यकर्ता कम हैं। इसलिए दिहाड़ी मजूरी में झुग्गी-बस्ती के लोगों को रखा गया है। प्रति महिला कार्यकर्ता 200 रुपए दिहाड़ी में काम कर रही हैं। महज वार्डों में पार्टी प्रत्याशी का प्रचार व झंडा, बैनर, पर्चा बांटते हुए नारेबाजी करना है। सुबह से दोपहर 12 बजे तक और शाम 5 से 8 बजे तक बस्ती के यहीं दिहाड़ी चुनावी समा बांध रहे हैं। पार्टी कार्यकर्ता और प्रत्याशी के दाएं-बाएं कार्यालय से ही सब को लाइनअप करते हैं। ऐसे में महज चंद घंटे वार्ड में ही घूमने का 200 और पुरुषों को 250 रुपए मिलता है तो घरों में काम करने वाली बाईयां और युवक लंबी छुट्टी में है। इसलिए मतदाताओ के लिए मुश्किल बढ़ी है।

निर्वाचन अफसरों की कार्यशैली पर बात

जिन्हें प्रत्याशी समर्थक बता रहे हैं वो दरअसल दिहाड़ी मजदूर हैं। प्रति मजदूर दो से ढाई सौ रुपए दिये जा रहे हैं। चाय, नाश्ता और रात की वैट पार्टी अलग से। वहीं हर वार्ड में ऐसे दिहाड़ी की संख्या कांग्रेस-भाजपा के पास 300 से 500 के करीब है। बात करें तीपहिया वाहनों में प्रचार की तो बैटरी चलित सभी तीपहिया बैनर-पोस्टर से पटी माइक में अपने प्रत्याशी की जीत के गीत गाती घूम रही हैं। हर वार्ड में प्रत्याशी प्रचार के लिए इन वाहनों की संख्या प्रति उम्मीदवार 5 से 10 और अधिकतम 25 हैं। इन्हें दिनभर का 3 से 350 रुपए में हायर किया जा रहा है। चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें से अधिकांश में निर्वाचन आयोग की मंजूरी का टैग नहीं लगा है। फिर सामुदायिक भवनों का दुरुपयोग, कितने कार्यालय संचालित हैं. कौन कितने झंडे-बैनर लगा रहा क्या खर्च कर रहा जैसे कई सवाल हैं जिसकी सटीक जानकारी अफसरों को नहीं पता।

भाजपा ने जलाया उप्तापदन प्रमाण पत्र की आदेश प्रतियां

■ **बोले तुगलकी फरमान में किसानों को पटवारियों से पत्र लेने काटना पड़ रहा चक्कर**

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने रविवार को प्रदेश सरकार के उस तुगलकी फरमान को जलाकर विरोध प्रदर्शित किया, जिसमें किसानों को पटवारियों से उत्पादन प्रमाण पत्र लाने के लिए कहा गया है।

भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष संदीप शर्मा, अमरजीत छाबड़ा, राजेश पांडे, अवधेश जैन, अनुराग अग्रवाल, उमेश घोरमोड़े, वंदना सिन्हा, अनिल पुरोहित आदि ने इस दौरान भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में सरकार के इस फरमान को काला आदेश बताकर जमकर नारेबाजी की और यह आदेश तत्काल वापस लेने की मांग की। किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष श्री शर्मा ने प्रदेश सरकार के नित -नए फरमानों को तुगलकी बताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की किसानों का पूरा धान खरीदने की नीयत ही नहीं है और इसलिए वह किसानों को लगातार परेशान कर रही है। श्री शर्मा ने कहा कि किसानों के हक की लड़ाई में भाजपा पूरी ईमानदारी से किसानों के साथ खड़ी है और पार्टी व मोर्चा के कार्यकर्ता कटिबद्ध होकर सरकार की बदनीयती के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि उत्पादन प्रमाण पत्र लाने के बाद ही किसानों को टोकन दिए जाने के मौखिक आदेश से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा और किसान फिर परेशान होंगे।

धान पर रोज नए नियम से हलाकान हैं किसान-भाजपा

■ **पूनम चंद्राकर बोले समितियों व पटवारियों को धमका रहे अफसर**

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष पूनम चंद्राकर ने धान खरीदी को लेकर शासन और प्रशासन के दोहरे आदेशों के मद्देनजर प्रदेश सरकार की नीयत पर हमला बोला है। श्री चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश सरकार पूरा धान खरीदने से बचने के लिए किसानों के साथ छलावा करके अपनी बदनीयती का प्रदर्शन कर रही है।

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों को रोज-रोज नए नियम बनाकर हलाकान कर रखा है। बेमेतरा

कलेक्टर के ताजातरीन आदेश का हवाला देते हुए श्री चंद्राकर ने कहा कि अब किसानों से उत्पादन प्रमाण पत्र मांगा जा रहा है और उसके बाद ही उन्हें टोकन दिया जाएगा। ऐसी स्थिति में किसानों को एक बार फिर पटवारियों के चक्कर काटने पड़ेंगे। एक बार पंजीयन होने के बाद यह एक और पंजीयन जैसा है जो न केवल गैर-जरूरी है, अपितु भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाला भी है। राजस्व अमले पर किसानों का रकबा कम करने और खाने व बीज के लिए धान घटाने के बाद प्रति एकड़ 10 क्विंटल धान खरीदी का दबाव बनाए जाने की जानकारी मिली है। श्री चंद्राकर ने उत्पादन प्रमाण पत्र जैसे तुगलकी फरमान को प्रदेश सरकार का 'काला आदेश' बताते हुए कहा कि सरकार और नौकरशाही के नित-नए नियमों ने समितियों के अध्यक्ष प्रबंधक, कम्प्यूटर ऑपरेटर्स व अन्य छोटे कर्मचारियों सहित पटवारियों को भी भयाक्रांत कर रखा है।

किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष श्री चंद्राकर ने कहा कि भाजपा ने इस काला आदेश की मुखालफत कर इस फरमान की प्रतियां जलाकर अपना विरोध जताया है। पार्टी किसानों के हक की सीधी सड़क की लड़ाई भी ज़ोरदार तरह से लड़ रही है, और आगे भी लड़ने को तैयार है।